रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 11 अक्टूबर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-52 मूल्य 3.00 ₹



माँ सिद्धिदात्री

# पंचतत्व में विलीन हुए अनमोल रतन, पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

पायनियर संवाददाता ◂ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

उद्योगपति रतन टाटा का मुंबई में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। वर्ली स्थित श्मशान घाट में उन्हें पंचतत्व में विलीन किया गया। कोलाबा स्थित टाटा के आवास से लेकर राष्ट्रीय प्रदर्शन कला संस्थान और फिर श्मशान घाट तक लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। उनके अंतिम दर्शन के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से लेकर राजनीतिक, कारोबारी, खेल, मनोरंजन जगत के कई बड़े नाम पहुंचे। बुधवार को 86 वर्ष की उम्र में उन्होंने मुंबई के अस्पताल में अंतिम सांस ली। महाराष्ट्र और झारखंड व गुजरात सरकार ने टाटा के निधन पर एक दिन के राजकीय शोक का ऐलान किया है। इससे पहले रतन टाटा के पार्थिव शरीर को दक्षिण मुंबई स्थित राष्ट्रीय कला प्रदर्शन केंद्र (एनसीपीए) में जनता के अंतिम दर्शन के लिए सुबह 10.30 बजे से अपराह्न 3.55 बजे तक रखा गया था जहां विभिन्न वर्गों के हजारों लोग उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे। टाटा समूह को विश्व स्तर पर प्रसिद्धि दिलाने का श्रेय रतन टाटा को दिया जाता है। उनका बुधवार रात शहर के ब्रीच कैंडी अस्पताल में 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया।



## अंतिम संस्कार पारसी परंपरा के अनुसार किया गया

शवदाह गृह में मौजूद एक धर्म गुरु ने बताया कि अंतिम संस्कार पारसी परंपरा के अनुसार किया गया। उन्होंने बताया कि अंतिम संस्कार के बाद दिवंगत उद्योगपति के दक्षिण मुंबई के कोलाबा स्थित बंगले में तीन दिन तक अनुष्ठान किए जाएंगे। मुंबई पुलिस ने उन्हें गार्ड ऑफऑनर दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल इस दौरान मध्य मुंबई स्थित शवदाह गृह में उपस्थित थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और अन्य नेता मुंबई में दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा के अंतिम संस्कार में मौजूद हैं। दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा का अंतिम संस्कार मुंबई के वर्ली श्मशान घाट पर राजकीय सम्मान के साथ किया। गुजरात सरकार ने रतन टाटा के सम्मान में बृहस्पतिवार को एक दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की है। रतन टाटा का बुधवार रात मुंबई में निधन हो गया था। राज्य सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, बृहस्पतिवार को गुजरात में सरकारी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और दिनभर कोई आधिकारिक कार्यक्रम नहीं होगा। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल मुंबई पहुंचे और टाटा को पुष्पांजलि अर्पित की, जिनके पार्थिव शरीर को लोगों के अंतिम दर्शन के लिए शहर के राष्ट्रीय प्रदर्शन कला केंद्र (एनसीपीए) में रखा गया है। एक बयान में पटेल ने टाटा के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि भारत ने अपना 'रत्न' खो दिया है और उनके निधन से एक ऐसा खालीपन पैदा हो गया है जिसे कभी नहीं भरा जा सकता। रतन टाटा के निधन पर पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने कहा, 'वो सादगी और विनम्रता के प्रतीक थे...उनकी सोच बहुत अच्छी थी...वो सबको कहते थे कि अगर उद्योग लगाना है या व्यापार करना है तो सबसे पहले राष्ट्रहित आपका होना चाहिए।

## क्विक न्यूज़

### मुर्मु ने देशवासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुर्मु ने अपने संदेश में कहा, दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर, मैं देश और विदेश में रह रहे सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। दुर्गा पूजा बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव है।देवी दुर्गा, शक्ति का अवतार मानी जाती हैं।

**श्री रावतपुरा सरकार**
ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स
फार्मेसी
बी.फार्मा, डी.फार्मा, एम.फार्मा
नर्सिंग
बी.एस.सी, पोस्ट बेसिक
बी.एस.सी, एम.एस.सी
7222910415/30

### सीएम साय ने उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर जताया शोक



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर किए अपने पोस्ट में कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छता, मानव कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में रतन टाटा के योगदान को भारतवासी सदैव याद रखेंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने देखी लाओस की रामायण

वार्ता ◂ वियेनतिएन
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लुआंग प्रबांग के प्रतिष्ठित रॉयल थिएटर द्वारा प्रस्तुत लाओस की रामायण का नाट्य रूपांतर 'फलक फलम या फ्रा लाक फ्रा राम' का एक एपिसोड देखा। रामायण महाकाव्य दोनों देशों के बीच साझा विरासत और सदियों पुरानी सभ्यता के संबंध को दर्शाता है। लाओस में सदियों से भारतीय संस्कृति और परंपरा के कई पहलुओं का अभ्यास और संरक्षण किया जाता रहा है। दोनों देश अपनी साझा विरासत को रोशन करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण लाओस में वट फू मंदिर और संबंधित स्मारकों के जीर्णोद्धार में लगा हुआ है। इस अवसर पर बैंक ऑफ लाओ पीडीआर के गवर्नर और वियनतिएन के मेयर उपस्थित थे। रामायण प्रदर्शन से पहले, प्रधानमंत्री ने लाओ पीडीआर के केंद्रीय बौद्ध फैलोशिप संगठन के वरिष्ठ बौद्ध भिक्षुओं के आशीर्वाद समारोह में भाग लिया, जिसका नेतृत्व वियनतिएन में सी साकेत मंदिर के प्रतिष्ठित मठाधीश महावेथ मसेनई ने किया। साझा बौद्ध विरासत भारत और लाओस के बीच घनिष्ठ सभ्यतागत संबंधों के एक और पहलू का प्रतिनिधित्व करती है।

## कांग्रेस ने की हरियाणा में हार के कारणों की समीक्षा

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस हरियाणा विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के झटके से उबर नहीं पा रही है, इसलिए चुनाव नतीजे आने के एक दिन बाद ही उसके शीर्ष नेताओं ने हार के कारणों की समीक्षा के लिए गहन विचार मंथन किया। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष तथा बैठक में मौजूद रहे पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय माकन ने बैठक के बाद यहां पत्रकारों को बताया कि सभी नेताओं ने गहन विचार विमर्श करके हार के कारणों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, पार्टी महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल, हरियाणा के लिए पार्टी के पर्यवेक्ष वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत , पार्टी के हरियाणा के प्रभारी दीपक बाबरिया तथा हरियाणा के लिए पार्टी सचिवों ने हिस्सा लिया। माकन ने कहा, सभी जानते हैं कि हरियाणा चुनाव के नतीजे अप्रत्याशित थे।

## नेकां विधायक दल के नेता चुने गये उमर, होंगे जम्मू-कश्मीर के अगले मुख्यमंत्री

वार्ता ◂ श्रीनगर
www.dailypioneer.com



नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना गया, जो जम्मू-कश्मीर में एक दशक में पहली निर्वाचित सरकार के गठन की दिशा में बड़ा कदम है। नेकां के नव-निर्वाचित विधायकों ने श्रीनगर में एक बैठक में भाग लिया, जिसके दौरान अब्दुल्ला के विधायक दल के नेता के रूप में चुनाव को मंजूरी दी गयी। नेकां उपाध्यक्ष ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, मुझे अपना नेता चुनने के लिए मैं पार्टी विधायकों का आभारी हूं। हमें चार निर्दलीय विधायकों का भी समर्थन मिला है और हम सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए अपने गठबंधन सहयोगी कांग्रेस से पत्र का इंतजार कर रहे हैं। अब्दुल्ला ने कहा कि कांग्रेस से पत्र मिलने के बाद वह सरकार गठन की तारीख तय करने के लिए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात करेंगे। विधायक दल की बैठक के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक अली मोहम्मद सागर ने घोषणा की कि श्री अब्दुल्ला को विधायक दल का नेता चुन लिया गया है।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवा रायपुर निवास कार्यालय में विधिवत कामकाज की शुरुआत की

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवा रायपुर सेक्टर 24 स्थित अपने निवास कार्यालय में विधिवत कामकाज की शुरुआत की। मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, पी. दयानंद और बसवराजु एस. ने उनका नए कार्यालय में स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कुछ महत्वपूर्ण फाइलों का अनुमोदन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री सचिवालय के अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## छत्तीसगढ़ को कर हस्तांतरण के मिले 6070 करोड़ रुपए

**रायपुर।** भारत सरकार ने छत्तीसगढ़ को कर हस्तांतरण के तहत 6070 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री साय ने केंद्र सरकार को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा है कि त्योहारों के मौके पर भारत सरकार द्वारा प्रदेशवासियों के लिए यह अनुपम उपहार है। इस राशि से राज्य के वित्तीय संसाधनों को मजबूत करने में मदद मिलेगी, जो विकास परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने में सहायक सिद्ध होगी। इससे जनकल्याण के कार्यों में भी तेजी आएगी। साय ने कहा कि डबल इंजन की हमारी सरकार छत्तीसगढ़ में लगातार प्रगति का मार्ग प्रशस्त कर रही है।

## सरकार ने 'हिज़्ब-उत-तहरीर' को 'आतंकवादी संगठन' घोषित किया

**नयी दिल्ली/वार्ता।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 'हिज़्ब-उत-तहरीर' को 'आतंकवादी संगठन' घोषित किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को यह जानकारी दी। श्री शाह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा,'आतंकवाद के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीरो टॉलरेंस की नीति का अनुसरण करते हुए, गृह मंत्रालय ने आज 'हिज़्ब-उत-तहरीर' को 'आतंकवादी संगठन' घोषित किया।' उन्होंने कहा कि यह संगठन आतंक के विभिन्न कृत्यों में शामिल है, जिसमें भोले-भाले युवाओं को कट्टरपंथी बनाकर आतंकवादी संगठनों में शामिल करना और आतंकी गतिविधियों के लिए धन जुटाना शामिल है। यह भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार आतंकी ताकतों से सख्ती से निपटकर भारत को सुरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन हेतु आरक्षण एवं परिसीमन समय पर करें : राज्य निर्वाचन आयुक्त



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

### स्थानीय निकायों के आम निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनावों की तैयारियों के संबंध में नवा रायपुर स्थित आयोग के कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं सामान्य प्रशासन विभाग के संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक में आगामी त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनावों की तैयारियों की समीक्षा की गई तथा चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिये गये। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन हेतु परिसीमन और आरक्षण की कार्यवाही समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परिसीमन और आरक्षण की प्रक्रियाएं समय पर निर्वाचन संपन्न कराने के लिए बेहद महत्वपूर्ण होती है। बैठक में त्रिस्तरीय पंचायतों के परिसीमन के संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक द्वारा परिसीमन एवं आरक्षण के संबंध में शासन स्तर पर कार्यवाही के संबंध में अवगत कराया गया कि परिसीमन और आरक्षण की कार्यवाही समय सीमा में संपन्न करा ली जावेगी। बैठक में त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 तथा भविष्य में होने वाले उप निर्वाचन के लिए अधिग्रहित किए जाने वाले वाहनों हेतु किराये का दर के निर्धारण, निर्वाचन में नियुक्त प्रेक्षकों के मानदेय, आगामी आम एवं उप निर्वाचन 2024-25 के लिए निर्वाचन संचालन हेतु नियोजित शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिये जाने वाले मानदेय दरे तथा वाहन किराये पर लेने हेतु भेजे गये प्रस्तावों जैसे अन्य विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में चुनाव से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की गई। जिसमें राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग आपसी समन्वय से काम करें, ताकि चुनाव के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। साथ ही कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि हर पात्र मतदाता अपने मताधिकार का सही तरीके से प्रयोग कर सके।




प्रिय शेयर धारक,

मुझे आपकी कंपनी, एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में आपको संबोधित करते हुए खुशी हो रही है। हमने अपनी यात्रा का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर प्राप्त कर लिया है। एनएसएल भारत के औद्योगिक कौशल का एक प्रमाण है, जो देश की इस्पात उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए इस्पात मंत्रालय की एक नीतिगत पहल का प्रतिनिधित्व करता है। 12 अगस्त, 2023 को कंपनी ने ब्लास्ट फर्नेस का अपना पहला ब्लो–इन किया और तीन दिनों के भीतर, 15 अगस्त, 2023 को हॉट मेटल का उत्पादन किया। एनएमडीसी स्टील लिमिटेड ने हॉट मेटल के उत्पादन के केवल 9 दिन बाद ही 24 अगस्त, 2023 को अपने अंतिम उत्पाद– एचआर कॉइल का उत्पादन किया। आगे की विकास यात्रा में, एनएसएल ने 226 दिनों के रिकॉर्ड समय में कुल मिलाकर एक मिलियन टन हॉट मेटल उत्पादन की उपलब्धि हासिल की।

उस महत्वपूर्ण घटना को अब एक वर्ष हो गया है और मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि 21 जुलाई, 2024 तक एनएसएल ने अपने ब्लास्ट फर्नेस से 1.5 मिलियटन टन हॉट मेटल का उत्पादन किया है। संयंत्र ने 11 अगस्त, 2024 को 1 मिलियन टन तरल इस्पात उत्पादन को पार कर लिया और 20 अगस्त, 2024 को एनएसएल ने कमीशनिंग के एक वर्ष के भीतर 1 मिलियटन टन एचआर कॉइल उत्पादन की उपलब्धि हासिल कर ली है।

संयंत्र ने 15 अगस्त, 2024 को 40 हीट, 6967 टन तरल इस्पात और 6519 टन एचआर कॉइल का उत्पादन दर्ज किया, जो एनएसएल में एक दिन में अबतक का सबसे अधिक उत्पादन है।

पिछले एक साल में, एनएमडीसी स्टील लिमिटेड ने उत्पादन बढ़ाने और संचालन को स्थिर करने में लगातार प्रगति की है। इस्पात संयंत्र की डिजाइन में पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने और संसाधन उपयोग को अभीष्टतम करने के लिए निरंतर कास्टिंग, पल्वराइज्ड कोल इंजेक्शन, कोक ड्राई क्वेंचिंग और टॉप रिकवरी टर्बाइन जैसी ऊर्जा–कुशल तकनीकों को एकीकृत किया गया है। सतत विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता शून्य तरल निर्वहन प्रणाली, पुनर्चक्रण पहल और अपशिष्ट ऊष्मा पुनर्प्राप्ति विकल्पों को अपनाने में प्रतिबिम्बित होती है। अपनी प्रक्रियाओं को अनुकूलित करने, दक्षता बढ़ाने और उच्च सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करके, हमने उत्पादन के सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सुधार किए हैं, नए मानक स्थापित किए हैं और अपने प्रारंभिक लक्ष्यों को निर्धारित समय से पहले प्राप्त किया है।

**वित्तीय एवं भौतिक प्रदर्शन**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में एनएसएल ने भौतिक उत्पादन के मामले में प्रभावशाली उपलब्धियां प्राप्त कीं। यह देखते हुए कि एनएसएल ने 31 अगस्त, 2023 को वाणिज्यिक परिचालन प्रारम्भ किया था, कंपनी ने 7 महीनों की अवधि के भीतर 4.94 लाख टन हॉट रोल्ड कॉइल का उत्पादन हासिल किया । हॉट रोल्ड कॉइल्स की बिक्री प्रभावशाली रूप से 3.52 लाख टन दर्ज की गई, जिससे कंपनी को कुल 3,049 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कंपनी को रु. 2,201 करोड़ रुपये की हानि हुई और कंपनी ने रु. 1,226 करोड़ का पूंजीगत व्यय किया।

एनएसएल ने अगस्त 2024 में एक महीने में सबसे अधिक उत्पादन दर्ज किया जिसमें हॉट मेटल का उत्पादन –1.70 लाख टन, तरल इस्पात–1.30 लाख टन और एचआर कॉइल–1.25 लाख टन रहा । हमने 24 मई, 2024 को पी. सी. आई. का संचालन सफलतापूर्वक शुरू किया है और पहली बार एलपीजी ग्रेड स्टील शीट का उत्पादन किया है, जो विशेष इस्पात उत्पादों के बाजार में हमारे प्रवेश की शुरुवात है। हमने ओईएम से ऑर्डर लेना शुरू कर दिया है और विशेष इस्पात के अनुकूलित ग्रेड विकसित कर रहे हैं, जिसमें उच्च शक्ति, कम अलॉय धातु वाला इस्पात शामिल है, जिसका हमारे ग्राहकों द्वारा स्वागत किया गया है।

एनएसएल ब्रेक–इवेन की दहलीज पर है। वर्तमान में, हम लगभग 1.25 लाख टन एचआर कॉइल का उत्पादन कर रहे हैं, जो मासिक आधार पर हमारे ब्रेक–ईवन स्तर से थोड़ा कम है। आगे हम लगातार अपने उत्पादन को बढाते हुए 2.1 लाख टन हॉट मेटल और 1.50 लाख टन एचआर कॉइल का मासिक आधार पर उत्पादन करने की योजना बना रहे हैं। हमें विश्वास है कि हम वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में इस लक्ष्य तक पहुंच जाएंगे।

**एक मजबूत नींव का निर्माण**

जब हम पिछले वर्ष पर विचार करते हैं, यह स्पष्ट है कि एक इस्पात संयंत्र को कमीशन करना और संचालित करना चुनौतीपूर्ण और लाभप्रद दोनों ही है। प्राप्त अनुभवों और सबक ने हमारी निरंतर सफलता के लिए एक मजबूत नींव स्थापित की है। अब हमारा ध्यान इन अंतर्दृष्टि का लाभ उठाने पर होगा ताकि भविष्य में और सुधार किए जा सकें, परिचालन दक्षता बढ़ाई जा सके और उच्च सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों को बनाए रखा जा सके।

**कॉर्पोरेट गवर्नेंस**

एनएमडीसी स्टील लिमिटेड कॉर्पोरेट गवर्नेंस के सर्वोच्च मानकों का पालन करता है, जिसका उद्देश्य शेयरधारकों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, लेनदारों, भारत सरकार, राज्य सरकारों, सरकारी एजेंसियों/विभागों और बड़े पैमाने पर समाज सहित सभी हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्यों का सृजन करना है। कंपनी अपने व्यवसाय को नैतिकता और जिम्मेदारी से संचालित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो जवाबदेही, पारदर्शिता, निष्पक्षता और प्रभावी हितधारक प्रबंधन के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित है।




**भविष्य की ओर- सतत विकास की राह पर**

जैसे–जैसे हम आगे बढ़ेंगे, हम परिचालन उत्कृष्टता, रणनीतिक विकास और स्थिरता पर जोर देते रहेंगे। प्रबंधन निरंतर सुधार, नवाचार और सभी हितधारकों के लिए मूल्य सृजन पर ध्यान केंद्रित करते हुए एनएसएल के लिए भविष्य की योजना तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम पर्यावरण और अपने सेवा क्षेत्र के समुदायों के प्रति जिम्मेवार रहते हुए दीर्घकालिक विकास को बढ़ावा देने के लिए समर्पित हैं। अंत में, मैं अपनी समर्पित टीम, मेकॉन और प्रौद्योगिकी भागीदारों, शेयरधारकों, बैंकरों, ऋणदाताओं, आपूर्तिकर्ताओं और ग्राहकों को एनएमडीसी स्टील लिमिटेड में उनके निरंतर समर्थन और विश्वास के लिए अपना आभार व्यक्त करना चाहूंगा। मैं इस्पात मंत्रालय, वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और भारत सरकार के अन्य विभागों और छत्तीसगढ़ राज्य सरकार से प्राप्त सहायता, सहयोग और मार्गदर्शन के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूं।

इस रोमांचक यात्रा पर आगे बढते हुए, मुझे विश्वास है कि कंपनी निरंतर मजबूत होगी और नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी।

जय हिंद,

**अमिताभ मुखर्जी**
सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार)
एनएमडीसी स्टील लिमिटेड

*27 सितंबर, 2024 को आयोजित एनएसएल की 9वीं एजीएम में सीएमडी के भाषण के अंश।*

एनएमडीसी स्टील
NMDC STEEL

रजि. कार्यालयः खनिज भवन 10–3–311/ए, कैसल हिल्स, मासाब टैंक, हैदराबाद–500028, भारत. www.nmdc.co.in
/nmdclimited

# विधायक इंद्र साव के प्रयास से भाटापारा राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ा

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

भाटापारा अब राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ जायेगा, इसके लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है, विधायक इंद्र साव के द्वारा 2 माह पूर्व ही दिए गए प्रस्ताव पर स्वीकृति मिलने पर विधायक साव ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त किया है,वही अंचलवासियों ने जनहित के मामले को उठाने पर विधायक इंद्र साव का आभार जताते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया है। विदित हो कि लगभग 2 माह पूर्व 30 जुलाई को विधायक इन्द्र साव ने दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर बलोदा बाजार-भाटापारा-लिमतरा 45किमी मार्ग को राष्ट्रीय राज मार्ग से जोड़ने बाबत एक मांग पत्र दिया था। केंद्रीय मंत्री ने विधायक की मांग पर सहानुभूति दिखाते हुए उनके मांग पत्र की जांच रिपोर्ट पर कार्यवाही करने संबंधित विभाग के अधिकारियों को 13 अगस्त को पत्र लिखा था और विधायक इंद्र साव के मांग पत्र की जांच रिपोर्ट आने के पश्चात केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने विधायक इंद्र साव से मिले प्रस्ताव पर अपनी मुहर लगाते हुए रतनपुर, लोरमी, मुंगेली, नांदघाट भाटापारा होते बलोदाबाजार तक की लगभग 135 किमी सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने की सैद्धांतिक मंजूरी देते हुए इसके लिए करोड़ों रुपए की स्वीकृति भी प्रदान कर दी है।

**विधायक के प्रस्ताव को केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने दी स्वीकृति**




विधायक इंद्र साव ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को बताया था की छत्तीसगढ़ के जिला-रायपुर से जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा तक फोरलेन सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने से क्षेत्र की जनता में काफी हर्ष व्याप्त है वही साव ने उक्त मार्ग की स्वीकृति का विस्तार जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा से लेकर रायपुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राज मार्ग 45 किमी नांदघाट तक फोरलेन सड़क निर्माण कार्य को बढ़ाने से इस क्षेत्र के अधौगिक, व्यवसायिक क्षेत्र के साथ साथ आम नागरिकों को भी छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहरों व प्रदेश के अन्य स्थानों तक सुगम सड़क आवागमन करने में सुविधा होगी। विधायक साव ने केंद्रीय मंत्री को यह भी बताया था की बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में सीमेंट निर्माण एवं स्पंज आयरन सहित लगभग 511 विभिन्न प्रकार के छोटे बड़े उद्योग स्थापित है, जिनसे निर्मित एवं उत्पादित वस्तुएं प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों तक भारी वाहनों से सड़क मार्ग से भेजे जाते है और इस मार्ग पर रोजाना हजारों की संख्या में भारी वाहन (ट्रके) चलते है, जिसके फलस्वरूप भारी माल वाहनों के आवागमन से सड़को की हालत निरंतर जर्जर होते रहती है।उपरोक्त समस्या के स्थाई निदान हेतु उक्त फोरलेन सड़क निर्माण कार्य की अत्यंत आवश्यकता बताई थी। विधायक के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने से क्षेत्र की जनता में अपर हर्ष है। विधायक इंद्र साव ने 2 माह के भीतर ही जनता से जुड़े इस मांग को पूर्ण करने पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के प्रति कृतज्ञता जाहिर करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है। वहीं भाटापारा को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने की मांग पूरी होने पर पूरे विधानसभा ही नहीं बलोदा बाजार,मुंगेली जिले के वासियों में भी अपार खुशी है। अंचल की जनता ने इस महत्वपूर्ण मांग को केंद्रीय मंत्री तक रखने और उसे पूरा कराने के लिए विधायक इंद्र साव के धन्यवाद दिया है तथा केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## भाजपा की जीत की खुशी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया



**मनेन्द्रगढ़।** हरियाणा विधान सभा चुनाव में भाजपा की जीत की खुशी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाईया खिलाकर और आतिश बाजी कर जश्न मनाया। नगर पंचायत स्थित अटल चौक पर बीजेपी समर्थक ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर और सड़कों पर आतिशबाजी कर जश्न मनाया। भाजपा नेता महेंद्र चंदेल ने कहा कि विपक्षी द्वारा बीजेपी को प्रताड़ित करने का काम हरियाणा में किया जा रहा था। परंतु हरियाणा की जनता ने दिखा दिया कि भारत के प्रत्येक कोना में भगवा का लहर जारी है। विकास का जो रथ लेकर हमारे प्रधानमंत्री चले है सबका साथ सबका बिकास उस पर मोहर लगाने का काम हरियाणा की जनता ने किया है। इस मौके पर महेंद्र चंदेल, सुनील पांडेय, गुलाब यादव, राकेश मंडल आक्रांत पांडेय, देव बहादुर सिंह, विमल जैन समेत भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नायब तहसीलदार निशा वर्मा माँ दुर्गा का आशीर्वाद लेने पहुँची, समिति के सदस्यों ने स्वागत कर विधिवत दर्शन कराए





पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com

कसडोल विधानसभा के नगर पंचायत लवन के बस स्टैंड स्थित गोपिका महिला दुर्गोत्सव समिति द्वारा स्थापित जगत-जननी माँ दुर्गा प्रतिमा का दर्शन लाभ प्राप्त करने संवेदनशील नायब तहसीलदार लवन निशा वर्मा भी बुधवार 9 अक्टूबर को संध्या आरती के समय पहुँची रही। जहां गोपिका महिला समिति के सदस्यों ने नायब तहसीलदार को माँ दुर्गा का विधिवत पूजा अर्चना कराने में सहयोग प्रदान किये। इसके अलावा महाआरती में भी शामिल होकर सौभाग्य लाभ के साक्षी बने। आपको बताते चलें कि लवन के बस स्टैंड स्थित माँ दुर्गा का स्थापना में आसपास मोहल्ले के महिलाओं ने श्रद्धा भक्ति का अटूट विश्वास का परिचय देते हुए आपस में चंदा एकत्रित कर विशाल पुनीत कार्य का मिशाल पेश किए गए हैं, जो पूरे नगर पंचायत लवन में प्रेरणा का प्रतिबंध बना हुआ है। विगत महीने भर के कड़ी मेहनत के बाद महिलाओं ने माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया गया था जिसके फलस्वरूप यह भव्य नजारा सबको देखने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। इस सम्बंध में दर्शन के बाद नायब तहसीलदार निशा वर्मा ने पत्रकार गोलू कैवर्त को बताया कि माता का दर्शन लाभ प्राप्त करने के बाद बहुत अच्छा लगा, गोपिका महिला समिति के बहनों का योगदान सराहनीय है। मातारानी गोपिका महिला समिति के बहनों को प्रत्येक वर्ष माँ जगत जननी को विराजमान कराने का आशीर्वाद प्रदान करे यही शुभकामनाएं देती हूं कि बात अंत में नायब तहसीलदार वर्मा ने पत्रकार को चर्चा के दौरान कहा। वहीं समिति के सदस्यों में गायत्री साहू, संतोषी साहू, थलिया साहू, रमेश्वरी साहू, सीमा साहू, डिगेश्वरी साहू, राधा धीवर, उर्मिला साहू, शकुंतला साहू, मेनका धीवर, अंजली धीवर, तिलोत्तमा साहू, उषा साहू, चेतना साहू, सहोदरा साहू, प्रभा साहू सहित सभी लोगों ने बताया कि सभी बहनों के आपसी सहयोग, पारा मोहल्ले वासियों का आर्थिक योगदान सहित नगर वासियों का भी विशेष सहयोग के बदौलत इतना बड़ा पुनीत कार्य को कर पाए हैं। बिन माँ दुर्गा के आशीर्वाद से यह कार्य सम्भव नहीं हो पाता जो आयोजन देख रहे हैं वह माँ जगदम्बा की विशेष कृपा से ही हुआ है। सभी ने आगे बताया कि आने वाले समय में सभी का साथ सहयोग मिलेगा तो निश्चित ही फिर से माँ दुर्गा को अगली नवरात्र में स्थापित करने का पुनीत कार्य करेंगे।

## राज्यपाल डेका माना में दुर्गा पूजा उत्सव में शामिल हुए

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्यपाल रमेन डेका माना कैम्प और माना बाजार के दुर्गा पूजा उत्सव में शामिल हुए। डेका ने सर्वप्रथम माना कैम्प में महाकाली मंदिर में दर्शन एवं पूजा अर्चना की, वहां स्थापित दुर्गा पंडाल में जाकर पूजा अर्चना की तथा पुष्पांजलि अर्पित कर देश एवं प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उसके पश्चात् राज्यपाल डेका, माना बाजार में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के पंडाल गए एवं दुर्गा माता की प्रतिमा का दर्शन कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर प्रथम महिला रानी डेका काकोटी एवं क्षेत्र के विधायक मोतीलाल साहू सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में चैतन्य देवियों की झांकी का आयोज



**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ में चैतन्य देवियों की झांकी का आयोजन 07 से 11 अक्टूबर 2024 तक किया गया। देवियों की झांकी अवलोकन करने भाटापारा एस.डी.एम. नितिन तिवारी, एस.डी.ओ.पी. ऐश्वर्य चंद्राकर, नायब तहसीलदार अभिषेक अग्रवाल। पहुंचे साथ ही साथ अलग-अलग दिन शहर के पत्रकारों की टीम, डॉक्टर्स, बिजनेसमैन,एवं भाटापारा शहर के प्रतिष्ठित नगर प्रमुख भी अपने परिवार सहित झांकी का अवलोकन करने पहुंचे। साथ ही साथ पूरे नगर के भक्त लोगो की भीड़ शाम 7.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक हर रोज लगी रहती हैं। विशेष कुंभकरण की झांकी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। यहाँ चैतन्य देवियों की झांकी का दर्शन के साथ साथ इनका आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी भी भाई एवं बहनों के द्वारा सभी लोगो को समझाया जा रहा है।

# क्षेत्रीय सरस मेला-2024 का आयोजन 12 से 19 अक्टूबर तक लालबाग मैदान में

**क्षेत्रीय सरस मेला का 12 अक्टूबर को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और वनमंत्री केदार कश्यप करेंगे उद्घाटन**

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

क्षेत्रीय सरस मेला-2024 का आयोजन 12 से 19 अक्टूबर तक जगदलपुर शहर के लालबाग मैदान में किया जा रहा है। क्षेत्रीय सरस मेला 2024-बस्तर का उद्घाटन समारोह 12 अक्टूबर सुबह 11 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री एवं गृह, जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान व प्रौद्योगिकी मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता एवं संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप और कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में बस्तर सांसद महेश कश्यप, विधायक जगदलपुर किरण देव, विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, विधायक बस्तर लखेश्वर बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, महापौर सफिरा साहू उपस्थित रहेंगी। कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में आयोजित इस सरस मेले में कई आकर्षक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक कबड्डी, वॉलीबॉल, रस्सा-कस्सी और खो-खो जैसे खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इसके साथ ही संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोक नृत्य दलों और स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। मेले में विभिन्न विभागों की योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी के साथ-साथ स्व-सहायता समूहों के उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जो मेले का एक और खास आकर्षण होगी। क्षेत्रीय सरस मेला बस्तर के ग्रामीण और सांस्कृतिक धरोहरों को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय उत्पादों को व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा।

## प्रधानमंत्री आवास पूर्ण करने एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के सफल क्रियान्वयन हेतु लगाया गया चौपाल

**सूरजपुर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी कमलेश नंदिनी साहू के द्वारा जनपद पंचायत ओड़गी अंतर्गत ग्राम पंचायत अवंतिकापुर एवं ग्राम पंचायत कुबेरपुर में आवास चौपाल लगाकर आवास हितग्राहियों को समय-सीमा में आवास पूर्ण करने हेतू निर्देशित किया गया एवं कम समय में आवास पूर्ण करने वाले हितग्राहियों को सीईओ कमलेश नंदिनी साहू के हाथों प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया कराया गया। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने, सूखा कचरा, गीला कचरा, प्लास्टिक प्रतिबंधित करने व एसएलआरएम शेड में साफ सफाई करने के लिए निर्देश दिया गया। तत्पश्चात सीईओ के द्वारा उप जनपद कैंप बिहारपुर के पंचायत भवन में बिहारपुर सेक्टर के अंतर्गत आने वाले 25 ग्राम पंचायतों के सचिव एवं रोजगार सहायकों का आवास, स्वच्छ भारत मिशन के निर्माण कार्यो का समीक्षा बैठक लिया गया। जिसमें समय-सीमा में आवास, एलएलआरएम शेड, सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य को पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया गया। बैठक में उपस्थित जनपद पंचायत ओडगी के सीईओ, मनरेगा पीओ, पीएमएवाई, तकनीकी सहायक, एसबीएम क्लस्टर समन्वयक, आरईएस सब इंजीनियर व मनरेगा तकनीकी सहायक उपस्थित रहे।

## बंग समाज नारायणपुर द्वारा डीएनके कालोनी में भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com



प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शरद काल के मध्य भाग में जगत जननी श्री श्री मां दुर्गा देवी का आव्हान डी.एन.के.कालोनी नारायणपुर में किया गया है। श्री श्री दुर्गा पूजा समिति डी.एन.के.कालोनी नारायणपुर के अध्यक्ष संजय राय एवं सचिव नितेश गोस्वामी ने बताया कि 8 अक्टूबर से प्रारंभ श्री श्री शारदीय दुर्गा पूजा उत्सव डी.एन.के. कालोनी में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। 12 अक्टूबर तक श्री श्री दुर्गा पूजा ,16अक्टूबर को श्री श्री लक्ष्मी पूजा एवं 31 अक्टूबर को श्री श्री श्यामा काली पूजा का आयोजन श्री श्री दुर्गा पूजा समिति द्वारा किया जा रहा है। समिति के उपाध्यक्ष श्री कार्तिक नंदी एवं कार्तिक कर्मकार, कोषाध्यक्ष जयदेव मल्लिक तथा कार्यकारी अध्यक्ष अमित भद्र ने बताया कि 11 अक्टूबर महाअष्टमी पूजा के दिन दोपहर 12 बजे से महाभोग प्रसाद ,भंडारा का आयोजन किया गया है। प्रतिदिन संध्या आरती एवं उद्घोषणा अनुसार सास्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। श्री श्री दुर्गा पूजा समिति डी.एन.के.कालोनी के पदाधिकारियों, महिला मंडल, युवा समिति एवं बंग समाज ने समस्त भक्तजनों से अपील की है कि इष्ट मित्रो सहित पधारकर देवी मां की पूजा अर्चना में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करें। ज्ञात हो कि बंग समाज नारायणपुर द्वारा 1982 से लगातार डीएनके कालोनी में श्री श्री दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है।

## दीपावली त्यौहार में पटाखा दुकानों के संचालन को लेकर जारी की गई एडवाइजरी

पायनियर संवाददाता < सूरजपुर
www.dailypioneer.com

जिले में संचालित समस्त स्थायी व अस्थायी पटाखा दुकानों में आग से बचाव एवं सावधानी के लिये नगर सेना अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ मुख्यालय नवा रायपुर द्वारा एडवाइजरी जारी किया गया है। जांच के दौरान इन तय किए गए नियमों का पालन नहीं करने पर छ.ग. अग्निशमन आपातकालीन सेवा अधिनियम 2018 व छत्तीसगढ़ एवं आपातकालीन नियमावली 2021 के तहत कार्यवाही किया जायेगा। नगर सेना अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ मुख्यालय नवा रायपुर द्वारा जारी एडवाइजरी इस प्रकार हैं कि पटाखा दुकान किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे, कपडा, बांस, रस्सी, टेंट इत्यादि का न होकर अज्वलनशील सामग्री से बने टिन (शेड) द्वारा निर्मित होना चाहिए। पटाखा दुकान एक दूसरे से कम से कम तीन मीटर की दूरी (साईड) पर एवं एक दुसरे के सामने न बनाई जाएं। पटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार के तेल का लैंप, गैस लैंप एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबंधित होना चाहिये। किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित होना चाहिए। विद्युत तारों में ज्वाइंट खुला नहीं होना चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए, जिससे शार्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बन्द हो जाए। दुकानो ट्रांसफार्मर के पास न हो और उनके ऊपर से हाई टेंशन पावर लाईन न गुजरती हो। प्रत्येक पटाखा दुकान में 05 किग्रा. क्षमता का डीसीपी अग्निशामक यंत्र होना चाहिए। इसकी मारक क्षमता 6 फिट की होती है। दुकानों के सामने कुछ अंतराल में 200 लीटर क्षमता के पानी के ड्रम की व्यवस्था बाल्टियों के साथ होनी चाहिए। पटाखा सुपर हीरो के सामने बाइक व कार की पार्किंग पर प्रतिबंध होना चाहिए। अग्निशमन विभाग एवं एम्बुलेंस का फोन नम्बर, दुकान परिसर के कुछ स्थानों में लगाया जाए। अग्निशमन वाहन के मूवमेंट के लिए पर्याप्त स्थान होना चाहिए।

## झोला छाप डाक्टर के खिलाफ कारवाई




**भाटापारा।** भाटापारा तहसील अंतर्गत ग्राम तरेगा में झोला छाप डॉक्टर के क्लिनिक में राजस्व विभाग पुलिस विभाग स्वास्थ विभाग द्वारा छापा मारा गया। डॉक्टर के पास कोई डिग्री नहीं पाया गया। दवाइयों की लिस्ट तैयार किया गया। तत्पश्चात क्लिनिक सील किया गया। वही अनुविभागीय राजस्व अधिकारी द्वारा आगे भी झोला छाप डाक्टरों के खिलाफ कारवाई किये जाने की बात कही गई

# नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने राज्यपाल को लिखा पत्र

**प्रदेश मे 1000 करोड़ से अधिक मूल्य के धान की क्षति। जिम्मेदारो पर कार्यवाही करें : डॉ महंत**

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने राज्यपाल के नाम पत्र मे लिखा है कि, छत्तीसगढ़ के लाखों किसानों के द्वारा परिश्रमपूर्वक खरीफ सीजन - 2023 में उत्पादित धान का समर्थन मूल्य पर उपार्जन राज्य सरकार के खाद्य विभाग की व्यवस्थानुसार किया गया था, उपार्जन की मात्रा 144 लाख 12 हजार मैट्रिक टन थी। समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की मीलिंग करके चावल तैयार किया जाता है और राज्य की आवश्यकता के लिए चावल राज्य में रखकर अतिरिक्त चावल भारतीय खाद्य निगम को दिया जाता है। मीलिंग पूर्ण होने में पर्याप्त समय लगता है। इस अवधि में धान की सुरक्षा एवं रखरखाव का उत्तरदायित्व राज्य सरकार का होता है। 02 सितम्बर 2024 की स्थिति में यह पाया गया कि कुल 25 लाख 93 हजार 880 क्विंटल धान की मीलिंग नहीं हो सकी थी। आगे पड़ताल करने पर यह पाया गया कि, उक्त मात्रा में से 4 लाख 16 हजार 410 क्विंटल धान तो विभिन्न खरीदी केन्द्रों पर शेष बताया जा रहा है तथा 21 लाख 77 हजार 470 क्विंटल धान छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ के विभिन्न संग्रहण केंद्रों पर शेष बताया जा रहा है। इसका प्रमाण संलग्न है। इस शेष धान की स्थिति का प्रारंभिक तौर पर मुआयना करवाने पर यह पाया गया कि खरीदी केन्द्रों पर जो धान रिकार्ड में शेष दिख रहा है वहां धान है ही नहीं। इसी प्रकार संग्रहण केन्द्रों पर शेष धान जो खुले आसमान के नीचे कैप कव्हर के अंदर भंडारित किया गया था, वह भी बहुत खराब स्थिति में है तथा उसका चावल बनाने पर भी मानव के खाने योग्य नहीं होगा। इस गंभीर विषय पर दिनांक 03 सितम्बर 2024 को प्रेस कांफ्रेंस करके मैंने आरोप लगाए थे, परन्तु आज तक राज्य सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। राज्य सरकार की चुप्पी आरोपों की पुष्टि कर रही है। यह विशेष रूप से उल्लेखनीय तथ्य है कि राज्य के 33 जिलों में से 11 जिलों के खरीदी केन्द्रों में धान की शेष मात्रा शून्य है, अर्थात् इन 11 जिलों में धान खराब नहीं हुआ तो फिर अन्य 22 जिलों में भी ऐसी ही स्थिति क्यों नहीं रही। 33 जिलों में से केवल 6 जिलों के संग्रहण केन्द्रों में धान का बड़ी मात्रा में भंडारण किया गया था और इन सभी 6 जिलों में धान खराब हुआ है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि, कुल 25 लाख 93 हजार 880 क्विंटल धान, जिसका लागत मूल्य रू. 4000.00 प्रति क्विंटल की दर से 1037 करोड़ 55 लाख रूपये होता है, खराब हो चुका है। यह एक बड़ी क्षति है, जो धान के सुरक्षा और रखरखाव में घोर उपेक्षा के कारण हुई है। छत्तीसगढ़ राज्य का गठन होने के पश्चात् इतनी बड़ी मात्रा में धान कभी भी खराब नहीं हुआ था, विष्णुदेव साय की सरकार के कार्यकाल के पहले वर्ष में ही ऐसा होना सुशासन के दावे को झूठा सिद्ध कर रहा है। सामान्यतया तो इस क्षति के लिए खाद्य विभाग तथा सहकारिता विभाग और कलेक्टर उत्तरदायी हैं, परन्तु इस क्षति हेतु विशिष्ट उत्तरदायित्व का निर्धारण किया जाना राज्य की जनता के व्यापक हित में आवश्यक है। नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने राज्यपाल से आग्रह करते हुए कहा है कि, इस पुरे प्रकरण की जांच कराने तथा उत्तरदायित्व निर्धारित करने के लिए अपने स्तर से समुचित कार्यवाही करें।

# जिले में फिर हिन्दू आस्था के साथ खिलवाड़, लवन थाने में प्राथमिकी दर्ज

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com



जिला बलौदाबाजार भाटापारा के लवन थाना अंतर्गत ग्राम तिल्दा के रहने वाले ललित कुमार केंवट पिता महेतर केंवट ने अपने घर के पास के ही भगवान शिव के मंदिर में शिवलिंग के समीप प्रतिष्ठित नंदी को तोड़कर गायब करने की रिपोर्ट लवन थाने में दर्ज कराई है उन्होंने बताया कि 9 सितंबर की बीती रात तकरीबन 1-2 बजे के बीच कुछ तोड़ने या मार करने की आवाज आई जिसे सुनकर मेरा छोटा भाई घर से बाहर मंदिर की तरफ आया। वहाँ उसने देखा की मंदिर से नंदी की प्रतिमा गायब है, जिसकी जानकारी उसने मुझे दी मैं वहाँ जाकर देखा तो नंदी की प्रतिमा नही थी पूरे गांव को प्रातः इसकी जानकारी हुई जिसकी सूचना बजरंगदल कार्यकर्ताओं ने प्रखंड संयोजक विनय धींवर को दी वो और लवन निवासी बजरंगदल जिला सहसंयोजक विजय साहू ने ग्राम तिल्दा पहुंचकर मंदिर का निरीक्षण किया उन्होंने तत्काल विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी और जिला मंत्री राजेश केशरवानी को स्थिति से अवगत कराया। उनके मार्गदर्शन में गांव के युवाओं ने विहिप बजरंगदल कार्यकर्ताओं के साथ लवन थाने पहुंचकर वहाँ उपस्थित थाना प्रभारी को आवेदन देकर उक्त सम्बन्ध में दोषियों पर प्राथमिकी दर्ज कर अज्ञात असमाजिक अधर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की मांग की। आवेदन के आधार पर ललित केंवट का बयान पर थाने में अज्ञात लोगों के विरुद्ध चोरी एवं धार्मिक भावनाएं आहत करने की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर प्रशासन द्वारा जल्द अज्ञात आरोपियों को पकड़ने का भरोसा दिलाया गया। उक्त मामले में विहिप जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने कहा कि पूरे प्रदेश में कुछ राष्ट्रविरोधी संगठनों असमाजिक तत्वों द्वारा जानबूझकर हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ कर धार्मिक भावनाएं भड़काने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। जिला बलौदाबाजार भाटापारा में ही पिछले 3-4 महीनों में ये हिन्दू देवी देवताओं की प्रतिमा खंडित करने का एक दर्जन से ऊपर के मामले सामने आ चुके हैं। प्रदेश भर में सनातन विरोधी गतिविधियों में संलिप्त लोगों को चिन्हित कर दंडात्मक कार्यवाही की आवश्यकता है अन्यथा पुनः कोई बड़ी साजिश को विधर्मियों सनातनद्रोहियों द्वारा अंजाम दिया जा सकता है जिले के साथ प्रदेश भर में सनातन धर्म का दुष्प्रचार करने वाले अधर्मियों विधर्मियों तथा अन्य मत पंथ सम्प्रदाय के दलालों पर नकेल कसना और उनपर सख्ती करना बहुत जरूरी हो गया है। जिससे ऐसी हिन्दू विरोधी घटनाओं नफ़रत फैलाने वालों को रोका जा सके।

# माता के दर्शन के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े बड़ेडोंगर







पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com

बस्तर की आराध्य मां दंतेशनवरी की नगरी एवं काकतीय राजाओं की संस्कारधानी नगरी बड़ेडोंगर में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी शरदीय नवरात्रि का उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। देवी प्रतिमा के समक्ष श्रद्धालुओं द्वारा आस्था का हजारों दीप प्रज्वलित किया गया। गांव के शिव कुमार पात्र, चुन्नीलाल राणा, गणेश प्रधान और पंडित दयाशंकर तिवारी इस पारंपरिक रीति-रिवाजों के बारे में कहते हैं कि, इस मंदिर में रियासत कालीन परंपराओं को संजोए हुए नवरात्रि के प्रथम दिवस संध्या को जोगी बिठाई के पश्चात अनवरत नौ दिनों तक पूजा-पाठ, भजन-कीर्तन हुआ। पंचमी को विशेष पूजा, दुर्गाष्टमी को हवन एवं रात्रि को बांडा बाघ स्थल पर बोनालुट (निशा जतरा) रस्म, महा नवमी को कुंवारी पूजन संपन्न होता है। इसी दिन भोग-भंडारे के पश्चात पुजारी अपने सहयोगियों के साथ निशा जात्रा बोनालुट के फूल प्रसाद को लेकर बस्तर दशहरा के भीतर रैनी रस्म में भाग लेने जगदलपुर प्रस्थान करेंगे। इस नवरात्रि में दंतेश्वरी माता के मंदिर के अलावा शीतला माता, भंगाराम मंदिर, रनवीर मंदिर, एवं भोलेनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना दीपक प्रज्वलित किए गए है।

**जोगी बिठाई की परंपरा पूर्वजों से चली आ रही है**

अध्यात्म नगरी बड़ेडोंगर में जोगी बिठाई की रस्म अदा की गई मंदिर समिति के द्वारा दंतेश्वरी मंदिर में पुजा अर्चना पश्चात विधि विन से कन्हारगाँव के नेताम परिवार के मनसा राम को जोगी के रूप में बैठाया गया। मंदिर परिसर से एक किलोमीटर दूर मंदिर के मुख्य द्वार पर स्कुल के समीप एक खुले कमरे में 9 दिनों तक उपवास रखकर क्षेत्र की खुशहाली और मंगल कामना के लिए निस्वार्थ भाव से भक्ति में लीन होकर कन्हारगाँव के नेताम परिवार के मनसा राम जोगी स्वरुप में लगातार 12 वर्षो से बैठते आ रहे है जोगी बैठाई की परम्परा पूर्वजो से चली आ रही हैं जिसका निर्वाह करते आ रहे है नेताम परिवार को अपनी चार पीढ़ियों के लोगो की जानकारी है जिसमे पीलु जोगी, दादा जोगी, गुमान जोगी, अमरु जोगी, अमर सिंह जोगी, जेठु जोगी ये सभी जोगी के रूप में बैठते रहे है। जोगी बैठने के बारे में क्या मान्यता है इसकी जानकारी जोगी परिवार को नहीं है पर पुर्वज शारदीय नवरात्र में छोटे से गड्डे में जोगी रूप में बैठते रहे हैं इसी विधान को माता के आर्शीवाद से वे निरंतर बनाये हुए है। कन्या भोज के पश्चात जोगी उठाई की परम्परा मंदिर समिति के द्वारा की जाती है जिसकी पुरी व्यवस्था मंदिर समिति, ग्रामीणों और पुजारियो द्वारा की जाती है।

**परंपरागत तरीके से पूर्ण विधि-विधान पूर्वक होता है मां की पूजा अर्चना**

**पौराणिक परंपराओं के अनुसार आज भी पांच नाईकों का होता है। सम्मान**

बस्तर दशहरा पर्व में नेंग हेतु नेंगकारियों का विशेष महत्व होता हैं उसी प्रकार बस्तर के इतिहास में पांच नाईक का भी महत्व है। इसकी साक्षात विवरण रियासत कालीन समय से स्थित मां दन्तेश्वरी मंदिर बड़ेडोंगर के प्रांगण मे जो शिलालेख है। इसके अनुसार सन् 1836 से राजा दरियाव देव के राजकाल से ग्राम बड़ेडोंगर के विभिन्न देवी कार्य को सम्पन्न करने हेतू राजा द्वारा पांच नाईक प्रधान, गागड़ा, कुदराम, समरथ व मांझी, को चुना गया। इन पाँच नाईकों को राजा द्वारा पगड़ी रस्म से पंच अमली (पांच ईमली) माकड़ी गुड़ा बड़ेडोंगर में सम्मानित किया गया। तब से इनके पुर्वज आज भी इस रिवाज को निभाते आ रहें है। अभी भी विभिन्न देवी कार्यों में पांच नाईक की उपस्थिति में पूजा कार्य सम्पन्न होती है।

**इसी पहाड़ी में हुआ था महिषासुर के संग मां का द्वंद**

पौराणिक दंत कथाओं के अनुसार मां दुर्गा एवं महिषासुर दानव का संग्राम अनवरत कई दिनों तक पृथ्वी आकाश और पाताल में चलता रहा। महिषासुर दानव अपनी कपट माया से मां दुर्गा के वार से बचने यहां-वहां छिपता फिर रहा था। ईस छिपा छिपी में महिषासुर दानव ईस पहाड़ में भी छुपने आया था। मां दुर्गा को इसकी जानकारी हुई। वह भी इस दानव का पीछा करते हुए इस पहाड़ की चोटी में भयंकर हुंकार के साथ अपनी पैर रखी, इस वजह से एक भारी शिलाखंड में माँ के पदचिन्ह बन गए। इस पहाड़ में मां दुर्गा और महिषासुर का द्वंद युद्ध हुआ था, जो महिषाद्वंद के नाम से जाना जाता था। जिसका कालांतर में महिषाद्वंद शब्द का अपभ्रंश होते-होते क्षेत्रीय बोली में भैसादोंद कहा जाने लगा।

**ढुनढुनी पत्थर की भी है अलग मान्यता**

मंदिर परिसर एवं भैसादोंद के बीच ठुनठुनी पत्थर जिसे स्थानीय बोली में लोग कौड़ी धुसी कहते हैं, ठुनठुनी नामक एक पत्थर है जो दूसरे छोटे पत्थर से बजाने पर ठुन ठुन की उसके अंदर से आवाज आती है। पौराणिक मान्यता के अनुसार यहां पत्थर में श्रद्धालुओं द्वारा सिक्का चिपकाया जाता है और ऐसा मान्यता हैं कि, अगर सच्चे मन से मन्नत कर सिक्का चिपकाते हैं तो उस का सिक्का चिपक जाता है और उनकी मनोकामना पूर्ण होती है।

**नौ कन्याओं का परंपरागत विधि विधान से होती है पूजा अर्चना**

महानवमी को परंपरागत विधान से मां दंतेश्वरी की पूजा अर्चना के पश्चात नौ कुमारी कन्याओं में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा अर्चना कर भोग कराया जाता है, विभिन्न भक्तों में अपने श्रद्धा अनुसार माता को श्रृंगार सामग्रियों अर्पित किए जाता है। उसके पश्चात नवरात्रि के 9 दिन के साधक जोगी उठाई का रस्म पूरा कर सभी को भंडारा में आमंत्रित किया जाता है। तत्पश्चात निशा जतरा सोना लूट के प्रसाद सहित पुजारी को उनके सहयोगी के साथ बस्तर दशहरा में शामिल होने विदा किया जाता है। नवरात्रि पर्व के परंपराओं को पूर्वजों से सम्पन्न कराने वाले प्रमुख पंडित जोगी, बगड़ईत, पाँच नाईक, गायता, कुम्हार, साहू, पारधी, परिहार आदि को सम्मानित कर विदा किया जाता है।

**बड़ेडोंगर में थे 147 जल धरोहर**

पुरषोत्तम देव के शासन काल में निर्मित 147 तालाब बड़ेडोंगर के खूबसूरती पर चार-चांद लगाते थे, पर समय के साथ व प्रशासन के उदासीनता के चलते व बढ़ते अतिक्रमण के कारण तालाबो की संख्या 80 से अधिक नहीं रहे हैं। वहीं अतिक्रमण के चलते बस्तर की धरा का ये देवलोक अपने अस्तित्व को बचाने संघर्ष कर रहा है। तालाबो और पहाड़ियों पर बने मंदिर और देव स्थल यहाँ धार्मिक पर्यटन की असीम सम्भावनाओं को रेखांकित करते हैं। प्रशासन की उपेक्षा के पर्यटन केंद्र का विकास थम सा गया है।

**बस्तर रियासत के राज्याभिषेक से पहले राजपरिवार पहुंचता है बड़ेडोंगर**

बस्तर राजपरिवार के किसी सदस्य का राज्याभिषेक सहित महत्वपूर्ण रश्म यहीं सम्पन्न होते हैं। यहीं मुख्य पहाड़ी पर रियासतकालीन किले और तोपखाने का भग्नावशेष इसकी एतिहासिकता की गवाही देते हैं।

# ताइक्वांडो स्कूल गेम में बस्तर जोन ने जीता 13 मेडल

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com




24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा ताइक्कांडो प्रतियोगिता 6 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक रायपुर मे सालेम इंग्लिश स्कुल मे रखा गया था। इस खेल को हर साल राज्य सरकार द्वारा आयोजित कराया जाता है। खेल को आगे बढ़ाने एवं बच्चो को खेल मे जुड़े रखने के लिए इस टूनामेंट के मुख्य अतिथि के रूप मे आये टंकराम वर्मा मंत्री खेलखुद एवं युवा कल्याण राजस्व एवं आपदा प्रबंधन छत्तीसगढ़ अध्यक्षता पुरंदर मिश्रा विधायक उत्तर रायपुर अनुज शर्मा विधायक धरसिवा साथ ही रायपुर के जिला अधिकारी स्कुल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के जोवाइन स्केटरी अनिल मिश्रा, डीएसओ उपस्थित थे।

टूनामेंट मे पांच जोन के खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमे रायपुर, बस्तर, सरगुजा, बिलासपुर, दुर्ग, 14वर्ष बालक मे पहला स्थान रहा। बिलासपुर, दूसरा रायपुर, तीसरा दुर्ग, 17 वर्ष बालक मे पहला स्थान रायपुर, दूसरा बिलासपुर, तीसरा दुर्ग, 19 वर्ष बालक मे पहला स्थान रायपुर, दूसरा बिलासपुर, तीसरा सरगुजा चेम्पीयनशिप मे बस्तर जोन को 13 मेडल प्राप्त हुआ। साथ ही बस्तर जोन से रेफरी के रूप मे इस टूनामेंट मे आर बलराम ने कमान सभाला था। इन सभी खिलाड़ियों, कोच एवं ऑफिसियल को नारायणपुर के जिला शिक्षा अधिकारी लखन लाल धनेलिया, क्रीड़ा अधिकारी रामसाय वड्डे, विश्वदीप्ति के प्राचार्य एवं सभी स्कूलों के प्राचार्यो ने बधाई दिया।

# मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत प्रशिक्षण के लिए 11 अक्टूबर तक

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com

जिले में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत वर्ष 2024-25 में कई व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का संचालन किया जाएगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला कौशल विकास प्राधिकरण सह नोडल अधिकारी अविनाश भोई द्वारा जानकारी दी गई हैं कि, इस योजना का उद्देश्य बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार मूलक कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना हैं, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। इसके अंतर्गत युवाओं के लिए उपलब्ध पाठ्यक्रमों में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, ऑटोमोटिव सर्विस टेक्निशियन लेवल 4, सेल्फ इम्प्लायड टेलर, प्लंबर जनरल (असिस्टेंट) और लाईट मोटर व्हीकल ड्राइवर शामिल हैं। ये पाठ्यक्रम विभिन्न क्षेत्रों में कौशल विकास के अवसर प्रदान करते हैं, जो रोजगार की संभावनाओं को बढ़ाएंगे। ईच्छुक प्रतिभागी 10 से 11 अक्टूबर के बीच अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज, अंत्यावसायी व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र और आई.टी.आई कोंडागांव में आवेदन कर सकते हैं। यह अवसर उन सभी युवाओं के लिए है जो अपने भविष्य को उज्जवल बनाना चाहते हैं और कौशल विकास के जरिए रोजगार की नई दिशा में कदम बढ़ाना चाहते हैं।

# कोपा एवं मेसन में प्रवेश हेतु 20 अक्टूबर तक कर सकते हैं रजिस्ट्रेशन

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ शासन कौशल विकास विभाग के अंतर्गत संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण के अधीन नवीन शासकीय आई.टी.आई. जिले के विकासखण्ड ओरछा में प्रारंभ किया जा रहा है। सत्र 2024-25 के लिए एस.सी.व्ही.टी. अंतर्गत व्यवसाय कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट एवं मेसन में पुनः रजिस्ट्रेशन हेतु 10 से 20 अक्टूबर 2024 तक के लिए पोर्टल खोला गया है। रजिस्ट्रेशन उपरांत पूर्व के आवेदक एवं नये आवेदकों को शामिल करते हुए 02 प्रावीण्य सूची के आधार पर चयन सूची जारी की जावेगी तत्पश्चात् चिप्स द्वारा जारी मेरिट सूची के आधार पर संस्था स्तर पर (स्पाट राउंड) प्रवेश की कार्यवाही किया जाएगा। प्रवेश हेतु समय-सारणी एवं इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है, जिसका अवलोकन कर सकते हैं।

# संकुल केंद्र कड़मपाल एवं किरन्दुल शहरी में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



**किरन्दुल।** भारत की एक केन्द्र प्रायोजित योजना के अन्तर्गत राज्य शिक्षा मिशन प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ जिला दंतेवाडा में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिसके तारतम्य में संकुल केन्द्र कड़मपाल एवं संकुल केन्द्र किरंदुल शहर में जन जन साक्षर करने हेतु संकुल समन्वयक एम माधव राव एवं शंकर चौधरी अपने वीटी शिक्षक जोगा राम, रुपा तारम, ओमबाई रावटे, बसन्ती मानिकपुरी, कविता वर्मा के सहयोग से गुरुवार दोपहर 2 बजे उल्लास नवभारत साक्षरता केन्द्र का शुभारंभ किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य सभी के लिए शिक्षा का प्रयास करना है ताकि इस कार्यक्रम के जरिए 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वयस्क, जो औपचारिक शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाये हैं, उन्हें मूलभूत साक्षरता, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, बुनियादी शिक्षा, व्यवसायिक कौशल और सतत् शिक्षा प्रदान करने की कोशिश करना है।

# गौ तस्करो को किया गया गिरफ्तार, 37 नग छोटे-बड़े मवेषी जप्त

**आरोपियों द्वारा वध करने के उद्देश्य से ले जाया जा रहा था दुसरे राज्य**

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com




कोंडागांव पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश में अपराधों पर नियंत्रण करने के उददेश्य से 9 अक्टूबर को मोबाइल के माध्यम से सूचना मिला कि, रात 3 से 4 बजे के मध्य मुसरपुट्टा साल्हेटोला कोटलभट्टी की तरफसे भारी संख्या में मवेशी को गौ तस्करों के द्वारा उड़ीसा राज्य की तरफ ग्राम सलना की तरफले जा रहे हैं। जिसे विश्रामपुरी के गौरव सार्दुल एवं उसके साथियों के द्वारा मिलकर दो कार में कोसमी जंगल के आगे ग्राम हात्मा के पास गौ तस्करों को पकडा गया। जिसमें कुल संख्या मवेशी करीबन 70 आसपास थे। जिनके पास वैध लाइसेंस था। उन्हें बिल पर्ची के आधार पर गवाहों के समक्ष पंचनामा तैयार कर छोडा गया एवं बिना लाइसेंस व बिना पर्ची के दो व्यक्ति जिनके कब्जे से 37 नग मवेशी को जप्त कर विधिवत् कार्यवाही थाना विश्रामपुरी में अपराध क्रमांक 58/2024 धारा कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4,6,10, प.क्र.प.अधि.1960 की धारा 11(1) घ, 3(5) बी.एन.एस पंजीबद्ध किया गया और आरोपी संजय पटेल निवासी उड़ीसा व लखीराम पटेल निवासी उडिसा को गिरफ्तार कर विधि सम्मत कार्यवाही किया गया।

# बस्तर ओलंपिक-2024 में भाग लेने पंजीयन 20 अक्टूबर तक

**बस्तर क्षेत्र के युवाओं की खेल प्रतिभाओं को निखारने प्रदेश सरकार की विशेष पहल**

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार बस्तर क्षेत्र के युवाओं के रचनात्मक एवं खेल प्रतिभा को निखारने, उन्हें अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने और बस्तर क्षेत्र की जनता का शासन से प्रत्यक्ष संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से बस्तर संभाग के सभी जिलों में बस्तर ओलम्पिक 2024 खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इन खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग को नोडल बनाया गया है। जिला पंचायत के सीईओ एवं बस्तर ओलंपिक के जिला नोडल अधिकारी सुमित अग्रवाल ने बस्तर ओलम्पिक-2024 की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन में विकासखण्ड स्तर से लेकर संभाग स्तर तक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें एथलेटिक, तीरंदाजी, बैडमिंटन, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, कराते, कबड्डी खो-खो, व्हॉलीबॉल एवं रस्साकसी आदि खेलों के विभिन्न इवेंट्स सम्मिलित होंगे। यह प्रतियोगिता जूनियर एवं सीनियर वर्ग में आयोजित होगी। नक्सल हिंसा में दिव्यांग हुए प्रतिभागियों एवं आत्मसमर्पित पूर्व नक्सली सदस्यों को प्रोत्साहित करने हेतु उन्हें सीधे संभाग स्तर पर प्रतिभागिता सुनिश्चित कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि बस्तर ओलम्पिक हेतु त्रिस्तरीय आयोजन विकासखण्ड, जिला एवं संभाग स्तर पर किया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिए विकासखण्ड स्तरीय आयोजन की प्रस्तावित तिथि 01 से 10 नवम्बर के मध्य एक दिवसीय, जिला स्तरीय आयोजन तिथि 10 से 22 नवम्बर के मध्य अधिकतम दो दिवसीय एवं संभाग स्तरीय आयोजन संभाग मुख्यालय जगदलपुर में 25 से 30 नवम्बर के मध्य तीन दिवसीय आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। आयोजन हेतु विकासखण्ड एवं जिला स्तर पर आयोग समिति का गठन किया जाएगा तथा संभाग तथा राज्य स्तर पर आयोजन समिति का गठन शासन द्वारा किया जाएगा। बस्तर ओलम्पिक हेतु पंजीयन की प्रक्रिया आगामी 20 अक्टूबर तक चलेगी। इसके लिए क्यूआर कोड की भी सुविधा विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई है।

# महिला एवं बाल विकास विभाग नारायणपुर ने किया बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं कार्यक्रम आयोजित






पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला कलेक्टर बिपिन मांझी के निर्देशानुसार तथा जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी रविकांत ध्रुर्वे के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का कार्यक्रम औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गरांजी और जेईई नीट परियना कोचिंग सेंटर गरांजी में आयोजित किया गया। जिसमें पेंटिंग, निबंध, वाद विवाद, कविता एवं गाने की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बालक बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। द्विव्यांग बच्चों द्वारा सामूहिक स्वागत गीत एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ओ विषय पर कविता एवं गीत प्रस्तुत किया गया। सभी द्विव्यांग बच्चों को भी पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। विधिक सह परवीक्षा अधिकारी सनातन मेरसा द्वारा बालक बालिकाओं को किशोर न्याय अधिनियम, बाल विवाह, बाल श्रम जैसे संबंधित कानूनो की विस्तृत जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग के सरिता बंजारी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम की महत्ता एवं उददेश्य से बच्चों को अवगत कराया गया। साथ ही कन्या भ्रूण हत्या, लैंगिक अपराधो से बालको का संरक्षण अधिनियम एवं विभाग द्वारा बालकों के लिए संचालित गैर संस्थागत कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी दी गई। तरन्नुम खान द्वारा सखी सेंटर के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को दी जाने वाली सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में दोनो संस्था से 450 बालक बालिकाओ एवं शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में आईटीआई के ट्रेनिंग आफिसर अजय देवांगन, सुधीर गुप्ता, रीतु नेताम, विद्या कावड़े, डाईट संस्था से दिनेश कुमार मंडल, जेईई एवं नीट कोचिंग सेंटर से शिक्षक रूपेन्द्र कुमार सिन्हा, बलराम साहु, अकारा वैष्णव, पुष्पा कुदराम, पूजा ठाकुर आदि उपस्थित थे।




# बस्तर ओलंपिक का किया जाएगा आयोजन प्रतिभागी 20 अक्टूबर तक कर सकते हैं पंजीयन

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा परंपरागत खेलों को बढ़ावा देवे के उद्देश्य तथा बस्तर संभाग के जनजातीय बहुल्य एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र के खेलों में अपार नैसर्गिक क्षमताओं के विकास के साथ-साथ क्षेत्र में शासन एवं जनता के मध्य मजबूत संबंध स्थापित कर यहाँ के युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ने, उनके रचनात्मक एवं खेल प्रतिभा को पहचनाकर खिलाड़ी के रूप में तैयार करने हेतु बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर बिपिन मांझी के मार्गदर्शन में शासन के निर्देशानुसार विकासखण्ड एवं जिला मुख्यालय में बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए समिति का गठन किया गया है, जिसमें विकासखण्ड स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जिला स्तर पर कलेक्टर एवं संभाग स्तर पर कमिश्नर इसके अध्यक्ष होंगे। बस्तर ओलंपिक में 14 से 17 वर्ष एवं 17 अधिक आयुवर्ग के युवक-युवतियों भाग ले सकेंगे। इसके अलावा विशेष रूप से माओवाद प्रभावित दिव्यांगों तथा आत्मसमर्पित माओवादियों का खेल प्रतियोगिताएं सीधे संभाग स्तर पर आयोजित की जावेगी। विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र, ट्रॉफी, शील्ड, नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। बस्तर ओलंपिक में भाग ले हेतु खिलाड़ी 20 अक्टूबर 2024 तक विकासखण्ड में जनपद पंचायत, नारायणपुर एवं ओरछा, खण्ड शिक्षा अधिकारी, नारायणपुर एवं ओरछा नगरपालिका परिषद्, नारायणपुर एवं कार्यालय जिला खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग में ऑफलाईन एवं ऑनलाईन पंजीयन करा सकते हैं। खेल एवं कल्याण विभाग की वेबसाइट में ऑनलाईन पंजीयन हेतु लिंक उपलब्ध कराया गया है तथा इस हेतु लिंक भी जारी किया गया है, जिसमें पंजीयन कर सकते हैं। इस हेतु प्रतिभागी को अपना सामान्य जानकारी, आधार नंबर एवं कार्ड की छायाप्रति, पासपोर्ट साईज फोटो, एकाउंट डिटेल की जानकारी एवं पासबुक की छायाप्रति, हस्ताक्षर का फोटो अपलोड करना होगा। एकल खेल विधा के प्रतिभागियों एवं दलीय खेल विधा के प्रतिभागियों को पृथक-पृथक ऑनलाईन एवं ऑफलाईन आवेदन जमा करना होगा। दलीय खेल के प्रतिभागियों को पंजीयन फार्म एक साथ जमा करना अनिवार्य होगा। एकल विधा के खिलाडी स्वयं का नाम, पता, पिता का नाम, बैंक का नाम, बैंक खाता कमांक एवं आईएफएससी कोड अनिवार्य होगा। विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता 01 से 10 नवंबर, जिला स्तरीय प्रतियोगित 10 से 22 नवंबर एवं संभाग स्तरीय प्रतियोगिता 25 से 30 नवंबर तक आयोजित किया जावेगा। बस्तर ओलंपिक आयोजन के अंतर्गत एथलेटिक्स (100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड, गोला फेक, तवा फेक, भाला फेक, लबीकूद, उंचीकूद, 4×100 रिले रेस) तीरंदाजी, बैडमिटन (सिन्गल, डबल, फुटबॉल, कराटे, कबड्डी, खो-खो, व्हालीबॉल, रस्साकसी, हॉकी, वेटलिफ्टिंग की प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी।

# रामसेतु-रामेश्वरम, अंगद रावण संवाद ने दी धर्मशिक्षा
# सीमेंट प्लांट यूनिट हेड आरती में हुए शामिल

## अडानी सीमेंट प्लांट हेड कौशल कुमार ने कहा भाटापारा की रामलीला का मंचन है अदभुत

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com



भाटापारा रामलीला के 105वें वर्ष के सातवें दिवस के मंचन में विभीषण शरणागति, सेतुबन्ध रामेश्वरम एवं अंगद-रावण संवाद की बेहतरीन मंचन प्रस्तुति दी गई। जिसमें विभीषण जी भगवान श्रीराम के शरण में जाते हैं। भगवान श्रीराम एवं वानरी सेना के द्वारा रामसेतु निर्माण किया जाता है एवं भगवान शंकर के शिवलिंग की स्थापना कर श्रीराम जी ने रामेश्वरम के महत्व को बताया गया। सुक-सारण के हास्य प्रस्तुति ने लोगों को खूब गुदगुदाया और हँसाया एवं अंगद रावण संवाद ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। विभीषण के रूप में आयुष तिवारी, रावण श्याम मल, सुक-सारण कोमल शर्मा जगदीश वैष्णव, राम आदित्य जोशी, लक्ष्मण वैभव तिवारी, प्रहस्त सुयश शर्मा, अंगद हर्ष गुप्ता एवं अन्य बाल कलाकार रामायण के अन्य पात्रों में नजर आए। आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा के 105 वर्ष के सातवें दिवस में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी की आरती में साहू समाज, मानिकपुरी समाज, निर्मलकर समाज, पटेल समाज एवं सेन समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया एवं प्रभु की आरती सेवा करके अपने परिवार एवं समाज को गौरवान्वित किया इस अवसर पर अजय साहू ने नन्हे बच्चों को सनातन संस्कृति की धरोहर को संभालने के लिए बहुत बधाई दी। वेद प्रकाश पटेल, डॉक्टर वीणा साहू, नारायण निर्मलकर, महाबल बघेल, तिलक साहू ने बच्चों की लगनशीलता एवं मेहनत पर प्रसन्नता जाहिर की और इस मंचन को बधाई दी। धर्म एवं संस्कृति की धरोहर को संभालने के लिए रामलीला समिति एवं कलाकार बधाई के पात्र हैं। डॉ. एस.के. पांडे प्राचार्य अंबुजा विद्यापीठ के साथ कौशल कुमार मिश्रा यूनिट हेड अडानी सीमेंट रवान ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों के द्वारा यह कार्य बहुत ही प्रशंसनीय है एवं रामलीला का मूल रूप से मंचन तो बहुत ही कम जगह पर होता है उन्होंने कहा कि रामलीला संस्था ने 105 वर्ष तो पूरा कर रही है साथ ही मुझे विश्वास है अगले आने वाले 100 साल भी यहां मंचन रामलीला संस्था के द्वारा जारी रहेगा।

## राजापड़ाव क्षेत्र में शिक्षा सुविधा सुचारू करने शिक्षकों की व्यवस्था की गई

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

मैनपुर विकासखण्ड के राजापड़ाव क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायतों में जिला प्रशासन द्वारा विकास के विभिन्न कार्य क्रियान्वित किये जा रहे है तथा इस दूरस्थ अंचल के विकास के लिए प्रशासन सतत प्रयासरत है। शिक्षा विभाग द्वारा इस क्षेत्र में शिक्षकों की मांग को देखते हुए 06 शिक्षकों की व्यवस्था तथा 09 प्राथमिक शाला प्रधान पाठको कों पदोन्नत कर पदस्थ किया गया है। अधिकांश शालाओं में दर्ज संख्या कम होने की वजह से आनुपातिक रूप से कम शिक्षक पदस्थ है। तथापि आवश्यकतानुसार सतत रूप से शिक्षकों की व्यवस्था की जा रही है। क्षेत्र के स्कूलों में विभिन्न निर्माण कार्य भी स्वीकृत एवं प्रगतिरत है। आरईएस से 09, ट्राइबल से 13 निर्माण कार्य किये जा रहे है तथा शिक्षा विभाग से लघु मरम्मत के 10 एवं दीर्घ मरम्मत के 18 कार्य प्रस्तावित है। जिला प्रशासन द्वारा क्षेत्र की मांगों पर गंभीरता पूर्व विचार करते हुए लगातार विकास के कार्य स्वीकृत किये जा रहे है तथा वर्तमान में चल रहे कार्यो की समीक्षा कर सुधार हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे है।

## जल जगार महोत्सव-सार्थक के विशेष बच्चों ने नुक्कड़ नृत्य की मोहक प्रस्तुति दी

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



धमतरी के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल गंगरेल बांध में जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन हेतु राष्ट्रीय स्तर का जल जगार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिला प्रशासन धमतरी के इस आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों के चयनित कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सार्थक स्कूल के विशेष बच्चों ने भी गाड़ी वाला आया घर से कचरा निकाल.. गाने पर नृत्य की उत्साहपूर्वक प्रस्तुति दी। एक व्हीलचेयर को बाकायदा कचरा गाड़ी के रूप में सूखा और गीला कचरा का डिजाइन करके तैयार किया गया था। बच्चों ने झाड़ू, सुपली, डस्टबिन आदि सफाई करने के प्रॉप्स लेकर सड़क पर कचरा गाड़ी के साथ गोल घेरे में घूम घूम कर घर से कचरा निकाल.. गीत पर स्वच्छता और जल बचाने का संदेश देते हुए मनमोहक नुक्कड़ नृत्य किया। बच्चों के इस प्रदर्शन ने दर्शकों को खूब लुभाया और लोगों ने रुक.रुक कर बच्चों के साथ सेल्फी और फोटोज खींचे। सार्थक स्कूल की डांस प्रशिक्षिका स्वीटी सोनी एवं संगीत की प्रशिक्षिका देविका दीवान ने बताया कि वे स्कूल में पढ़ाई के साथ साथ बच्चों को व्यवहारिक रूप से अपनी तथा घर एवं आस पास की सफाई तथा पानी को किफायत से उपयोग करने के लिए जागरूक करते रहते हैं और यही कारण है कि कम प्रैक्टिस के बावजूद भी बच्चे गाने के बोल और उद्देश्य को अच्छी तरह समझ गए और सहज और तल्लीन होकर देर तक लगातार आनंदित होकर नृत्य करते रहे। स्कूल की भारती पटेल कचरा गाड़ी चलाने वाली, नेमेश सिन्हा एक अच्छे नागरिक, करणवीर खालसा और प्रतीक शांडिल्य पृथ्वी और पानी बचाने का संदेश देते हुए एवं तनिश नेताम पेड़ बनकर अलग अलग वेशभूषा में दिखे।

## विजयादशमी पर्व को लेकर शान्ति समिति की हुई बैठक

पायनियर संवाददाता ◀ लवन
www.dailypioneer.com



आगामी विजय दशमी पर्व एवं दुर्गा विसर्जन को लेकर शासन प्रशासन के आदेश पर तहसीलदार के कुशल निर्देशन ,थाना प्रभारी शशांक सिंह के कुशल नेतृत्व में तहसील कार्यालय प्रांगण लवन में बुधवार 9 अक्टूबर को शान्ति समिति की विशेष बैठक का आयोजन रहा।जिसमें तहसील आसपास गॉव के कोटवार, जनप्रतिनिधियों, नगरवासियों सहित प्रेस क्लब लवन के सदस्यों की उपस्थिति रहा।उक्त बैठक में नगर पंचायत उपाध्यक्ष रामकुमार साहू, नायाब तहसीलदार निशा वर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल साहू ,गोलू कैवर्त जिला संगठन प्रभारी श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ बलौदाबाजार व अध्यक्ष प्रेस क्लब लवन ,राकेश साहू ,कोटवार मोहन ,राजेश चौहान, सहित सरपंच प्रतिनिधियों की उपस्थिति रहा।उक्त बैठक में माँ दुर्गा का विसर्जन तालाबों व नदियों में करते वक्त किसी भी प्रकार की नशापान से दूर रहने की बात पर रोशनी डाले गए हैं साथ ही साथ शान्ति व्यवस्था भंग नहीं करने का अपील भी थाना प्रभारी एवं तहसीलदार के द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नगरवासियों से किये गए हैं।लायन आर्डर बनाए रखने की अपील भी किये गए हैं।दसहरा पर्व पर विशेष पेट्रोलिंग बल गस्त करते रहेंगे की बात थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों को बताया गया।ट्रैफिक व्यवस्था की भी स्थिति नियंत्रण किये जायेंगे की चर्चा पर रोशनी डाला गया।तहसीलदार किशोर वर्मा ने बताया कि सभी गॉव में पर्व विशेष के चलते शान्ति व्यवस्था बनाए रखना है।कोई भी कानून व्यवस्था बिगाड़ें उसके पहले पुलिस को तत्काल सूचना दिये जाने की अपील उपस्थित लोगों के समक्ष किये गए हैं।

## शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं से हितग्राही हो रहे लाभान्वित
### पीएम जनमन आवास बनने से फुलेश्वर के विचारों में आया बदलाव

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं से गांव का तेजी से विकास हो रहा है। चाहे प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान पीएम जनमन के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बसाहटों एवं परिवारों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने एवं योजनाओं से शत प्रतिशत हितग्राहियों को लाभान्वित करने या महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत अभिसरण से हो रहे कार्यों से सुविधा एवं राहत मिल रही है। इससे गांव की तस्वीर पूरी तरह बदल रही है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान पीएम जनमन के तहत कमार परिवारों का पक्का आवास बनने से आवास का सपना भी साकार हो रहा है। इस योजना से बरसात के दिनों में सांप, बिच्छू, पानी का टपकना, रात भर जागना, ठंड, गर्मी, सीलन इत्यादि से राहत मिली। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान पीएम जनमन के तहत् देश के गरीब और बेघर लोगों को घर बनवाने के लिए सहायता राशि दी जाती है और इस राशि की मदद से गरीबी रेखा के नीचे जीवन.यापन करने वाले नागरिक खुद का घर बनाने में सक्षम हो पाते हैं। इस योजना के द्वारा भारत के बेघर और गरीब नागरिकों को आवास देने का कार्य सरकार के द्वारा लगातार किया जा रहा है। इसी के तहत् जिले के नगरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कल्लेमेटा निवासी फुलेश्वर कमार ने सरकार का हृदय से आभार माना है। फुलेश्वर बताते हैं कि मैं मजदूरी कर जीवन यापन कर रहा हूं। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान पीएम जनमन के तहत आवास बनाने के सपना विष्णु देव साय सरकार में पूरा हुआ। जब से पीएम जनमन आवास बनकर पूरा हुआ है। तब से अब रात को चैन की नींद सो रहे हैं। पूर्व में कच्चा छत खपरैल के आवास होने के कारण हमें अनेक समस्याओं से जूझना पड़ता था। कच्चे मकान में बारिश के दिनों में छत से पानी टपकने और सीलन की वजह से जीवन यापन करना मुश्किल हो जाता था। इसके अलावा कच्चे मकान में कीड़े मकोड़े और जहरीले जीव जन्तुओं का भी खतरा बना रहता था।

## पीजी कॉलेज में मतदाता सूची में नाम जोड़ने शिविर आयोजित



पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए शिविर लगा। इसमें 01 जनवरी 2025 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण करने वाले छात्र.छात्राओं को वोटर हेल्पलाईन एप की सहायता से आनलाईन मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया की गई। इसके अलावा इस सत्र में नव.प्रवेशित छात्र.छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फार्म 06 का वितरण किया गया। छात्र.छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन करवाने की जानकारी दी गई। शिविर में स्वीप प्रभारी, प्रो कृष्ण कुमार देवांगन, प्रो पंकज जैन, प्रो कोमल प्रसाद यादव, अनुराग जैन, सोनम साहू, संकेत, अपर्णा शर्मा, संतोषी आदि उपस्थित थे।

## लंबे समय से अनुपस्थित शिक्षको एवं भृत्य पर गिरी गाज,6 को किया गया पद से बर्खास्त

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में अनाधिकृत रूप से लंबे समय से अनुपस्थित 4 शिक्षको एवं 2 भृत्य पर सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें। शासकीय सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। जिसमें विकासखण्ड बलौदाबाजार के शास.प्राथ.शाला पिपराही में पदस्थ सहायक शिक्षक ललिता रूपदास,शास.प्राथ. शाला पौसरी के सहायक शिक्षक ज्योत्सना सागरकर, शास.प्राथ.शाला खैरघटा के सहायक शिक्षक गीतांजली वर्मा,विकासखण्ड सिमगा के शास. प्राथ.शाला करहुल सहायक शिक्षक एल.बी गुपेन्द्र कुमार यादव एवं शास.पूर्व माध्य.शाला डोटोपार भृत्यपवन कुमार ध्रुव,विकासखण्ड भाटापारा के शास. उच्च माध्य.विद्यालय करहीबाजार भृत्य मदन लाल टंडन शामिल है। उपरोक्त कर्मचारीगण अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित शासकीय सेवकों के विरुध्द अनुशासनिक कार्रवाई करते हुए कार्य से पृथक कर दिया गया है। इनके द्वारा मूलभूत नियम 18 एवं छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3(1) (एक) (दो) (तीन) तथा अवकाश नियम 7 निहित नियमों के विपरीत पाया गया जो कदाचरण की श्रेणी में आता है।

## सिसदेवरी के दुर्गा उत्सव रामायण कार्यक्रम में शामिल हुये मंडल अध्यक्ष महेन्द्र साहू



पायनियर संवाददाता ◀ लवन
www.dailypioneer.com

ग्राम सिसदेवरी के बाजार चौक में जय अम्बे दुर्गा समिति द्वारा नवरात्रि के पावन अवसर पर पूजा साहू महासमुंद का रामायण कार्य म आयोजित किया गया। दर्शकों ने जसगीत एवं भक्ति संगीत का भरपूर लुफ्त उठाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होते हुये पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी एवं भाजपा मंडल संडी अध्यक्ष महेन्द्र ने कहा माता दुर्गा शांति एवं शक्ति का प्रतीक। महिलाएं भी माता दुर्गा का रूप होती है । चंद्रमुखी के रूप में परिवार का सेवा करती है, सूर्यमुखी के रूप में बच्चों को शिक्षित करती है और जब अन्याय एवं अत्याचार बढ़ जाती है तब ज्वालामुखी बनकर महाकाली का रूप धारण कर पापियों का विनाश भी करती है। कार्यक्रम को महिला मोर्चा अध्यक्ष निर्मला रजक, युवा मोर्चा प्रदेश सदस्य लोकेश यदु एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष उमेश यदु ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर यशवंत तिवारी, नंदू चन्द्राकर, प्रेमलाल फेकर, मदन साहू, परमानंद चन्द्राकर, विक्की चन्द्राकर, अंकुश चन्द्राकर, राहुल चंद्राकर, चंचल रजक, दिनेश चन्द्राकर, दिलीप चन्द्राकर, भेखलाल साहू, श्यामदेव साहू, भुनेश्वर चन्द्राकर, टीकाराम साहू, उदयराम साहू, नारायण साहू, नकुल पटेल, घसिया साहू, राजा यादव, भगवती चन्द्राकर, सुकलाल पटेल, पल्लव चन्द्राकर, कमल चन्द्राकर, राघव रजक सहित दर्शकगण उपस्थित थे ।

## टूरिस्ट गाइड को जल जगार महोत्सव में मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित



पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आजीविका विकास कार्यक्रम अंतर्गत लाईवलीहुड कालेज द्वारा जिले के पर्यटन क्षेत्र नगरी विकासखंड के नरहरा के नरहरा जलप्रपात प्रबंधन समिति कोटरवाही जबर्रा के ईको टूरिज्म जबर्रा हील्स, धमतरी विकासखंड के गंगरेल के संयुक्त वन प्रबंधन समिति के सदस्य जिसमे नरेन्द्र नेताम, योगिता टेमरे, विनीता ध्रुव, पल्लवी यादव, जशवंत सिंह, खिलेश्वरी ढीमर, अनीषा यादव, लीना ध्रुव, प्रहलाद यादव, मोनिका यादव, सेवन कुमार, उत्तम कुमार, अर्जुन, सफ अमित, ज्ञानेन्द्र, चूडामणि, माधव सिंह, मनोज सूर्यवंशी, शत्रुघन नेताम, ओमप्रकाश, राजकुमार नेताम, पूरन लाल, राकेश यादव, जमा लाल, संतोष यादव, समारू राम को आजीविका विकास कार्यकम अंतर्गत टूरिस्ट गाईड का 15 दिवसीय प्रशिक्षण जिला परियोजना लाईलीहुड कालेज में दिया गया। बीते दिनों धमतरी जिले के गंगरेल बांध परिसर मे आयोजित जल जगार महोत्सव में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा इन सभी को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## सरला कोसरिया ने मीसाबंदी व जनसंघ के नेता उबोवेजा को दिलाई भाजपा की सदस्यता

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सम्पूर्ण भारत वर्ष में संगठन महापर्व सदस्यता अभियान चलायी जा रही है। भारतीय जनता पार्टी हर चार वर्ष में पुरानी सदस्यता निरस्त कर नए सदस्य बनाती है या नवीनीकरण किया जाता है। इस सदस्यता अभियान के तहत प्रदेश के सभी कार्यकर्ता बूथ से लेकर मंडल,जिला एवं प्रदेश स्तर पर पार्टी के हर छोटे से छोटे कार्यकर्ता एवं बडा से बड़ा नेतागण , मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद,विधायक गण सभी अपने-अपने क्षेत्र में भाजपा का सदस्य बनाने के लिए सक्रियता से लगे हुए है। संगठन पर्व सदस्यता अभियान के तहत सरायपाली में निवासरत भाजपा और जनसंघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं मीसाबंदी जगदीश लाल उबोवेजा एवं उनकी धर्मपत्नी कुलदीप कौर उबोवेजा को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा के प्रदेश प्रभारी सरला कोसरिया के द्वारा उनके निज निवास पर जाकर शाल एवं श्रीफल से सम्मानित कर पुनः भाजपा की सदस्यता दिलाई। उबोवेजा कालेज की पढ़ाई के बाद से ही 1965 में जनसंघ की सदस्यता ली और जनसंघ की सदस्यता लेने के बाद से ही वे लगातार सक्रिय राजनीति में रहे है। उम्र के इस पड़ाव में भी राजनीति में इनकी सक्रियता बनी हुई है। सरायपाली से एक मात्र ऐसे कार्यकर्ता थे जिन्होंने केरल के कालीकट में जनसंघ के राष्ट्रीय अधिवेशन एवं 1980 में मुम्बई में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना पर शामिल हुए। इनकी पार्टी के प्रति त्याग,सेवा और समर्पण के साथ साथ सक्रियता के कारण ही पार्टी ने इन्हें कई बार विधानसभा चुनाव एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव लड़ने का अवसर दिया । उबोवेजा आपातकाल के समय मीसाबंदी के तहत रायपुर एवं जबलपुर जेल में 18 माह तक बंदी बनकर रहे है। वे और उनका पूरा परिवार भाजपा एवं जनसंघ से जुड़कर के वर्षों से जुड़कर राष्ट्र निर्माण एवं पार्टी की सेवा में लगातार सक्रिय है। सरला कोसरिया से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि राष्ट्र सेवा एवं पार्टी की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने वाले ऐसे त्याग,तपस्या,समर्पण की प्रतिमूर्ति बिरले होते है। जिन्होंने जनसंघ एवं भाजपा के लिए संघर्ष किया अनेक सुख सुविधाओं की आहुति दी । और उन्होंने आपातकाल के समय परिवार से अलग 18 माह तक मीसाबंदी के तहत जेल की यातनाएं सही,ऐसे लोगों की वजह से ही पार्टी लगातार उच्च शिखर को छू रही है और विश्व की सबसे बड़ी पार्टी का गौरव प्राप्त है। ऐसे त्याग और समर्पण के धनी जगदीश लाल उबोवेजा को सम्मानित कर पुनः सदस्य बनाना मेरे लिए परम सौभाग्य का विषय है। उनके आशीष और स्नेह से आज मन गदगद है।

## मेरी पहचान मां आदिशक्ति गरबा उत्सव समिति के द्वारा देर रात तक होती रही मां की आराधना
### गरबा का ऐसा हुजूम की हर तरफ सिर्फ माता के भक्त नजर आए

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



मां आदिशक्ति गरबा उत्सव समिति द्वारा शहर में तीन दिवसीय गरबे का आयोजन डीके कॉलेज के स्टेडियम ग्राउंड में किया गया जहां पहले दिन ही बड़ी संख्या में माता के श्रद्धालुओं ने आकर गरबा किया मुख्य अतिथि टंक रामजी वर्मा राजस्व खेलकूद युवा कल्याण एवं आपदा मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया मुख्य अतिथि का स्वागत रूपेश अर्चना ठाकुर द्वारा किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा पूरा शहर भक्ति में वातावरण में डूब गया है उन्होंने विशेष तौर आयोजको को धन्यवाद दिया विशिष्ट अतिथियों में डॉ सनम जांगड़े भाजपा जिला अध्यक्ष पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल चितावर जायसवाल अध्यक्ष नगर पालिका विजय केसरवानी वरिष्ठ भाजपा नेता समाजसेवी नरेश केसरवानी एवं डॉ नितिन तिवारी उपस्थित थे सर्वप्रथम माता की आरती के साथ गरबा उत्सव का आयोजन चालू हुआ। जहां हजारों की संख्या पर लोग माता की भक्ति में डूबे हुए गरबा करते दिखाई दिए शाम शुरू होते ही कार्यक्रम में बच्चों से लेकर नौजवान युवा युवक्तियां भरपूर गरबा का आनंद लिया हर कोई गरबा की मस्ती में मस्त नजर आया रॉक बैंड एवं आकर्षक लाइट आकर्षण का विषय था रास गरबा उत्सव की भव्यता की तारीफ आम शहर वाशी ने की सभी का यही कहना था शहर में पहली बार इतना अच्छा आयोजन हुआ है रंग बिरंगी ड्रेस के साथ छोटे नन्हे बूढ़े जवान सबने जमकर गरबा किया। मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम की तारीफकी गई शहर में भक्ति में वातावरण दिखाई दिया उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण किया गया प्रथम हर्षित गुप्ता ने प्राप्त किया कोलकाता में हुए रेप एवं हत्याकांड का नारी शक्ति द्वारा मनो प्ले स्टैचू लगाया गया था।

## विवेक वर्मा ने जल जगार महोत्सव में बलौदाबाजार जिले का प्रतिनिधित्व किया



पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गंगरेल धमतरी में 05 एवं 06 अक्टूबर को आयोजित जल जगार महोत्सव में बलौदाबाजार जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए शासकीय दाउ कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र विवेक वर्मा ने मोक विधानसभा में भाग लिया। इन्होनें खनन एवं उद्योग मंत्री का पद प्रदान किया गया था जिसमें उन्होनें अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, स्पीकर डॉ. रमन सिंह और उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। शासकीय दाऊ कल्याण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.आर.सी. जेम्स के द्वारा रासेयो के स्वयंसेवक विवके वर्मा की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि जल जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है उसे सुरक्षित करना चाहिए। डॉ.सी.के. चंद्रवंशी, डॉ. ए.के.उपाध्याय, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र देव मिर्झा, महाविद्यालय परिवार द्वारा शुभकामनाएँ एवं बधाई दी।

## थाना लवन पुलिस द्वारा ग्राम दतान में अवैध रूप से शराब परिवहन करते एक आरोपी को किया गया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ◀ लवन
www.dailypioneer.com

थाना लवन पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी कम में 09 अक्टूबर को थाना लवन से सउनि मोहित मलिक व हमराह स्टाफ की पुलिस टीम द्वारा कैलाशगढ़ तरफ से दतान की ओर अवैध रूप से शराब परिवहनकरने की सूचना पर घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब रखे आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से कुल 16 बल्क लीटर महुआ शराब कीमत 3200 व एक पुराना मोटरसाइकिल जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना लवन में अप.क. 417/2024 धारा 34(2) आब0 एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध की गई है। आरोपी- भगवानी जांगड़े उम्र 36 साल निवासी ग्राम सलौनी थाना पलारी।

# आँगनबाड़ी के नौनिहालों और अधिगम नि:शक्तता वाले बच्चों ने कलेक्टर चंद्रवाल को सुनाई कविता, इंद्रजीत ने दी शाबासी

- कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं का कराया वजन माप
- कलेक्टर ने बीआरसी कार्यालय और आयुर्वेद अस्पताल का किया निरीक्षण
- अधिगम नि:शक्तता वाले बच्चों के अध्ययन-अध्यापन के कार्य का किया अवलोकन

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल जिले के विभिन्न क्षेत्रों के दौरे पर रहें। इस दौरान शासकीय आयुर्वेद अस्पताल डौंडी एवं ग्राम कामता के आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आँगनबाड़ी केंद्र में गर्भवती एवं शिशुवती माताओं तथा बच्चों को पौष्टिक चिक्की प्रदान कर पर्याप्त मात्रा में पौष्टिक भोजन करने की दी समझाईश दी। डौंडी में स्थित ब्लॉक स्त्रोत समन्वयक कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिगम नि:शक्तता वाले बच्चों के अध्ययन-अध्यापन कार्य का भी अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित फिजियोथेरेपिस्ट से बच्चों के समुचित अध्ययन-अध्यापन सुनिश्चित करने हेतु किए जा रहे कार्यों के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिगम नि:शक्तता वाले बच्चों से कविता पढ़कर सुनाने को कहा। बच्चों के द्वारा सही-सही कविता पढ़कर सुनाए जाने पर कलेक्टर एवं अधिकारियों ने इसकी सराहना की। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित फिजियोथेरेपिस्ट खुशबू डोंगरे एवं अधिकारियों से अधिगम नि:शक्तता वाले बच्चों को प्रदान की जाने वाली पाठ्य सामग्री एवं उपकरण आदि के संबंध में जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि शिक्षा विभाग के द्वारा इन बच्चों के पाठ्य सामग्री एवं उपकरण आदि प्रदान की जाती है। इस दौरान कलेक्टर ने संकुल स्त्रोत समन्वयक कार्यालय में निर्माणाधीन भवन निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को भवन निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश भी दिए। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन, तहसीलदार नायक, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मण्डले सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

**गर्भवती महिलाओं का कराया वजन माप-** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने डौंडी में स्थित शासकीय आयुर्वेद अस्पताल एवं ग्राम कामता में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र के नन्हें-मुन्हें बच्चों के साथ-साथ आंगनबाड़ी केन्द्र में उपस्थित गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को पौष्टिक चिक्की भी प्रदान किया। उन्होंने गर्भवती माताओं को अपने गर्भस्थ शिशु को पर्याप्त मात्रा में पोषण प्रदान करने तथा उन्हें कुपोषण से दूर रखने के लिए समुचित मात्रा में पौष्टिक खाद्य पदार्थ एवं भोजन ग्रहण करने की भी समझाईश दी। इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं अधिकारियों से नियमित रूप से टीएलसी जाँच तथा आवश्यक दवाइयों के वितरण के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने गर्भवती माताओं की वजन के संबंध में जानकारी ली तथा मौके पर उनके वजन का माप भी कराया। उन्होंने गर्भवती माताओं एवं आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को प्रदान की जाने वाली रेडी टू इट के महत्व के संबंध में जानकारी देते हुए सभी गर्भवती माताओं को रेडी टू इट का सेवन निर्धारित मात्रा एवं निर्धारित अवधि तक करने को कहा।

**कक्षो का निरीक्षण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा-** कलेक्टर ने अधिकारी कर्मचारियों से आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों के समुचित देख-रेख तथा अध्ययन-अध्यापन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को कविता पढ़कर सुनाने को कहा। नन्हें-मुन्हें बच्चों के द्वारा सुमधुर कविता सुनाए जाने पर कलेक्टर एवं अधिकारियों ने इसकी भूरी-भूरी सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। इस दौरान इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने शासकीय आयुर्वेद अस्पताल डौंडी के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा किया। उन्होंने मरीजों के पंजीयन कक्ष में पहुँचकर मौके पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों से अस्पताल में ईलाज हेतु आने वाले मरीजों की संख्या के संबंध में भी जानकारी ली।

# सड़क पर कब्जा रोकने इंदिरा मार्केट में चूना मार्किंग, बाहर दुकान, ठेले, सामान लगे तो जप्ती

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आगामी त्योहार को देखते हुए इंदिरा मार्केट बाजार क्षेत्र के सड़कों पर अधिक भीड़ होने की वजह से जाम की समस्या से निजात पाने अस्थायी पसरा के लिए मार्किंग किया गया है। इससे निजात दिलाने के लिए नगर निगम ने कार्ययोजना तैयार की है। निगम के बाजार अधिकारी थानसिंह यादव द्वारा इंदिरा मार्केट एवं इंदिरा प्रतिमा क्षेत्र के आस पास भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर चूना मार्किंग की गई है। सड़क पर यातायात बाधित करने वाले ठेलों और अवैध दुकानों को हटाने की कार्यवाही जारी है। साथ ही वहां दोबारा कब्जा ना हो जाये इसे सुरक्षित रखने के निर्देश दिये गये है। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने बताया कि व्यस्ततम इंदिरा मार्केट इंदिरा प्रतिमा क्षेत्र बाजार के अलावा मार्गो पर जहां बाजार एवं व्यवसायिक गतिविधियों के कारण ट्रैफिक जाम की समस्या रहती है। ऐसे भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर चूना मार्किंग की गई है। जिसके बाहर किसी प्रकार का सामान रखने या अवैध रूप से पार्किंग पर सामान या वाहन को यातायात पुलिस एवं नगर पालिक निगम द्वारा जप्ती की जायेगी। अभी तक अवैध रूप से संचालित दुकानों एवं सड़कों पर यातायात बाधित करने वाले ठेलो को हटाते हुए सड़क को कब्जा मुक्त किया जा चुका है। साथ ही अधिकारियों को इन कब्जा मुक्त क्षेत्र में दोबारा कब्जा ना हो इसके लिए लगातार कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये गये है। त्योहारी सीजन में सड़क बाधित करने,दुकान लगाने पर निगम की नजर रहेगी। ऐसा देखने जाने पर जुर्माना के साथ सामान जब्त की कार्रवाही की जाएगी।आयुक्त के निर्देश पर यातायात व्यवस्था सुगम बनाये जाने के लिए कुछ उपाय किये किये गए है। जिसमें दुकानदारो को चिन्हित कर समझाईश दी जा रही है। फिर भी अगर नही माने तो कार्रवाही की जाएगी।

# शासन की महत्वकांशी योजना मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के क्रियान्वयन हेतु नोडल अधिकारी ने की समीक्षा

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत 5 मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन किया जा रहा है, आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर संचालन कार्य की समीक्षा करते हुए नोडल अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा ने कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर यूनिट में कार्यरत डॉक्टर एवं स्टाफ से चर्चा की तथा योजना का सुचारू रूप से क्रियान्वयन हो इस पर गंभीरता दिखाई एवं शिविर पर उपस्थित मरीजों के प्रति समुचित व्यवहार को ध्यान रखने कहा, उन्होंने आवश्यक जांच किट की उपलब्धता को सुनिश्चित करने वेंडर को समझाइश दी। नोडल अधिकारी जी ने शिविर का सही समय शासन द्वारा निर्धारित समय पर संचालन का आवश्यक ध्यान रखने को कहा एवं आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के विषय मे भी चर्चा की तथा इस सम्बंध में सीएमएचओ को नगर निगम के माध्यम से पत्र प्रेषित करने को कहा।निगम क्षेत्र में मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन किया जा रहा है. स्वास्थ्य अधिकारी व नोडल अधिकारी धर्मेंद्र मिश्र ने शिविर स्थल पर आने वाली परेशानियों का भी यूनिट के मेडिकल ऑफिसर से जायजा लिया, एवं इसके त्वरित निराकरण हेतु आश्वासन दिया। उन्होंने योजना के प्रगति हेतु भी कुछ आवश्यक सुझाव भी यूनिट के डॉक्टर्स से साझा किए। बैठक में उपस्थित, सहायक नोडल प्रताप सोनी प्रोजेक्ट मैनेजर ए.पी.एम एवं पी.आई.यू जिला समन्वयक, वेंडर बव्या हेल्थ सर्विसेज एवं सभी के मेडिकल ऑफिसर एवं स्टाफ नर्स, फर्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन) उपस्थित रहे।

# हरियाणा में भाजपा की सरकार बनने पर उत्तर पाटन मंडल के कार्यकर्ताओं ने किया मुंह मीठा

पायनियर संवाददाता < अम्लेश्वर
www.dailypioneer.com



प्रदेश भाजपा के नेतृत्व में पाटन विधानसभा क्षेत्र के उत्तर मंडल अंतर्गत रेस्ट हाउस जामगांव (एम) में सदस्य अभियान को लेकर के बैठक आयोजित किया गया। जहां कार्यकर्ताओं को पूर्व सांसद मधुसूदन यादव के द्वारा संबोधित किया गया। वहीं उत्तर भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने हरियाणा में हुए भाजपा की जीत की खुशी में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी एवं फटाका फोड़े। मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की हरियाणा की जीत नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व का जीत है। मोदी के गारंटी पर हरियाणा के जनता ने मुहर लगाई है। भाजपा पार्टी ही देश की जनता के उम्मीदो पर खरा उतर रही है। आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में त्रि स्तरी पंचायत चुनाव एवं नगरी निकाय का चुनाव संपन्न होना है। जिसमें स्थानीय सरकार आम नागरिक बनाएंगे और नरेंद्र मोदी एवं विष्णु देव के सरकार के योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने में स्थानीय कड़ी के रूप में भाजपा के उम्मीदवार को चुनेंगे। इस अवसर पर हर्षा चन्द्राकर जिला पंचायत सदस्य, कैलाश यादव महामंत्री, मोहन साहू युवा मोर्चा अध्यक्ष, फेरहाराम धीवर सांसद प्रतिनिधि, राजू साहू, गायत्री साहू, लक्ष्मी देवांगन, राम साहू, टिकेन्द्र वर्मा, धर्मेन्द्र कौशिक, विष्णु रिगरी, रमाकांत यादव, कुंदन देवांगन, मोहन सेन, विवेक कौशिक, ललित यादव, डोमन चन्द्राकर, राकेश चन्द्राकर, जितेन्द्र सेन, दिलीप देवांगन, बिशेश्वर यादव, ओमकार कौशिक, कुनाल वर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# निगम की दुकानों का किराया न चुकाना पड़ेगा महंगाः ताला, सील, मोहर व लाल कपड़ा साथ लेकर चलने की तैयारी

## दुकान सील कर करेगी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर के नगर निगम की दुकानों का किराया और टैक्स न चुकाने वाले सावधान हो जाएं। क्योंकि अब ऐसे लोगों पर नगर निगम शिकंजा कसने की तैयारी कर रहा है। जल्द नगर निगम की टीम ऐसे बकायदारों की लिस्ट लेकर निकलेगी। साथ ही टीम अपने साथ अब ताला, सील, मोहर, और लाल कपड़ा भी लेकर चलेगी। ताकि अगर तत्काल नगर निगम का किराया और टैक्स आपने नहीं चुकाया तो आपकी दुकान या प्रतिष्ठान को तत्काल सील कर दिया जाएगा। साथ ही आपका आवंटन भी कैंसिल कर आपकी दुकान किसी और को आबंटन कर दी जाएगी। बकायदारों पर सख्ती करेगा निगम इसे लेकर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने बाजार अधिकारी थानसिंह यादव को निर्देश दिए है। निर्देश के बाद बाजार अधिकारी थान सिंह यादव द्वारा किराया और टैक्स नहीं चुकाने वालो की लिस्ट तैयार कर एक्शन मोड़ पर है। जिसमें उन्होंने नगर निगम की दुकानों के किराए और लाइसेंस की शत प्रतिशत वसूली कराने के लिए योजना बनाई जा रही है।बाजार अधिकारी ने बताया कि दुकानों के किराए और लाइसेंस वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। किराया वसूली के लिए नगर निगम के बाजार विभाग द्वारा टीम तैनात किए जायेगे और उन्हें वसूली का टारगेट भी दिया गया है।उन्होंने बताया कि रोजाना टीम साथ निकलेगी। यह

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने डेढ़ करोड़ के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

पायनियर संवाददाता < अम्लेश्वर
www.dailypioneer.com



पाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खम्हारिया कुरूदडीह में आज विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक पाटन भूपेश बघेल के द्वारा किया गया। आपको बता दें की सर्व यादव समाज, निषाद समाज, रंगमंच, सामुदायिक भवन, यादव समाज सहित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण पूर्व मुख्यमंत्री ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी एवं भगवान श्री कृष्ण के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक पाटन भूपेश बघेल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति मोनू साहू ने किया। विशेष अतिथि के रूप में संजय यदु अध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पाटन, ललित सिन्हा जोन प्रभारी, थानेश्वर यदु सेक्टर प्रभारी, सुमित चंद्राकर युवा कांग्रेस अध्यक्ष, पत्रकार बलराम यादव रहे। बघेल ने लगभग डेढ़ करोड़ रुपया के विकास कार्य का लोकार्पण कर अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस के शासन काल में विकास कार्य निरंतर जारी रहा अब प्रदेश में भाजपा के सरकार आने से विकास कार्य रुक गया है साथ ही छत्तीसगढ़ में चलने वाली जनकल्याण कारी योजना को भी बंद कर दिया है। लोगो को कांग्रेस शासन काल के कई योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। कार्यक्रम समापन बाद ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि ने बघेल का शाल श्रीफल से सम्मानित कर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सेक्टर प्रभारी थानेश्वर यदु ने किया आभार प्रकट ग्राम पंचायत सचिव ने किया। कार्यक्रम की तैयारी ग्राम पंचायत सरपंच शैल बाई बंजारे उप सरपंच संतोष टंडन सहित पंचगण और सर्व यादव समाज के द्वारा किया था। कार्यक्रम ग्रामवासी सहित सर्व यादव समाज के महिला पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सरपंच सचिव के फर्जी प्रस्ताव को लेकर ग्रामीण हुए लामबंद

- ग्राम पंचायत डिगनगर में बारूदी भंडारण का मामला

पायनियर संवाददाता < बलरामपुर
www.dailypioneer.com



जिले के राजपुर के ग्राम पंचायत डिगनगर में बारूदी भंडारण को लेकर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण लाम बंद हो कर एसडीएम कार्यालय पहुंचे एवं ज्ञापन सौंप कर एसडीएम से कार्रवाई की मांग की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव के द्वारा ठेकेदार से मिली भगत करके बगैर ग्राम सभा बुलाये हुए ही पंचों के फर्जी हस्ताक्षर के माध्यम से शारदा देवी के स्वामित्व की भूमि खसरा नम्बर 283/2 एवं 283/5 रकबा क्रमशः 0.210 एवं 0.170 हेक्टेयर पर संदीप कुमार आत्मज सदानन्द शर्मा को बारूद भण्डारण करने हेतु अनुमति दे दी गई है जो गैर कानूनी है। अगस्त माह 2024 को आयोजित ग्राम सभा में इसका विरोध करते हुए करवाई रजिस्टर मे ग्रामीणों के द्वारा विरोध दर्ज कराया गया था इसके बावजूद भी फर्जी दस्तावेज का सहारा लेकर बारूद भंडारण हेतु सहमति प्रदान कर दी गई है। उक्त मामले में संलिप्त ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव पर कार्रवाई करते हुए उस प्रस्ताव को निरस्त किया जाए। यदि प्रशासन द्वारा उक्त मामले को गंभीरता से नहीं लिया जाता है तो इसके लिए हम लोग जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। उक्त मामले मे राजपुर एसडीएम राजीव जेम्स कुजूर का कहना है कि बारूद भंडारण हेतु लाइसेंस लेना पड़ता है। जबकि पूर्व में ग्राम सभा के अनुमति नहीं ली गई थी फिर बीच में सरपंच एवं सचिन के द्वारा अनुमति जरी कर दी गई है। ग्रामीणों की शिकायत पर जांच करते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व मुख्यमंत्री ने करेला में किया विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन

पायनियर संवाददाता < रानीतराइ
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत करेला में नवरात्रि के पावन अवसर पर भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक पाटन छत्तीसगढ़ शासन का आगमन हुआ था। बघेल के द्वारा माता रानी का पूजा अर्चन कर ग्राम पंचायत करेला में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया गया। जिसमे सामुदायिक भवन साहू पारा, आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक दो भूमिपूजन, सिमेटीकरण बाजार चौक एंव साहड़ादेव चौक का किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री रहे। अध्यक्षता अशोक साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग ने किया। विशेष अतिथि के रूप में राजेश ठाकुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जामगांव आर, विधायक प्रतिनिधि भानु वर्मा, सेक्टर प्रभारी यादव रामसेन रहे। बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि कांग्रेस शासन काल में हर गांव में विकास की शुरुआत हुई थी। विकास कार्य के भूमिपूजन लोकार्पण हो रहा था। लेकिन जबसे प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है तब से विकास कार्य रुक गया है कही पर भी कोई काम नहीं हो रहा है। कानून व्यवस्था चरमरा गई है लूट पाट सहित मारपीट की घटना लगातार बढ़ रही है। जिस पर विष्णु देव सरकार अंकुश नहीं लगा पा रही है। अंत में बघेल ने उपस्थित लोगों को नवरात्रि की बधाई देकर विजय दशमी के शुभकामना दी। इस अवसर पर गोकुल ठाकुर, रोहित साहू, विजय कुमार बंछोर, धन्नु राम कवर, लक्ष्मी नारायण, परसादी कवर, बुध राम देशमुख, छन्नू यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



## कार्यालय अधीक्षण अभियंता
## लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर

Email-sepwdkanker.2010@rediffmail.com / se.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040

### // ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित सड़क एवं सप्लाई कार्यों हेतु दिनाँक 30.10.2024 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | एन.आई.टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 89 | 158929 | उप-संभाग केशकाल के अंतर्गत विभिन्न आकार के गिट्टी (crushed stone) & dust का सप्लाई (आपूर्ति) का कार्य। | 10.00 लाख |
| 02 | 90 | 158930 | उप-संभाग क्र. 01 कोण्डागांव के अंतर्गत विभिन्न आकार के गिट्टी, मुरूम एवं रेत सप्लाई (आपूर्ति) का कार्य। | 10.00 लाख |
| 03 | 91 | 158932 | उप-संभाग केशकाल के अंतर्गत जिला मार्ग एवं ग्रामीण मार्गों में कि.मी. स्टोन फिक्सिंग, पेटिंग एवं फिगरिंग का कार्य। | 10.00 लाख |
| 04 | 92 | 158933 | उप-संभाग क्र. 02 कोण्डागांव के अंतर्गत विभिन्न पुल पुलिया में कि.मी. स्टोन, पेंटिंग, फिंगरिंग एवं नंबरिंग कार्य तथा विभिन्न मार्गों में पेंटिंग, फिंगरिंग एवं साईन बोर्ड कार्य। | 10.00 लाख |
| 05 | 93 | 158934 | पखांजूर अनुविभाग के विभिन्न मार्गों पर 5th कि.मी. स्टोन, 0.20 कि.मी. स्टोन सांकेतिक बोर्ड कार्य। | 9.77 लाख |
| 06 | 94 | 158935 | उपसंभाग क्र. 01 नारायणपुर अंतर्गत पेटी बाजार सप्लाई का कार्य। | 10.00 लाख |
| 07 | 95 | 158936 | उपसंभाग नरहरपुर अंतर्गत पेटी बाजार सप्लाई का कार्य। | 10.00 लाख |
| 08 | 96 | 158937 | उपसंभाग चारामा अंतर्गत पेटी बाजार सप्लाई का कार्य। | 10.00 लाख |
| 09 | 97 | 159642 | उपसंभाग कांकेर अंतर्गत 03 नग विभिन्न मार्गों में रोड फर्नीचर एवं रोड मार्किंग कार्य। | 59.97 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय बेवसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।

**डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 30.10.2024 है।**

**नोट:- प्रथम आमंत्रण**

**टीप:-**1. निविदा क्र. 158935, 158936 एवं 158937 कार्य हेतु संबंधित कार्यक्षेत्र के नगर पंचायत/पालिका का वैध गुमास्ता प्रस्तुत करना अनिवार्य है एवं नगर पंचायत/पालिका की परिधि में दुकान/फर्म का होना अनिवार्य है।
2. निविदा क्र. 158933, 158934 एवं 159642 हेतु ठेकेदार को चेप्टर 8 आयटम नंबर 8.4, 8.5, 8.6, 8.7 एवं 8.13 हेतु अनुमोदित विशेष कंडिका अनिवार्य होगा।

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग कांकेर**
**मण्डल कांकेर**

G-242503101/3


## दुर्ग के सबसे बड़े गरबा उत्सव का समापन, आकर्षक लाइटें एवं साउंड ने बाधा शमां

# नवरात्र में गरबा का आनंद अलौकिक व अदभुत, पूर्व मुख्यमंत्री ने शानदार आयोजन के लिए महापौर बाकलीवाल ने की सराहना

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



मिनी स्टेडियम में नवरात्र पर्व पर आयोजित दो दिवसीय गरबा उत्सव के आखरी दिन बुधवार को रंग बिरंगी लाईट और लाईव म्यूजिक के बीच हजारो महिलाओं और बालिकाओं के साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निगम महापौर धीरज बाकलीवाल के साथ ताल में ताल मिलाकर देश भक्तिगीत मेरा रंग दे बसंती चोला, कर्पूर गौरम करुणावतारम व शिवशंभू के गीतो पर गरबा नृत्य किया। इससे पहले बघेल, पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा,निगम महापौर धीरज बाकलीवाल के साथ गरबा स्थल में पहुंचे और मां दुर्गा की आरती भी की। गरबा उत्सव की साज सज्जा आकर्षक सजावट के साथ बेहतरीन व्यवस्था को देखकर पूर्व मुख्यमंत्री बघेल अभिभूत हो गए। उन्होने कहा कि नवरात्रि पर्व में गरबा मां दुर्गा की आराधना के साथ हमारी संस्कृति को जीवन्त बनाते है। नवरात्र में गरबा का आनंद अलौकिक व अद्भुत है। भूपेश बघेल ने कहा कि इस शानदार आयोजन के लिए में महापौर धीरज बाकलीवाल व उनकी पूरी टीम को बधाई देता हूँ। मां जगदम्बा का आशीर्वाद आप सब पर बना रहे इसकी कामना करता हैं। पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू व पूर्व विधायक अरुणवोरा ने भी आयोजन के लिए महापौर धीरज बाकलीवाल की सराहना की। दो दिवसीय आयोजन में छालीवुड कलाकार आास्था शर्मा, काजल श्रीवास, ज्योत्सना ताम्रकार, बाल कलाकार दर्शन जैन, रोनित राय भी शामिल हुए। दोनो दिन हजारो की संख्या में श्रद्धालुओं ने देर रात्रि तक मां दुर्गा की भक्ति गीतों पर गरबा का नृत्य किया। एंकर के रूप में निकिता चौहान व जबलपुर बैण्ड पार्टी की प्रस्तुति सराहनीय रही। निगम महापौर धीरज बाकलीवाल ने दो दिवसीय आयोजन में गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराने पर श्रध्दालुओं और शहर की जनता का आभार व्यक्त किया है। बाकलीवाल ने आयोजन में शामिल हुए सभी अतिथियों का माता की चुनरी और मां दुर्गा की तस्वीर भेंट कर अभिनंदन भी किया। इस दौरान चरोदा महापौर निर्मल कोसरे ,रिसाली महापौर शशि सिन्हा, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, आरएन वर्मा, राजेन्द्र साहू, सभापति राजेश यादव, अल्ताफ अहमद, संजय कोहले, दीपक साहू, हमीद खोखर, भोला महोबिया, फतेह सिंह भाटिया सुशील भारद्वाज, संदीप वोरा, आयुष शर्मा, गौरव उमरे, चिराग शर्मा, अनुप वर्मा, निकिता मिलिन्द, अमोल जैन सहित अनेक लोग मौजूद थे। वही इस गरबा महोत्सव के सहयोगी संस्था रोटरी क्लब, जेसीआई, जैन सोशल ग्रुप, लायंस क्लब, अग्रवाल यूथ क्लब, वायई दुर्ग, प्रवीण भूतड़ा, दीपक जैन, योगेश राठी, ललित अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, मनीष सोनी ने इस भव्य गरबा आयोजन के लिए महापौर धीरज बाकलीवाल को बधाई दी। दो दिवसीय गरबा उत्सव का आयोजन निगम महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में किया गया था। दो दिनों के दौरान श्रध्दालु व जन सामान्य के साथ प्रशासन के अधिकारीगण भी शामिल हुए। श्रध्दालुओं ने इस आयोजन को दुर्ग भिलाई में हुए अब तक के सबसे बेहतरीन आयोजनों में से एक बताया है।

## संपादकीय

# गाजा में युद्ध एक साल से जारी

**गाज़ा में युद्ध** एक साल से जारी है और इसकी समाप्ति की कोई उम्मीद नहीं नजर आ रही है। युद्ध दूसरे साल में प्रवेश कर चुका है। इससे भयानक विनाश गंभीर होता जा रहा है तथा राजनीतिक व सैनिक टकराव पूर्णतः 'मानवीय संकट' में बदल गया है। इस्राइल और फिलिस्तीनी उग्रवादियों के बीच हिंसक टकराव से शुरू हुए इस युद्ध में अब लेबेनान और ईरान जैसी क्षेत्रीय शक्तियां शामिल हो गई हैं जिससे शांति की संभावनायें और धुंधली हो गई हैं। युद्ध का प्रभाव सीमाओं के पार भी दिख रहा है जिससे असंख्य सिविलियन हिंसा, विस्थापन और उत्पीड़न के दुष्चक्र में फंस गए हैं। युद्ध के एक साल बाद भी गाज़ा की जनता हिंसा का खामियाजा भुगत रही है। पूरा आस पड़ोस खंडहर में बदल गया है, आवश्यक ढांचागत संरचना बरबाद हो गई है तथा हजारों लोगों की जानें गई हैं। गाज़ा में 140 वर्ग मील की छोटी सी पट्टी में रहने वाले 2 मिलियन से अधिक लोग पहले ही गरीबी, बेरोजगारी और मूलभूत सेवाओं तक सीमित पहुंच के शिकार थे। युद्ध ने इन चुनौतियों को विनाशकारी स्तर तक पहुंचा दिया है। अस्पताल मरीजों से भरे हैं, स्वच्छ जल की कमी है तथा बिजली दिन में कुछ ही घंटे मिल रही है। संयुक्त राष्ट्रसंघ ने इस स्थिति को मानवीय विभीषिका कहा है। गाज़ा की अब लगभग आधी जनसंख्या विस्थापित है और सहायता तक



सीमित पहुंच के बीच भीड़ से भरे शरणस्थलों या अस्थाई शिविरों में रह रही है। वर्तमान समय में जारी नाकेबंदी के कारण इस पट्टी में आवश्यक सप्लाई नहीं पहुंच पा रही है जिससे आम नागरिकों की पीड़ा गहरा रही है। बच्चे खासकर भयानकतम परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं, उनमें से बहुतों की शिक्षा तक पहुंच नहीं है तथा उनको मानसिक स्वास्थ्य सहायता की जरूरत है। इससे युद्ध की विभीषिका और भयावह हो गई है।

इस्राइल और हमास के बीच स्थानीय टकराव से शुरू हुआ युद्ध अब व्यापक क्षेत्रीय टकराव में बदल गया है। इसमें लेबेनान के हिजबुल्ला तथा ईरान की सहायक शक्तियां लगातार भाग ले रही हैं। लेबेनान में मौजूद शक्तिशाली शिया उग्रवादी समूह हिजबुल्ला ने उत्तरी इस्राइल में हमले कर युद्ध का नया मोर्चा खोल दिया है। इससे इस्राइली सैनिक वहां पहुंच गए हैं जिससे लेबेनान के अस्थिर होने का खतरा पैदा हो गया है, जबकि यह देश पहले से ही अपने आंतरिक संकट से जूझ रहा है। हिजबुल्ला तथा अनेक अन्य फिलिस्तीनी समूहों का समर्थन करने वाले ईरान की संलिप्तता ने मामला और जटिल बना दिया है। तेहरान द्वारा इन समूहों का समर्थन एक व्यापक क्षेत्रीय रणनीति का हिस्सा है जिसका उद्देश्य पश्चिम एशिया में इस्राइली और अमेरिकन प्रभाव का मुकाबला करना है। ईरान की संलिप्तता बढ़ने के साथ ही व्यापक क्षेत्रीय युद्ध का खतरा और बढ़ गया है। अमेरिका तथा अन्य विश्व शक्तियों ने इस्राइल और ईरान के बीच पूर्ण युद्ध की संभावना पर चिन्ता प्रकट की है। राजनयिक प्रयास अब तक विफल रहे हैं तथा वार्तायें बार-बार टूटी हैं। हिजबुल्ला और ईरान की संलिप्तता से स्पष्ट है कि अब युद्ध केवल इस्राइल और गाज़ा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यापक भू-राजनीतिक संघर्ष का हिस्सा बन गया है। इससे शांति प्रक्रिया और जटिल हो गई है। तत्काल हस्तक्षेप न होने पर गाज़ा में मानवीय संकट और गहराएगा। यह टकराव ऐसे बिंदु पर पहुंच गया है जहां सैनिक तरीकों से मुद्दों का समाधान संभव नहीं है। समय तेजी से बीत रहा है। संयुक्त राष्ट्रसंघ को फौरन हस्तक्षेप कर क्षेत्रीय विभीषिका को विस्तार लेने से रोकना होगा।

# स्वच्छ भारत अभियान की प्रगति

**भूमिगत जल की गुणवत्ता तथा ठोस एवं द्रव कचरे के प्रबंधन तक स्वच्छ भारत अभियान की काफी उपलब्धियां हैं। लेकिन स्वच्छ भारत की दिशा में यह अभियान जारी रहना चाहिए।**



बी.के. सिंह
(लेखक, सेवानिवृत्त वन अधिकारी हैं)



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने 2014 में गांधी जयंती के दिन 'स्वच्छ भारत अभियान' शुरू किया था। इस अभियान ने दस साल पूरे कर लिए हैं और इस कालखंड में 120 मिलियन परिवारों को उनके घरों में सुरक्षित सफाई तक पहुंच सुनिश्चित की गई है। ग्रामीण परिवारों में शौचालयों ने जनता के जीवन में व्यापक परिवर्तन किया है। इससे खासकर मानव स्वास्थ्य और बेहतरी पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इसने खुले में शौच से मुक्ति दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान किया है। यूनीसेफ की 2018 में जारी रिपोर्ट के अनुसार इससे प्रति वर्ष जीडीपी के 5.2 प्रतिशत की बचत हुई है। इसके अन्य लाभों में भूमिगत जल का प्रदूषण रोकना, शिशु मृत्यु दर में कमी लाना तथा बच्चों की स्कूलों में उपस्थिति में सुधार शामिल हैं। हालांकि, लगभग 4000 शहरों को स्वच्छता और सफाई बनाए रखने का प्रमाण मिला है, पर प्रयोगकर्ताओं और प्रबंधकों के लिए इसे लगातार कारगर बनाए रखने तथा निरंतर प्रयोग की चुनौती बनी हुई है।

इस वर्ष 17 सितंबर, 2024 को प्रधानमंत्री के जन्मदिवस से 2 अक्टूबर, 2024 में गांधी जयंती तक भारतीय स्वच्छता का 'स्वर्णिम दशक' मनाया गया। इस लेख में मैंने इस अभियान की उपलब्धियों व कमियों को रेखांकित कर भविष्य के संभावित रोडमैप की रूपरेखा प्रस्तुत की है। स्थानीय संस्थाओं तथा सिविक संस्थाओं ने इस अभियान की सफलता में अपना योगदान दिया है। इस मोर्चे पर शहरी निगमों की वार्षिक रैंकिंग अत्यधिक प्रतियोगी रही है। इंदौर, मैसुरू तथा लखनऊ व अनेक अन्य शहरों ने इस रैंकिंग में उच्च स्थान प्राप्त किया है। इसने अनेक अन्य शहरों को अपनी रैंकिंग सुधारने को प्रेरित किया है। ठोस कचरे को सूखे और गीले कचरे के रूप में अलग-अलग करने में तेजी आई है। शहरी कचरे का प्रसंस्करण 2014 में 18 प्रतिशत था जो अब बढ़ कर 80 प्रतिशत हो गया है। लेकिन ठोस कचरे के निस्तारण स्थलों का प्रबंधन चुनौती बना हुआ है। सूखे कचरे से बिजली व बायोईंधन बनाने के काम में अभी तेजी नहीं आई है। हालांकि, गीले कचरे से कंपोस्ट तथा बायोगैस बनाने का काम तुलनात्मक रूप से बेहतर है। ज्यादा खोज, तकनीक का प्रयोग तथा निवेश गेमचेंजर साबित हो सकता है। बड़ी समस्या अनेक शहरों के आसपास लगभग 220 मिलियन टन कचरे का प्रबंधन है। राष्ट्रीय राजधानी के भीतर और उसके आसपास गाजीपुर, ओखला, भलस्वारा और बंधवारी में जमा कचरे के पहाड़ों से निपटना काफी कठिन है। हालांकि काफी समय से सरकारें, विशेषज्ञ और अदालतें इस पर ध्यान दे रही हैं, पर कोई कारगर समाधान नहीं निकला है।

द्रव कचरा ज्यादा बड़ी समस्या है। सिविक एजेंसियां सीवेज को खुले नालों में बहने की अनुमति देती हैं। उनको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसे सभी नाले ढके जांए नहीं तो सीवेज बाढ़ के पानी से मिल कर शहरी जल स्रोतों में मिल जाएगा। इसके साथ ही घरेलू सीवेज की लाइनों व सोक पिटों की समय-समय पर जांच होनी चाहिए और उनकी मरम्मत से यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि उनसे लीकेज न हो तथा भूमिगत जल स्रोत प्रदूषित न होने पाएं। जल भंडारों के प्रवेश स्थलों पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट-एसटीपी कारगर स्थिति में होने चाहिए ताकि बिना शोधन के अशोधित सीवेज जल भंडारों में न मिलने पाए। स्थानीय निकायों तथा नगरपालिकाओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लोग अपने घरों की सीवर लाइनों को स्टार्मवाटर ड्रेनों से न जोड़ें, जबकि घनी बसी मलिन बस्तियों में अक्सर यही होता है।

स्टार्मवाटर ड्रेनों में बहने वाला पानी सीधे जलभंडारों में बिना किसी शोधन के पहुंच जाता है। स्टार्मवाटर ड्रेनों में सीवेज मिलना काफी हानिकारक है और इसे हर कीमत पर रोका जाना चाहिए। बैंगलुरू नगर निगम 2005-2006 और 2006-07 में प्रति दिन 1400 मिलियन लीटर-एमएलडी सीवेज पैदा करता था, पर इसका 400 एमएलडी से भी कम एसटीपी से गुजरता था। एसटीपी से गुजरने का यह अर्थ नहीं कि इस मात्रा का शोधन हो चुका है, क्योंकि अक्सर एसटीपी के प्रबंधक बिजली से चलने वाली मशीने खर्च बचाने के लिए बंद कर देते हैं। वर्तमान समय में 1700 एमएलडी सीवेज बनता है और इसका लगभग तीन चौथाई एसटीपी से गुजरता है। दूसरे महानगरों की स्थिति भी लगभग ऐसी ही है। देश भर में एसटीपी क्षमता बढ़ाई जानी चाहिए ताकि भूमिगत जल का प्रदूषण रोका जा सके नहीं तो यहअनेक जल-जनित बीमारियों का कारण बन सकता है। इसके साथ ही प्रबंधन पर कठोर नजर रखनी चाहिए ताकि वे गलत काम न करें। प्लास्टिक और पालीथीन हमारे जीवन का अंग बन गई हैं। इससे हमारे, वन्यजीवों तथा मवेशियों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। खासकर सिंगल-यूज़ प्लास्टिक इधर-उधर फेंक दी जाती है और अंततः वह कचरे के पहाड़ों या जल भंडारों तक पहुंच जाती है। इसे मवेशी, जंगली जानवर व जलीय जीव खा लेते हैं जिनमें से कुछ की दम घुटने से मौत हो जाती है। इसे खाने वाली मछलियों और मांसाहारी लोगों द्वारा इन मछलियों के भोजन से खतरा और बढ़ जाता है। माइक्रोप्लास्टिक हमारे खून तक पहुंच गई है और स्वास्थ्य के लिए भयानक खतरा बन गई है।

ट्रेनों में 'बायो शौचालयों' का प्रयोग एक क्रांतिकारी कदम है। 2014 से पहले रेलों की पटरियां और यहां तक कि प्लेटफार्म भी मानव मल से भरे रहते थे। यह स्थिति बहुत घृणित थी और कोई इसे देखना नहीं चाहता था। लेकिन अब आश्चर्यजनक खोज से यह स्थिति बदल गई है। लेकिन बड़े शहरों से गुजरने वाली रेल लाइनों के किनारे अब भी दोनों ओर प्लास्टिकों और पालीथीनों के ढेर देखे जा सकते हैं। अक्सर इनको देखना बहुत कष्टदायक होता है। हमें अपने व्यवहार में परिवर्तन कर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्लास्टिक और पालीथीन का न्यूनतम उपयोग हो। हमें केन्द्र सरकार द्वारा सिंगल-यूज़ प्लास्टिक के प्रयोग पर लगाए प्रतिबंध का सम्मान करना चाहिए। इस संबंध में शिक्षा और जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए। ऐसा करके ही हम महात्मा गांधी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छता अभियान को सफल बनाने की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'स्वच्छ भारत अभियान' के माध्यम से गति दी है। गर्मी के मौसम में कचरा जलाना अक्सर खर-पतवार और कचरे से मुक्ति पाने का आसान साधान माना जाता है। पंजाब और हरियाणा में किसान अक्सर धान की फसल लेने के बाद खेतों में पराली जलाना खेतों को खाली करने का आसान साधन मानते हैं। खेत जल्दी से खाली कर वे गेंहूं बोना चाहते हैं। दुर्भाग्य से पराली जलाने का यह समय मौसम परिवर्तन के साथ होता है। इस मौसमी परिवर्तन के कारण हवा का प्रवाह लगभग नहीं होता है जिससे पराली जलाने से पैदा नाइट्रोजन आक्साइड और कार्बन डाईआक्साइड वातावरण के उच्च स्तरों पर जाने के बजाय बड़े शहरों में चारों ओर 'स्मॉग' के रूप में छा जाती है।

इसके कारण सांस लेने में कठिनाई होती है तथा नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा हो जाता है। हालांकि, अधिकांश जागरूक नागरिक अब अपने आसपास खर-पतवार और कचरा जलाने से रोकने लगे हैं। 'स्वच्छ भारत अभियान' के अंतर्गत हमें अनेक शैक्षणिक व जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। हमें यह बताने की जरूरत है कि जब खर-पतवार व कचरे के साथ प्लास्टिक और पालीथीन जलते हैं तो बहुत जहरीली गैसें निकलती हैं और आसपास खड़े रहना भी असंभव हो जाता है। ऐसे सारे उत्सर्जन 'ग्रीनहाउस गैसे' हैं जो उपयुक्त मौसम स्थितियों में वातावरण के उच्च स्तर तक पहुंच जाती हैं। इन गैसों में कार्बन डाईआक्साइड अक्रियाशील तत्व है जो वातावरण में सैकड़ों साल तक बनी रहेगी। इसके कारण तापमान में वृद्धि होती है। सारी दुनिया के लोग ग्लोबल वार्मिंग के कारण पैदा होने वाली भयानक स्थितियों का सामना कर रहे हैं जो हर साल बढ़ती जा रही हैं। हमें वातावरण में होने वाले इन परिवर्तनों से स्वयं को बचाने के लिए अपने व्यवहार में परिवर्तन करना चाहिए। यह 'स्वच्छ भारत अभियान' का व्यापक संदेश है।

# भारत के रतन टाटाः भारतीय उद्योग के महानायक और सेवा के प्रतीक



डॉ. राजाराम त्रिपाठी
राष्ट्रीय संयोजक,
अखिल भारतीय
किसान महासंघ
(आईफा)

रतन टाटा का देहावसान न केवल एक महान उद्योगपति की मृत्यु है, बल्कि भारतीय व्यवसायिक परंपरा और नैतिक मूल्यों की युगांतरकारी विभूति का अंत है। भले ही उनका पारसी रीति से अंतिम संस्कार हो, उनके विचार, सिद्धांत और योगदान सदैव अमर रहेंगे। वे सिर्फ एक महान कारोबारी नहीं थे, बल्कि उन्होंने भारतीय पारिवारिक व्यवसाय को उच्च आदर्शों पर स्थापित किया। अपने नेतृत्व से उन्होंने टाटा समूह को कई नए आयाम दिए और देश की लगभग दो पीढ़ियों के युवाओं को प्रेरित किया।

रतन टाटा ने व्यवसाय जगत में जो ऊंचे मानदंड स्थापित किए, वे सिद्धांतों और उसूलों के अनुपालन के लिए सदैव याद किए जाएंगे। उनके नेतृत्व ने हमें सिखाया कि व्यापार सिर्फ मुनाफे के लिए नहीं होता, बल्कि यह समाज और देश के प्रति जिम्मेदारी भी होती है। जहाँ कई कंपनियाँ मुनाफे में उनसे आगे निकल सकती हैं, वहीं सामाजिक जिम्मेदारी और नैतिकता में वे उनसे पीछे हैं। कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन - यह श्लोक उनके जीवन का सार था, जिसमें कर्म को महत्व दिया गया और फल की चिंता नहीं की गई।

**जमशेदजी से रतन तकः विरासत का शानदार सफरः-**

रतन टाटा ने अपने पूर्वज जमशेदजी टाटा के सिद्धांतों को और ऊँचाई तक पहुँचाया। व्यवसाय को उन्होंने एक पवित्र संस्कृति के रूप में देखा और समाज के प्रति अपने दायित्व को सबसे अधिक महत्व दिया। आज के समय में जहाँ कई उद्योगपति दिखावे और विलासिता में विश्वास रखते हैं, वहीं रतन टाटा ने सादगी और सेवा का मार्ग अपनाया। मेरे जेहन में आज भी मुंबई के ताज होटल में साधारण कपड़ों में गुलाब के पौधों को संवारते हुए रतन टाटा की तस्वीरें कैद हैं। उनकी वह सादगी और उनका प्रकृति प्रेम उनकी असल शख्सियत को बयां करता है।

**दूसरे धन कुबेरों से एकदम अलग थे रतन :-**

देश में कारोबार में ऊंचाइयों की चंद सर्वोच्च शिखरों को अगर देखा जाए तो एक ओर हमें ऐसे धन कुबेर नजर आते हैं जो अपने पारिवारिक आयोजनों में, जन्मदिन, शादी विवाह में देश विदेश की सबसे महंगे नचनिओं, गवैय्यों, अभिनेताओं और नेताओं को करोड़ों डॉलर यूरो की फीस भरकर अथवा मोटा चुनावी चंदा देकर अपने दरबार में बुलाकर नचाते और कोर्निश करवाते हैं। जबकि इनके पास इतनी अपार संपत्ति होने के



बावजूद, वे कभी दिखावे में नहीं उलझे। निश्चित रूप से अकूत संपत्ति के मालिक एवं आकर्षक व्यक्तित्व के स्वामी से विवाह कर घर बसाने के लिए कभी लाखों ललनाएं लालायित रही होंगी, लेकिन सोचने की बात है की एक व्यक्ति जो समूचे देश और समाज को अपना परिवार मानता है वह अपने देश पर सब कुछ न्योछावर करने के लिए विवाह तक नहीं करता।

**सामाजिक सेवा में उत्कृष्ट योगदानः-**

रतन टाटा का जीवन व्यवसाय से कहीं बढ़कर सामाजिक सेवा और मानवता के प्रति समर्पण का प्रतीक था। उनके नेतृत्व में, टाटा समूह ने न केवल उद्योगों में उन्नति की, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं भी शुरू कीं। सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामया की भावना को उन्होंने अपने जीवन में पूरी तरह अपनाया। उनके द्वारा शुरू किए गए शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सेवा के कार्यों ने उन्हें भारतीय समाज का एक मसीहा बना दिया।

**व्यक्तिगत प्रेरणा और व्यवसायिक योगदानः-**

मैं मूलतः किसान हूं, परंतु एक कदम आगे बढ़कर मैंने अपने कृषि उत्पादों, जड़ी बूटियों का मूल्य संवर्धन कर उसे छोटे से उद्यम में के रूप में स्थापित किया है। लाखों भारतीय उद्यमियों की तरह टाटा मेरे भी आदर्श थे। कुछ साल पहले जब मुझे 'उद्योग रतन टाटा अवार्ड' से मुंबई में सम्मानित किया गया, तो वह क्षण सिर्फ एक पुरस्कार नहीं, बल्कि प्रेरणा थी। वह प्रेरणा यह थी कि कोई भी व्यवसाय जब तक जनता के सुख-दुःख और समग्र समाज के विकास से नहीं जुड़ा होता, तब तक उसकी उन्नति अधूरी है। रतन टाटा ने साबित किया कि व्यवसाय की सच्ची सफलता मुनाफे में नहीं, बल्कि समाज और देश के प्रति सेवा में है। रतन टाटा के नेतृत्व में टाटा समूह ने वैश्विक स्तर पर भारतीय उद्योग का परचम लहराया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा मोटर्स, और टाटा स्टील जैसी कंपनियों ने भारत को दुनिया के शीर्ष उद्योगपतियों में स्थान दिलाया। उनकी दूरदर्शिता ने टाटा नैनो जैसी सस्ती और सुलभ कार बनाई, जिससे आम आदमी को भी कार खरीदने का सपना साकार हुआ। इसके साथ ही, उन्होंने स्टार्टअप्स में निवेश कर युवा उद्यमियों को भविष्य की दिशा दी।

**भारत रत्नः सुयोग्य पात्र का सही सम्मान**

'देर आयद दुरुस्त आयद' :- यह कहना गलत नहीं होगा कि रतन टाटा भारत के सच्चे रत्न थे। यदि उन्हें जीवित रहते भारत-रत्न पुरस्कार दिया जाता, तो वह पुरस्कार भी सार्थक हो जाता।

किंतु हमारे देश में जिस तरह मुंह देखकर और राजनीतिक विचारधारा तथा वोट बैंक के आधार पर सरकारी-अवार्ड यहां तक की पद्म अवार्ड भी रेवड़ियों की तरह अपनों में ही बंटते जाते हैं (अपवादों को छोड़कर) ऐसे में रतन टाटा जी के लिए भारत-रत्न की सिफारिश करने का कोई खास मतलब नहीं है। आखिरकार रतन टाटा कोई वोट बैंक तो थे नहीं। वह उस पारसी समुदाय से आते हैं, जिनकी संख्या वर्तमान में मुट्ठी भर (लगभग एक लाख मात्र है) और वह भी बढ़ने के बजाय धीरे धीरे कम होते जा रही है। अब चूंकि सरकार अवार्ड देने के साथ ही वोट-बैंक साधने के लक्ष्य को भी सर्वोपरि रखती है, इसलिए मुझे रतन टाटा जी के लिए भारत रत्न प्राप्त करना दूर की कौड़ी लगती है। फिर भी सरकारें कई बार माहौल को देखकर चौंकाने वाले निर्णय लेने में भरोसा रखती हैं, इसलिए अगर रतन टाटा को उनके प्रति उमड़ी जन भावनाओं के मद्देनजर, अगर किसी भी कारण से भारत-रत्न अवार्ड मिलता है तो यह इस अवार्ड के साथ भी सही न्याय होगा और यदि सरकार उन्हें भारत रत्न नहीं भी देती है तो इससे भी रतन टाटा की शख्सियत पर कुछ खास डेंट या असर नहीं पड़ने वाला। रतन टाटा की महानता किसी अवार्ड की मोहताज नहीं है। क्योंकि रतन टाटा तो भारत मां के असल लाल थे ही और चाहे उन्हें भारत रत्न मिले या न मिले, वे सदैव भारतीय जनता के दिलों में एक सच्चे 'भारत रत्न' के रूप में स्थापित रहेंगे।

**अनमोल विरासत का अमर मूल्यांकन**

रतन टाटा के योगदान का मूल्यांकन किसी भी पैमाने पर किया जाए, वह असीम और अनमोल है। उनके सिद्धांत हमें यह सिखाते रहेंगे कि व्यवसायिक सफलता का वास्तविक अर्थ क्या होता है। उनके जाने से भारत ने केवल एक उद्योगपति ही नहीं, बल्कि एक महान मार्गदर्शक और राष्ट्रसेवक को भी खो दिया है। रतन टाटा जी की सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके दिखाए मार्ग पर चलें और उनके उसूलों का पालन करें। उन्होंने जो नैतिक मूल्यों और सिद्धांतों की धरोहर हमें सौंपी है, वह हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी। अंत में मैं यही कहना चाहूंगा कि न तस्य प्रतिमा अस्ति यानि कि उनकी कोई तुलना नहीं। रतन टाटा जैसा कोई दूसरा न था, न है और न शायद कभी होगा।

## आप की बात

### मोदी का नेतृत्व

**हरियाणा** व जम्मू-कश्मीर के चुनाव परिणामों ने मोदी के नतृत्व को नई ऊंचाइयां प्रदान की है। जम्मू-कश्मीर के चुनाव परिणामों ने जन-भागीदारी और बुलेट पर बैलेट को भारी बना दिया है। यह भारतीय लोकतंत्र की विजय है। कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग बेशक जोर पकड़ रही है मगर वहां सत्ता की बागडोर संभालने वाले दलों के घोषणा पत्रों को देखते हुए फ्लिहाल कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाना उचित नहीं होगा। यह दल पाक-परस्त हैं और उनके सत्ता में रहने से पाकिस्तानी आतंकवादियों के हौसले बुलंद हो सकते हैं। ऐसे में सत्ता के सूत्र उप-राज्यपाल के हाथों में ही सुरक्षित रहेंगे। दिल्ली में भी ऐसी ही स्थिति होने के बावजूद केजरीवाल ने जो गुल खिलाए हैं उससे सबक लेकर जम्मू कश्मीर की वर्तमान व्यवस्था बनाए रखना ही उचित होगा। जम्मू कश्मीर के उप-राज्यपाल को अन्य पूर्ण राज्यों के राज्यपाल की तुलना में अधिक अधिकार प्राप्त हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने भी उप-राज्यपाल को ऐसे अधिकार देना उचित ठहराया है। उम्मीद करनी चाहिए कि उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में बनने वाली सरकार केन्द्र से टकराव के बजाय राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा उसके त्वरित विकास पर जोर देगी जिसे प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में काफी गति मिली है।

–**सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### यूरोपीय संघ पर संकट

**31 जनवरी 2020** को ब्रिटेन ने जो कारण बताकर यूरोपीय संघ की सदस्यता विधिवत छोड़ी थी, लगता है वही अब इस संगठन में टूट का कारण बनने जा रहा है। क्षेत्रीय आर्थिक असमानताओं व सांस्कृतिक कारणों के साथ लंबे समय से आर्थिक गिरावट से पीड़ित बहुत से लोग अप्रवासी-विरोधी और यूरोपीय संघ-विरोधी विचारों को अपनाने लगे हैं। आज भी संघ के भीतर कई देशों में वह विचार पनप रहा है कि यूरोपीय संघ की सदस्यता के कारण राष्ट्रीय संप्रभुता में कमी के लिए बाध्य होना पड़ता है। इसके साथ ही उनको जटिल नौकरशाही का सामना करना पड़ रहा है जिससे सांस्कृतिक और पहचान संबंधी चिंताएँ सताने लगी हैं, प्रवास संबंधी चिंताएँ बढ़ने लगी हैं तथा आर्थिक चुनौतियों का सामना भी करना पड़ रहा है। अब यूरोपीय संघ के कई देश अंतररिक सुरक्षा का हवाला देकर अपने अपने देश की सीमाओं को एक निश्चित समय के लिए बंद करने का ऐलान कर रहे हैं। इनमें स्वीडन, ऑस्ट्रिया, जर्मनी, स्लोवानिया, इटली, नॉर्वे व फ्रांस शामिल हैं। कई देश चीनी आयतों पर प्रतिबंध लगाने संबंधी संघ के फैसले का विरोध कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि यूरोपीय संघ पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं।

– **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### चुनाव परिणाम

**हरियाणा** व जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद स्पष्ट है कि हरियाणा में भाजपा व जम्मू कश्मीर में नेशनल कान्फ्रेंस पूर्ण बहुमत की सरकार बना रहे हैं। हरियाणा की जनता ने एग्जिट पोल के उलट नतीजे दिए हैं। कांग्रेस 37 सीट पर सिमट गई, जबकि बीजेपी ने आश्चर्यजनक रूप से 48 सीट पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। बीजेपी को बड़ा नुकसान कश्मीर संभाग में हुआ है जहां नेशनल कांफ्रेंस ने पीडीपी को भी पछाड़ते हुए बड़ी जीत हासिल की है। एक चौंकाने वाले घटनाक्रम में अप्रत्याशित रुख अख्तियार करते हुए कांग्रेस ने हरियाणा के परिणाम को सिरे से खारिज करते हुए शासन तंत्र पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस मुद्दे पर कांग्रेस चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटायेगी। हरियाणा के चुनाव परिणामों को देखते हुए महाराष्ट्र, झारखंड, दिल्ली व बिहार के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को अपनी रणनीति पूरी तरह बदलनी होगी। अब भाजपा अति-उत्साह से काम करेगी। राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो जम्मू कश्मीर के चुनाव सफ्लतापूर्वक बिना हिंसा के संपन्न करने के लिए निर्वाचन आयोग, भारत सरकार, जम्मू कश्मीर के उप-राज्यपाल, पुलिस तथा सेना व अर्धसैनिक बलों को धन्यवाद दिया जाना चाहिए।

–**वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### भाजपा की विजय

**राजनीतिक विश्लेषक** और एग्जिट पोल मैनेजर पक्षपातपूर्ण मिथकों के साथ भविष्यवाणी कर रहे थे, क्योंकि उन्हें शायद हरियाणा में भाजपा से एलर्जी थी। हरियाणा में सत्तारूढ़ भाजपा ने न केवल प्रचंड बहुमत हासिल किया है बल्कि उसके द्वारा विकास परियोजनाओं को दी गई गति भी मतदाताओं को बहुत पसंद आई है। इस प्रकार भाजपा बहुसंख्य जनता की उम्मीदों पर खरी उतरी और देश में डबल इंजन वाली सरकारें सबसे ज्यादा पसंद की गईं। सत्ता-विरोधी लहर भी राज्य में भाजपा को कमजोर नहीं कर सकी। मनोहर लाल खट्टर की जगह नायब सिंह सैनी को पूरे राज्य में व्यापक रूप से स्वीकार किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए याद दिलाया कि हरियाणा राज्य बनने के बाद पहली बार दो कार्यकाल पूरे करने के बाद किसी पार्टी को ज्यादा सीटों और ज्यादा मत-प्रतिशत से जनता का आर्शीवाद मिला है। हरियाणा में भाजपा की ऐतिहासिक विजय से उत्साहित कार्यकर्ता आगामी चुनावों में भी पार्टी को विजय दिलाएंगे।

**युगल किशोर शर्मा**, फरीदाबाद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# परिवार पिंडदान करते हैं, तो सूक्ष्म शरीर का निर्माण होता है, जो पिंडदान नहीं करता, उसे भारी हानि भोगना पड़ता है : रुचिता तिवारी




पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

श्री दुर्गा सेवा समिति गंजपारा बालोद के तत्वावधान में महादेव भवन में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा के आठवें दिन गुरुवार को कथावाचक लाडली रुचिता तिवारी ने देवियों के अवतार पर कथा सुनाई। हर रोज की तरह आज भी कथा पंडाल में देवी की नौ रूपों झांकियों व भजनों में भक्त झूमते हुए नजर आए। जीवन में भजन का महत्व बताते हुए कथावाचक रूचिता तिवारी ने कहा कि 100 कार्य को छोड़कर भोजन करें, हजार कार्य को छोड़कर स्नान करें, लाख कार्य को छोड़कर दान करें, करोड़ों करोड़ों कार्य को छोड़कर भजन करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जीव को भगवान का सहारा लेना चाहिए, बिना उसके जीवन को पार नहीं लगा सकते। जिंदगी और मौत के बारे में बताया कि जीवन की सबसे बड़ी सच्चाई मौत है। अटल सत्य है पर कड़वा है। जीने के लिए सभी सोचते हैं मरने लिए कोई नहीं सोचते हैं। व्यक्ति को जीवन से ज्यादा मौत के बारे में सोचना चाहिए, मौत के पहले हमें सेट पुण्य काम कर लेना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि जीवन में आत्मा तीन होते हैं। पहला जीव आत्मा जिसमें हम सब शामिल हैं, दूसरा महात्मा जिसमें ऋषि मुनि आदि आते हैं और तीसरा परमात्मा हैं।

जीवन में उत्सव कब मनाएं इसे लेकर रुचिता तिवारी ने कहा कि जीवन में हर रोग उत्सव मनाना चाहिए उन्होंने कहा कि उत्सव मनाने का सबसे अच्छा दिन मौत के 1 दिन पहले है। कहानी के जरिए वृतांत सुनाते हुए कहा कि जब हमें पता ही नहीं कि मौत कब आएगी तो उसके एक दिन पहले उत्सव मनाने का अर्थ है कि हर रोज उत्सव मनाओ। उन्होंने कहा कि जैसे ही जीव गर्भ से बाहर निकलते हैं, लोग मोह में पड़ जाते हैं, सबसे बड़ा धोखा है जिंदगी, कब धोखा देकर चले जाए पता ही नहीं, जिंदगी में सबसे बड़ी मजबूरी आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति से व्यवहार बनाएं, आवश्यकता रुला सकती है और हँसा भी शक्ति है। भगवान को भाव से रिझाए, मंत्र की आवश्यकता नहीं है। भगवान शब्द को नहीं भाव को देखते हैं। भगवान भाव के भूखे हैं। भक्त का पड़ला भारी होता है। भगवान कहते हैं कि मेरे भक्त के लिए नर्क जाना पड़े तो जाऊंगा। भगवान को ज्ञानी अच्छे नहीं, भक्त अच्छे लगते हैं। भगवान बोले ज्ञानी मेरी आत्मा है तो भक्त स्वयं परमात्मा है। नरक का वर्णन करते हुए कथा वाचक रुचिता तिवारी ने कहा कि जो जैसा कर्म करेगा वैसा ही उसको फल मिलेगा। बताया कि 28 नरक होते हैं। अच्छा करते हैं, तो स्वर्ग और गलत करोगे तो नर्क में जाओगे। गलत कर्म करोगे उसे तो भोगना पड़ता है। संत का अनादर, कुकर्म करोगे तो नरक जाओगे। संतों का सम्मान करोगे, बड़ों का आदर करोगे, माता-पिता की सेवा करोगे, गुरुओं का सम्मान करोगे, सत्य बोलोगे तो स्वर्ग जाओगे। हम अपने स्वाद के लिए जीव की हत्या करते हैं शरीर होते हैं प्राण दो होते स्थूल शरीर और सूक्ष्म शरीर होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि भगवान ही प्रकृति है, जो भगवान के अधीन होते हैं। कालचक्र आते हैं सुख दुख आते हैं, जो परिवार पिंडदान करते हैं तो सूक्ष्म शरीर का निर्माण होता है, जो पिंडदान नहीं करता भारी हानि को भोगना पड़ता है।

### गलत कर्म करोगे उसे तो भोगना पड़ता है

### कथा का समय आज सुबह साढ़े 9 बजे से

दुर्गा अष्टमी में हवन होने के चलते प्रवचन का समय आज 11 अक्टूबर को सुबह साढ़े 9 बजे से रखा गया है। वहीं दुर्गा मंदिर में हवन पूजन संध्या 4 बजे रखा गया है। वही रात 8 बजे कथाव्यास रुचिता तिवारी द्वारा देवी भजन का कार्यक्रम महादेव भवन में देवी भागवत पंडाल में रखा गया है। गुरुवार की कथा में गंगा, लक्ष्मी एवं सरस्वती का परस्पर श्राप गंगा की उत्पत्ति किस प्रकार हुई, भगवती तुलसी देवी का प्राकट्य,सावित्री देवी की कथा विस्तार पूर्वक बताई गई। कथा के दौरान मां दुर्गा की भव्य झांकी निकाली गई। मां दुर्गा की झांकी निकलते ही भक्तगण पूरे पंडाल में सेवा गीत में झूमने लगे।

# दुर्ग ब्लाक स्तरीय महिला खेल स्पर्धा पुरई में 16 को

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com

खेल एंव युवा कल्याण विभाग के द्वारा दूर्ग ब्लाक के ग्राम पुरई में 16 अक्टूबर की सुबह 8 बजे से दुर्ग विकासखंड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन किया गया है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक से मिली जानकारी अनुसार दुर्ग ब्लाक के ग्राम पुरई में विकास खंड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता के अन्तर्गत एथलेटिक्स (100 मीटर एवं 400 मीटर दौड, गोला एवं तवा फेक), खो-खो, हॉकी, बैडमिंटन (सिंगल एवं डबल), कुश्ती (50 किलो एवं 53 किलो), वेटलिफ्टिंग (40 किलो एवं 45 किलो), रस्साकशी, व्हॉलीबाल, बास्केटबॉल एवं फुटबॉल खेल की स्पर्धाये होंगी। महिला खेल प्रतियोगिता अंतर्गत 02 आयुवर्ग में महिला खिलाड़ियों को भाग लेने की पात्रता 09-18 वर्ष तक एवं 18 से ऊपर 35 वर्ष तक होगी। प्रतियोगी पंजीयन के लिए अपना आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र लेकर प्रतियोगिता स्थल में पहुंचेंगे। 18 से 35 आयुवर्ग के लिए वर्ष 01 जनवरी 1989 से 01 जनवरी 2006 तक एवं 09-18 आयुवर्ग के लिए वर्ष 1 जनवरी 2007 से 01 जनवरी 2015 तक के प्रतियोगी भाग लेंगे। विकासखण्ड स्तर पर उपरोक्त खेलों के आयोजन में दोनों आयुवर्ग से प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी/दल जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। प्रतिभागी अपनी विकासखण्ड स्तर पर ही खेल में भाग लेंगे एवं एक खिलाड़ी एक ही खेल में भाग लेंगे। प्रतिभागियों को निर्धारित समय से पहले पहुंचकर अपना जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड लेकर निर्धारित प्रपत्र को भर कर संबंधित विकासखण्ड आयोजन प्रभारी के पास जमा करने कहा गया है। विकासखण्ड दुर्ग अंतर्गत शास.उ.मा. पुरई हेतु पीटीआई अशोक रिगरी को खेलकूद प्रभारी बनाया गया है।

# शिकसा ने माता का जगराता का किया आयोजन

## शिकसा हर पर्व व त्योहार का सम्मान करता है : शिवनारायण

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com



शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने अश्विन नवरात्रि के अवसर पर कार्यक्रम शिकसा माता का जगराता का आयोजन संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान की उपस्थिति व टीकाराम सारथी हसमुख प्राचार्य चुरतेली के अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना हेमा चन्द्रवंशी व राजगीत एस.वीणा पटेल ने प्रस्तुत कर किया। सर्वप्रथम संस्थापक व संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस ने कार्यक्रम पर डालते हुए कहा कि हम छत्तीसगढ़ के हर पर्व व त्योहार का सम्मान करते हुए आपस में बैठकर मनाते है इसी कड़ी में आज माता का जगराता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान ने अपने उदबोधन में कार्यक्रम पर बात रखा और बताया कि शिकसा निरंतर हर कार्यक्रम करते हुए मिशाल बन चुका है। कार्यक्रम के अध्यक्ष टीकाराम सारथी हसमुख ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में कहा शिकसा का हर कार्यक्रम सराहनीय व प्रसंशनीय है।जिसे एक परिवार के रूप में आस ने जोड़कर रखा है। माता के जगराता में हरनारायण साहू, दिलीप श्रीवास, शिवकुमार अंगारे, मोहित कुमार शर्मा, चन्द्रकला शर्मा, ओजस्वी साहू, विंध्यवासिनी पांडे, अनिता श्रीवास, अश्वनी कुमार उइके, सुनीता चौधरी, कामती ठाकुर, प्रियंका सिन्हा, शशिकला पाण्डेय, नीता त्रिपाठी, डॉ.प्रमोद कुमार आदित्य, रेखा पात्रे, ओ.पी.कौशिक, नैना साहनी, देवनारायण राज, शकुतंला सहंश, रामकुमार पटेल, गुंजन वार्ष्णेय, हेमराज निषाद, सावित्री शराफ किरण शर्मा, हरमन कुमार बघेल आदि ने गीत व कविता की प्रस्तुति किया। कार्यक्रम का संचालन हरमन कुमार बघेल व आभार प्रदर्शन डॉ.शिवनारायण देवांगन आस ने किया।

# भाजपा नेता देवलाल ठाकुर के रेफरल कोड से जुड़े 10 हजार से अधिक कार्यकर्ता

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रवक्ता व जनसेवक डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र देवलाल ठाकुर की लोकप्रियता शुरुवात से ही देखी जाती है। जिसका परिणाम वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाया जा रहा सदस्यता अभियान में देखा गया। जिसमे देवलाल ठाकुर ने कुछ ही समय में 10 हजार से अधिक लोगो को अपने रेफरल कोड के माध्यम से जोड़ा है। सबसे बड़ी बात है कि 10 हजार लोगों में से 7000 से ज्यादा 18 वर्ष के ऊपर के युवाओं को जोड़ा गया है जो नये मतदाता है। देवलाल ठाकुर भारतीय जनता पार्टी के काफी लोकप्रिय नेता डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में माने जाते है और निरंतर पार्टी के लिए काम कर रहे हैं। इसी का परिणाम है। कि पूरे बालोद जिले में सबसे ज्यादा सदस्यता डौंडीलोहारा विधानसभा में हुवा है। 07/10/2024 तक डौंडी लोहारा विधानसभा में 30381 सदस्य ऑनलाइन बनाये जा चुके हैं। वही संजारी बालोद विधानसभा में 21525 सदस्य व गुंडरदेही विधानसभा में 20174 सदस्य ऑनलाइन बनाये गए हैं। देवलाल ठाकुर ने बताया कि वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार है और विकास के कार्य में भी डबल गति प्रदान हो रही है। डौंडी लोहारा विधानसभा के 270 बूथों पर देवलाल ठाकुर स्वयं रोज के सदस्यता का अपडेट भाजपा कार्यकर्ताओं से लेते है। और ज्यादा लोगो को कैसे भाजपा से जोड़ा जाये इसके लिए हर दिन रात को अपनी टीम के साथ बैठकर अगले दिन की कार्ययोजना तैयार करते है। लगातार 1 माह से सिर्फ सदस्यता अभियान में फोकस कर रहे। देवलाल ठाकुर सहज सरल और मिलनसार व्यक्तित्व के व्यक्ति हैं और वह लगातार अपने क्षेत्र का दौरा कर लोगों की समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं। साथ ही लगातार अन्य समाज के साथ साथ आदिवासी समाज को भाजपा से जोड़ने का काम कर रहे।

# ग्राम कामठी शिव मंदिर में स्थापित दुर्गा प्रतिमा का पूजा अर्चना कार्यक्रम में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com





पंडरिया विधानसभा के ग्राम कामठी शिव मंदिर में स्थापित दुर्गा प्रतिमा पूजा में शामिल होने पहुँचे उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मंदिर प्रांगण स्थापित माँ दुर्गा का पूजा कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने इस अवसर पर कहा माँ दुर्गा समस्त ग्राम वासियों को सुख समृद्धि प्रदान करें। आपको बता दे कुछ दिवस पूर्व ग्राम कामठी में मूर्ति स्थापना को लेकर दो पक्षों में विवाद सामने आया था इस पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कोई विवाद की स्थिति नही है आज परिसर में सभी मंदिरों में जाकर हमने पूजा अर्चना की है। कैसे कोई किसी को पूजा करने से रोक सकता है यदि रोका जाता है तो यह गैर कानूनी है। गाँव मे सभी समाज के लोग मिलजुलकर अपनी पूजा अर्चना करते रहे है। कुछ ऐसे लोग विगत वर्षो में क्षेत्र में सक्रिय रहे है जो समाज मे मतभेद पैदा कर दूसरी दिशा में ले जाना चाहते थे। गाँव में सभी वर्गो के समाज प्रमुख, सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष विकास मरकाम अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष, केंद्रीय प्रतिनिधि व पंडरिया राज परिवार के उपस्थिति में सभी मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना किये है। मंदिरों में नाम बदलना प्रक्रिया हुई है तो यह भी गलत है। मंदिर में सबको पूजा अर्चना करने का अधिकार है। ये विरोध करने वाले वही लोग है जो लोगो को अलग दिशा में ले जाना चाहते है वही राष्ट्र विरोध की दिशा में फिर धर्म विरोध की दिशा में ले जाने का प्रयास करते है। इसे अलग दिशा में ले जाने का सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में तनाव बनाने का प्रयाश उचित नही है। प्रशासन का काम है समाज के निर्देशों का पालन करना। प्रशासन अपना काम करेगा किसी को भी किसी का पूजा रोकने का अधिकार नहीं है। विधायक पंडरिया भावना बोहरा, जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट,महामंत्री संतोष पटेल, उपाध्यक्ष कैलास चंद्रवंशी, मनीराम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# नृत्य कला मंदिर डांडिया नाइट्स 2024 में शामिल हुए विधायक व राग्रापिविप्रा के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर




पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत रिसाली स्थित छोटा दशहरा मैदान में आयोजित नृत्य कला मंदिर डांडिया नाइट्स 2024 में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित होकर डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियों का आनंद लिया व नवरात्रि के इस पावन पर्व पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। साथ ही, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उनके उत्कृष्ट सेवाओं और समर्पण के लिए शाल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह देकर विशेष सम्मानित किया। इस आयोजन ने पूरे क्षेत्र में उत्साह और उमंग का संचार किया व आप सभी से मिले स्नेह सम्मान हेतु आभार। इस अवसर पर प्रमुख रूप से आयोजन पार्षद धर्मेंद्र भगत, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे, महामंत्री राजू जंघेल, मंत्री अजीत चौधरी, अनुपम साहू जी, रिसाली नगर पालिका निगम महापौर शशि सिन्हा, पार्षद सीमा साहू, पार्षद जमुना ठाकुर, समाज सेवी सोनूराम सिंग, दीप्ति राठौर, सरोज, अन्नु, मनवित, डॉ संजय गोयल, विक्रांत सिंग, संतोष चौधरी, राकेश भगत, अमित शाह, शुभम प्रसाद, रवि ठाकुर, गगनदीप सिंह संचालिका रानी नंदनी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री आवास मेला में शामलि हुए कलेक्टर चंद्रवाल

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे 07 अक्टूबर को जिले के डौण्डी विकासखण्ड के प्रवास के दौरान ग्राम पटेली में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के आवास मेला में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों को नवीन आवास निर्माण का स्वीकृति पत्र प्रदान कर उन्हें शीघ्र आवास निर्माण कर अपने नए घर में प्रवेश करने की शुभकामनाएं भी दी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत ग्राम पटेली कुल 85 ग्रामीणों को पात्रतानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति मिली है। उन्मुखीकरण कार्यशाला के दौरान इन सभी 85 हितग्राहियों को आवास योजना की स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान आवासहीन परिवारों को पक्का आवास प्रदान करने हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के फलस्वरूप उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलने पर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। त्यौहार के सीजन में ग्राम पटेली एवं आसपास के ग्रामीणों को बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवास योजना की सौगात मिलने पर ग्रामीणों की खुशियाँ दोगुनी हो गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आवास योजना की सौगात मिलने पर ग्रामीण बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। लाभान्वित हितग्राहियों ने केन्द्र व राज्य सरकार के संवेदनशील निर्णय के फलस्वरूप उनके आवास निर्माण के बहुप्रतीक्षित सपना साकार होने पर इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

# ठेका कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा का हुआ भुगतान

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



लौह अयस्क समूह राजहरा के ठेका कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा देने वाले शहीद अस्पताल एवं ज्योति हॉस्पिटल को 7 अक्टूबर को भुगतान प्रारंभ हो गया है। पूर्व में वर्ष 2022 में लौह अयस्क प्रबंधन एवं विभिन्न श्रमिक संगठनों के साथ हुए समझौते के अनुपालनार्थ 6 माह से ठेका श्रमिकों को शहीद अस्पताल एवं ज्योति हॉस्पिटल से हुए समझौते के तहत ओपीडी में चिकित्सा सुविधा दी जा रही थी किंतु कतिपय तकनीकी दिक्कतों के चलते अस्पतालों में चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने वाले ठेका श्रमिकों की चिकित्सा राशि का भुगतान लंबित था। भिलाई इस्पात संयंत्र के वित्त विभाग,कार्मिक विभाग एवं लौह अयस्क समूह राजहरा के उच्च प्रबंधन के लंबे अथक प्रयासों से अस्पतालों को दी जाने वाली चिकित्सा राशि का प्रथम भुगतान 7 अक्टूबर को किया गया ।भुगतान की प्रक्रिया को मूर्त रूप देने में लौह अयस्क समूह राजहरा के मुख्य महाप्रबंधक आर बी गहरवार, वित्त विभाग राजहरा के प्रमुख वरिष्ठ प्रबंधक स्वप्निल श्रीवास्तव एवं कार्मिक विभाग के डॉक्टर के एस बघेल का योगदान रहा। 7 अक्टूबर को मुख्य महाप्रबंधक (खदान) के कार्यालय में ज्योति हॉस्पिटल के प्रमुख डॉक्टर अशोक कुमार ठाकुर एवं शहीद अस्पताल के प्रमुख डॉ शैवाल जाना को आमंत्रित कर मुख्य महाप्रबंधक खदान आर बी गहरवार ने वित्त विभाग राजहरा के प्रमुख स्वप्निल श्रीवास्तव एवं कार्मिक विभाग के सहायक प्रबंधक शैलेश पटनायक की उपस्थिति में भुगतान रकम चेक प्रदान की। डाक्टर शैवाल जाना एवं डॉक्टर अशोक कुमार ठाकुर ने भुगतान प्राप्त करने पर बीएसपी प्रबंधन को धन्यवाद ज्ञापित कर खुशी जाहिर की।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस' पर जिला अस्पताल में किया गया शिविर का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेशानुसार एवं अध्यक्ष/प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन पर आज 10 अक्टूबर 2024 ष्विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवसष् पर जिला अस्पताल बेमेतरा व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र देवकर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित लोगो को मानसिक स्वास्थ का ध्यान रखना कितना जरूरी है इस बारे में जागरूकता बढ़ाने साथ ही लोगों को जानकार बनाने व प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक वर्ष 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है साथ ही लोगों को बताया गया मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए कुछ समय स्वयं के लिए निकाले और अपने पसंदीदा गतिविधियों में शामिल हो एवं परिवार के साथ समय बिताये और नियमित योग अभ्यास कर, हेल्दी भोजन करें, अच्छी नींद लेने के लिए कहा गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों के साथ तमान व्यवहार की आवश्यकता के बारे में समझाया गया। और उनके अधिकारों की जानकारी, निःशुल्क विधिक सहायता/सलाह, निशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्धता के बारे में जानकारी प्रदान किया गया। उक्त शिविर में जिला अस्पताल से डॉ0 नरेन्द्र कुमार वर्मा (साइकोलॉजिस्ट), डॉ0 प्रीति जंघेल (पी0एस0डब्लू0) एवं पैरालीगल वालेंटियर्स सुसोनिया सिंह राजपूत, टुवेन्द्र वर्मा, चेतन सिंह, पंकज घृतलहरे, धरमू बारले, संजीव शर्मा, देवेन्द्र यादव, तरूण कुमार आनंद, कु0 स्वाति कुंजाम, नागेश सिन्हा उपस्थित रहें।

# कृषि महाविद्यालय ढोलिया में चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों का ओरिएंटेशन प्रोग्राम

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर अंतर्गत संचालित रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र ढोलिया में रावे (रूरल एग्रीकल्चर वर्क एक्सपेरिएंस) कार्यक्रम के अंतर्गत चतुर्थ वर्षीय छात्र-छात्राओं द्वारा रावे अध्ययन हेतु ग्राम पंचायत झाल का चयन करके अपने रावे कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। रावे कार्यक्रम छात्रों को ग्रामीण इलाकों में किसानों के साथ काम करने का मौका देती है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को व्यावहारिक कृषि ज्ञान प्रदान करना है, जिससे वे कृषि के क्षेत्र में क्या चुनौतियां हैं और कैसे आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर किसानों की आय बढ़ाई जा सकती है को समझ सकें। इस कार्यक्रम के तहत, छात्रों को खेती के विभिन्न चरणों जैसे बुवाई, सिंचाई, उर्वरक प्रबंधन, कीट नियंत्रण और फसल कटाई के बारे में सिखाया जाता है। साथ ही, वे किसानों के साथ मिलकर खेती से संबंधित समस्याओं का समाधान भी करते हैं। इससे छात्रों को कृषि की वास्तविक स्थितियों को समझने का अवसर मिलता है और किसानों को नई कृषि तकनीकों के बारे में जानकारी मिलती है। कृषि रावे कार्यक्रम किसानों और कृषि छात्रों के बीच एक सेतु का काम करता है। इससे जहां एक ओर छात्रों को खेती के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी मिलती है, वहीं दूसरी ओर किसानों को उन्नत तकनीकों और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अपनी खेती में सुधार करने का मौका मिलता है। यह कार्यक्रम भारतीय कृषि के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और आने वाले समय में इसके और अधिक सफल परिणाम देखने को मिल सकते हैं।

# रिसाली में कल दशहरा पर विशाल रावण दहन व भव्य आतिशबाजी, शाम 5 बजे से लोकरंग की होगी प्रस्तुति

पायनियर संवाददाता ➤ रिसाली
www.dailypioneer.com

छग की कला व सस्कृति को बनाए रखने का बीड़ा 42 साल से आदर्श सास्कृतिक व क्रीड़ा मंडल के द्वारा उठाया गया है। क्वांर नवरात्रि में दशहरा मैदान रिसाली सेक्टर रिसाली में भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है।यहां पर माँ दुर्गा की मूर्ति स्थापना कर पूजा अर्चना की जा रही है। साथ ही रात्रि में महिलाएं व बालिकाएं गरबा का आनंद ले रही है। मनोरंजन के लिये मीना बाजार भी लगाया गया है। मण्डल के अध्यक्ष शिवराज शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष गेंदलाल वर्मा, महासचिव चुम्मन देशमुख व मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने सयुक्त रूप से बताया कि 11 अक्टूबर को शाम 5 बजे पूजा अर्चना व हवन कन्या भोग के बाद भंडारा होगा। दूसरे दिन 12 अक्टुबर को शाम 5 बजे लोकरंग अर्जुन्दा रामलीला, भव्य आतिशबाजी के बाद रावण मेघनाथ कुंभकर्ण के पुतले का दहन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे। अति विशिस्ट अतिथि दूर्ग लोकसभा के सासद विजय बघेल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दूर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चन्द्राकर करेगे। विशेष अतिथि पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, राज्य हस्तशिल्प बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष दीपक ताराचंद साहू, जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन, पूर्व विधायक प्रतिमा चन्द्राकर व इंजी. एम के साहू होंगे। 13 अक्टूबर को शाम 5 बजे भव्य झाकी के साथ दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन रिसाली तालाब में होगा।

### भागवत धीवर का निधन



**उतई।** बिम्लेश्वरी कॉलोनी बोरसी निवासी पूर्व विद्युत कर्मचारी भागवत धीवर उम्र 70 वर्ष का आकस्मिक निधन गुरुवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम भिभौरी (बेरला) मे किया गया। वह रुपेश धीवर, रेखा, सीमा बाघमार और पुरई सरपंच उमा रिगरी के पिता तथा पीटीआई अशोक रिगरी के ससुर थे।

# पर्यटन स्थलों में से एक है सेतगंगा धाम...

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के कई ऐसे पर्यटन स्थल है जो श्रद्धालुओं का मन मोह लेते है यहाँ के पर्वत शृंखला नदी झरने अनायास ही लोगों कोअपनी ओर आकर्षित करते है बस्तर से लेकर मैकल पर्वत श्रृंखला व अनेक जिलों में स्तिथ पर्यटन स्थलों में से एक है सेतगंगा धाम....यहाँ के अद्वितीय रमणीय पुरातात्विक सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक श्री रामजानकी मंदिर महामाया सिध्देश्वरी देवी का मंदिर अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिये जाना जाता है यहाँ प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा के पावन बेला पर पांच दिवसीय मेला का आयोजन भी होता है. पुरातात्विक धरोहरों और प्राकृतिक विविधताओं से परिपूर्ण छत्तीसगढ़ का पर्यटन देश मे अपनी पहचान स्थापित करता जा रहा है इसी कड़ी में मुंगेली जिले के अंतर्गत जिला मुख्यालय से 22 किलोमीटर की दूरी पर मुंगेली पंडरिया जबलपुर राष्ट्रीय मार्ग पर टेसुवा नदी के तट पर श्री रामजानकी मंदिर सेतगंगा स्तिथ है जो कि धार्मिक आस्था का परिचायक है जहाँ अनेक पर्वो में श्रद्धालुओं का आवागमन होते रहता है पंडरिया रियासत के जमींदार राजा दलसाय सिंह जी द्वारा 11वी शाताब्दी में स्वप्नानुभूति से सेतगंगा में माँ पवित्र व निर्मल माँ नर्मदा कुण्ड व श्री रामजानकी भव्य मंदिर का निर्माण कराया गया .

जहां मुख्य द्वार पर पद्मासन मुद्रा में रावण की पहरेदारी के चलते देश भर में सुविख्यात है। जिले से नही अपितु प्रान्तों से भी अनेक पर्वो पर पूजा अर्चना करने एवं मन्नते मांगने बड़ी संख्या में श्रद्धालु आवागमन करते हैं । स्थानीय निवासी ने इस मन्दिर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सेतगंगा के श्री राम मन्दिर की मूर्तियां और यहाँ की स्थापत्य कला धार्मिक धरोहर के रूप में अत्यंत महत्वपूर्ण है।यह मन्दिर न केवल सेतगंगा मुंगेली बल्कि राज्य के लिए गर्व का विषय है।इस मन्दिर का संरक्षण व प्रचार प्रसार करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। नगर के युवाओं को मन्दिर के ऐतिहासिक महत्व को समझना चाहिए और इस धरोहर को बढ़ावा देने के लिए सतत प्रयास करना चाहिए।

मन्दिर के पुजारी/ महंत राधेश्याम ने बताया कि परिक्षेत्र के दान - - दाताओं ने मन्दिर में लगभग 35 एकड जमींन दान किये हैं । शासन ने भी मन्दिर में 12 13 वर्षो में 60/70 लाख का विभिन्न विकास कार्य के लिए राशि स्वीकृत की गई है । साथ ही दानदाताओं ने लगभग 4/5 लाख रु की लागत से जीर्णोद्धार कार्य किये हैं।

## सप्तमी के दिन मां कालरात्रि की आराधना धूमधाम से की गई

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

सप्तमी के दिन मां कालरात्रि की आराधना धूमधाम से की गई । नव दिनो तक चलने वाले इस पर्व को लेकर लोगो में अच्छा खासा उत्साह नजर आ रहा है। प्रातः काल से देवी मंदिरो में लोग दर्शन करने पहुच रहे है। देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित की गई है। जो लोगो में आस्था का केन्द्र है। ज्योत ज्वारा का दर्शन कर आर्शीवाद मांगते है। सोनारपारा महामाया



मंदिर में 678 कलश स्थापना की गई है। वही शक्तिमाई मंदिर, खरीपारा माँ काली मंदिर, दाऊपारा महामाया मंदिर, रामगढ़ स्थित महामाया मंदिर, मल्हापारा में महामाया मंदिर, दुर्गा मंदिर, शीतला मंदिर, ठाकुर देव मंदिर, सेतगंगा स्थित सिद्धेश्वरी मंदिर, हथनीकला स्थित अष्टभुजी मंदिर, देवगांव स्थित दुर्गा मंदिर आदि जगह पूजा अर्चना किया जा रहा है। पडरिया रोड स्थित शक्ति माई मंदिर में नवरात्रि के अवसर पर ज्योत कलश जलवाने वाले श्रद्धालुओ ने अपनी मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित कराया। मंदिर समिति के अनुसार इस वर्ष शारदेय नव रात्र में कुल 1146 ज्योति कलश जलाया गया है।

# ग्रामीण स्वस्थ अधिकारी के पद पर भर्ती के संबंध में अनियमितताओं को लेकर शिकायत किया

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष मंजीत रात्रे के द्वारा अपर मुख्य सचिव स्वास्थ एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के नाम पर अवर सचिव मुकेश चैहान को मंत्रालय नवा रायपुर पहुंचकर जिला मुंगेली के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉक्टर प्रभात चंद्र प्रभाकर के द्वारा नियम विरुद्ध पदोन्नति करने एवं अपने करीबी लोगों को गलत तरीके से भरष्टचार कर ग्रामीण स्वस्थ अधिकारी के पद पर भर्ती के संबंध में अनियमितताओं को लेकर शिकायत किया गया। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति में लेन-देन उनके द्वारा लेन देन कर आदेश जारी किया गया था। उपरोक्त अनुसार, डॉ. प्रभात चंद्र प्रभाकर ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति में पैसे का लेन-देन किया। यह मामला तब सामने आया जब कलेक्टर को इसकी शिकायत की गई। कलेक्टर ने इस मामले की जांच करवाई और पाया कि पदोन्नति आदेश



नियमों के विपरीत जारी किए गए थे। इसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर पदोन्नति आदेश को तत्काल निरस्त कर दिया गया। ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक की नियुक्ति में धांधली भी किया गया है। एक और अन्य मामले में, डॉ. प्रभात चंद्र प्रभाकर के द्वारा ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक की नियुक्ति में प्रतीक्षा सूची में पहले स्थान पर रहे उम्मीदवार को नजरअंदाज कर राजनांदगांव के एक अन्य उम्मीदवार को नियुक्त किया, जिसके लिए अवैध रूप से लेन-देन हुआ था। इस मामले में भी कलेक्टर की जांच के बाद नियुक्ति आदेश को निरस्त करना पड़ा। मामले की मांग और आगे की कार्रवाई इस पूरे प्रकरण को लेकर विधानसभा युवा कांग्रेस मुंगेली के निर्वाचित अध्यक्ष मंजीत रात्रे ने छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने डॉ. प्रभात चंद्र प्रभाकर के खिलाफ सख्त विभागीय जांच और उन्हें तत्काल पद से हटाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई नहीं की गई तो मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इस दौरान मुंगेली विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष मंजीत रात्रे ने कहा है की यह मामला अब प्रदेशभर में चर्चा का विषय बन गया है और स्वास्थ्य विभाग की छवि को धक्का पहुंचा रहा है। इस मामल में तत्काल स्वास्थ एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को तत्काल जांच कर उचित कार्यवाही करनी चाहिए क्योंकि एक तरफ हमारे पढ़े लिखे युवाओं को निश्चित रूप से इससे न्याय मिले और उनके सुनहरे भविष्य के साथ कोई खिलवाड़ ना हो सके।

# जिला पुलिस की साइबर सेल ग्रामीणों को कर रही जागरूक, आरक्षक प्रेम नारायण राठौर की उपस्थिति में हुआ जन जागरूकता पखवाड़ा

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com





जिला पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में जिले की साइबर सेल के द्वारा पूरे जिले के सभी स्थानों पर निरंतर साइबर जन जागरुकता पखवाड़ा आयोजित कर ग्रामीणों को साइबर अपराध एवं विभिन्न प्रकार के साइबर संबंधी मामलों की जानकारी देते हुए जागरुक किया जा रहा है, इसी श्रृंखला में जिला साइबर सेल के प्रधान आरक्षक प्रेम नारायण राठौर की उपस्थिति में शक्ति विकासखंड के ग्राम पंचायत पोरथा, पासीद, टेमर तथा शक्ति जिले के छपोरा आमादरहा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में ग्रामीण तथा नागरिक उपस्थित थे। इस दौरान साइबर सेल के प्रधान आरक्षक प्रेम नारायण राठौर ने बताया कि वर्तमान में पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में पुलिस विभाग द्वारा साइबर सेल के माध्यम से साइबर अपराधों पर नियंत्रण करने तथा लोगों को साइबर संबंधी अपराधों से पूर्व जागरुक कर बचाव करने की दिशा में पहल की जा रही है, तथा वर्तमान में हम सभी अनजाने में साइबर अपराधों के शिकार हो जाते हैं, जिससे हमें नुकसान होता है तथा हमें इससे बचना होगा एवं आप सभी सतर्क रहें तथा किसी भी प्रकार की अनहोनी की घटना तत्काल साइबर सेल को दें जिससे संबंधित अपराधियों तक तत्काल पहुंचा जा सके।

# सरपंच प्रतिनिधि राकेश चंद्रा ने मां मईनका दाई एवं विभिन्न पंडालों में टेका मत्था

पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर पुरा भक्ति मय हो चला है और भक्तजन मां दुर्गा के अराधना में लीन है। जगह-जगह विराजित जगत जननी की पुजा आराधना कर मनोकामना दीप प्रज्ज्वलित कर भक्ति में सराबोर है और चारों तरफनवरात्रि धुम मची हुई है। ग्राम देवी के रूप में विराजमान ग्राम भोथिया में स्थिति मां मईनका दाई मे भी आस्था के सैकड़ों दीप प्रज्ज्वलित किए गए हैं, जहां प्रतिनिधि सैकडो संख्या में श्रद्धालु पहुंच कर माता के दर्शन कर अपने आप को धन्य पा रहे हैं। ग्राम भोथिया के सरपंच प्रतिनिधि राकेश चंद्रा ने भी मां म ईनका दाई पहुंचकर उन्होंने सर्व प्रथम माता रानी पुजा अर्चना कर सभी के लिए मंगल



कामना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त कर महाभंडारा में शामिल होकर भक्तों को प्रसाद वितरण किया ।इस अवसर पर उन्होंने समस्त ग्रामवासीयों एवं क्षेत्रवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नवरात्रि का पर्व हम सब के लिए खुशियां उत्साह एवं उमंग लेकर आती है।इस पर्व को सब उत्सव के रुप में मानते हैं। मां मईनका दाई के दरबार में मत्था टेक सभी ग्रामवासियों के लिए मंगल कामना कर सुख समृद्धि शांति कामना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# जगराता कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे 20 लोगों की पिकअप गिरी मेन केनॉल में

## पूर्व विधायक खिलावन साहू भी पहुंचे मौके पर

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय शक्ति से लगे ग्राम मोहगांव में 9 अक्टूबर की रात्रि करीब 9:00 बजे ग्राम बैलाचूवा से जगराता कार्यक्रम में सलिहाभाटा जा रहे 20 लोगों से भरी एक पिकअप वाहन मेंन केनाल में गिर जाने से एक बड़ा हादसा टल गया,तथा उपरोक्त पिकअप वाहन का चालक नशे में बताया जा रहा है, एवं सभी लोग सालिहाभाटा के नवरात्रि पर्व पर चल रहे दुर्गा पंडाल के जगराता कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे ,एवं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पिकअप के सामने एक मवेशी के आ जाने के कारण पिकअप अनियंत्रित होकर सीधे मेंन केनाल में गिर गई तथा घटना की सूचना पाकर शक्ति विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉक्टर खिलावन साहू अपने कार्यक्रमों को छोड़कर मौका स्थल पर पहुंचे तथा इस दौरान उपरोक्त घटना की सूचना पुलिस प्रशासन एवं शक्ति जिले के कलेक्टर को दी गई, जिस पर तत्काल पुलिस प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की एंबुलेंस वहां मौके पर पहुंची एवं पिकअप वाहन में सवार 18 लोगों को रेस्क्यू के बाद बाहर निकाल लिया गया, घटना की सूचना पाकर सैकड़ो की संख्या में लोग एकत्रित हो गए थे एवं अंधेरा होने की वजह से रेस्क्यू में भी काफी दिक्कतें हुई तथा पूर्व विधायक डॉक्टर खिलावन साहू ने भी स्थानीय तथा जिला प्रशासन की मदद से उपरोक्त हादसे में लोगों को राहत पहुंचाने काफी सकारात्मक प्रयास किया।

# राज्य शासन द्वारा शुरू की गई महतारी वंदन योजना से जिले की महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



राज्य शासन द्वारा शुरू की गई महतारी वंदन योजना से जिले की महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रही हैं। इस योजना की राशि से महिलाएं न केवल अपने घर की छोटी-छोटी जरूरतें पूरी कर रही है, बल्कि पारम्परिक व्यवसाय को भी आगे बढ़ाने में उपयोग कर रही है। मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम छतौना की विमला महतारी वंदन योजना से अपने पारम्परिक व्यवसाय को नई दिशा दी है। योजना के तहत मिलने वाली राशि से जरूरी सामाग्रियों का क्रय करके मिट्टी के दीये, घड़ा आदि बना रही है और इसे बाजार में विक्रय कर अच्छी-खासी आमदनी प्राप्त कर रही है। इससे घर की आर्थिक परिस्थिति में भी सुधार हो रहा है। विमला बताती है कि उनके परिवार में 03 बच्चे सहित कुल 05 सदस्य हैं। वे अपने पति के साथ पारम्परिक व्यवसाय से जुड़ी हुई है। पहले आर्थिक परिस्थिति ठीक नहीं होने के कारण व्यवसाय को आगे बढ़ाने में काफी मुश्किलों को सामना करना पड़ रहा था, लेकिन राज्य शासन द्वारा जब से महतारी वंदन योजना शुरू की गई है, तब से व्यवसाय को आगे बढ़ाने में मदद मिल रही है। इसके लिए विमला ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए महतारी वंदन योजना शुरू की गई है। योजना के तहत विवाहित महिलाओं को 1,000 रुपए प्रतिमाह वित्तीय सहायता डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में जमा की जा रही है। इससे महिलाओं में एक नया आत्मविश्वास जगा है और उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा भी बढ़ी है।

# अग्रवाल संगठन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल रमन डेका

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा 13 अक्टूबर को आयोजित साधारण सभा की बैठक का पूर्व में निर्धारित स्थान होटल एंट्री पॉइंट को संशोधित कर SN पैलेस छेरा खेड़ी ललित महल के सामने जी ई रोड रायपुर में किया गया है, तथा इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल रमन डेका होंगे एवं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, बिलासपुर के विधायक अमर अग्रवाल एवं बसना के विधायक संपत अग्रवाल होंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल करेंगे। उपरोक्त जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के चैयरमेन डॉक्टर अशोक अग्रवाल ने बताया कि पूर्व में होटल एंट्री पॉइंट में यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के रायपुर जिला अध्यक्ष दीनदयाल गोयल के आतिथ्य में आयोजित किया गया था तथा 9 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की टीम उपरोक्त कार्यक्रम के लिए आमंत्रण देने छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल भवन पहुंची जहां राज्यपाल महोदय ने उपरोक्त कार्यक्रम में आने के लिए अपनी स्वीकृति तत्काल प्रदान की जिस पर महामहिम राज्यपाल की उपस्थिति को देखते हुए यह स्थान अब स्ह पैलेस में किया जा रहा है, तथा उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन, छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल महिला संगठन, छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल संगठन एवं रायपुर सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच जुटी हुई है,साथ ही यह कार्यक्रम 13 अक्टूबर को सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें दोपहर 2:00 से 3:00 तक दोपहर भोज का आयोजन किया गया है, तथा 9 अक्टूबर को महामहिम राज्यपाल का आमंत्रण देने के लिए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल, प्रांतीय संरक्षक जयदेव सिंघल, महेंद्र सेक्सरिया एवं प्रांतीय चैयरमेन डॉक्टर अशोक अग्रवाल गए थे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्षता में लीगल एड क्लीनिक संबलपुर राजीव गांधी केन्द्र शुभारंभ किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (विधिक सहायता क्लीनिक) विनिमय, 2011 के विनिमय 3 और 5 के तहत् राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ.ग.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन में जिला न्यायाधीष/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली के अध्यक्षता में लीगल एड क्लीनिक संबलपुर राजीव गांधी केन्द्र शुभारंभ किया गया। इसी प्रकार लीगल एड क्लीनिक पेण्ड्रीतालाब पंचायत भवन में 09.10.2024 को समय दोपहर 2.30 बजे कंचन लता आचला सचिव के द्वारा शुभारंभ किया गया। उक्त दोनों संचालित लीगल एड क्लीनिक माह के प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को खुले रहेगें जिसमें आम जनता को कानूनी से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी प्रदान किये जाने हेतु लीगल एड क्लीनिक संबलपुर में संजीव कुमार घृतलहरे पैरालीगल वालिटियर तथा लीगल एड क्लीनिक पेण्ड्रीतालाब में धर्मेन्द्र यादव पैरालीगल वालिटियर को नियुक्त किया गया है। उक्त क्लिनिक में जिला न्यायाधीष/ अध्यक्ष चद्राकुमार अजगल्ले व टीकम चंद्राकर चीफ स्क्बे के द्वारा गणमान्य को सम्बोधित करते हुए कानून से संबंधित जानकारी प्रदान करते हुए विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया है, उक्त कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कंचन लता आचला, टीकम चंद्राकर चीफ सुरेष कुमार खुसरो डिप्टी, स्क्बे तथा प्रकाष साहू पैरालीगल वालिटियर के द्वारा कानून के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया। तथा सम्बलपुर के ग्राम पंचायत के सचिव सुशील सिंह, सरपंच मुन्ना डाहिरे, उपसरपंच, पंच चंद्रप्रकाश, शिवकुमार साहू, पदम भूशण, कल्याणी सिंह परिहार, व उक्त कार्य कार्य में पेण्ड्रीतालाब के सरपंच मनहरण यादव व उप सरपंच तुका राम यादव तथा वरिश्ठ नागरिक चक्रधारी सिंह, तुलसी सिंह, रामप्रताप यादव, किशन जायसवाल, हेमलाल यादव एवं सम्बलपुर तथा पेण्ड्रीतालाब के अन्य गणमान्य भारी संख्या में उपस्थित होकर शुभारंभ को सफल बनाने में सहयोग दिया गया है। उक्त कार्यक्रम का संचालन सुरेश कुमार खुसरो डिप्टी के द्वारा किया गया है।

## माँ देव्सर भवानी की कृपा- डभरा के देवसर

# भवानी मंदिर में अष्टमी पर हुई विशेष पूजा– अर्चना

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com





जिले के डभरा विकासखंड के मुख्यालय डभरा में थाना चौक में प्रतिष्ठित बंसल परिवार द्वारा स्थापित माँ देवसर भवानी का मंदिर नवरात्रि पर्व में आकर्षक साज-सज्जा के साथ देवी भक्तों की आस्था का बड़ा केंद्र बना हुआ है, इस मंदिर का रखरखाव जहां बंसल परिवार द्वारा किया जाता है, तो वहीं मंदिर परिसर में माता देवसर भवानी की आकर्षक प्रतिमा स्थापित कर प्रतिदिन नियमित रूप से पूजा अर्चना की जाती है, एवं वर्ष भर यहां विभिन्न प्रकार के धार्मिक आयोजन भी संपन्न होते हैं, तथा नगर पंचायत डभरा के अध्यक्ष प्रीतम अग्रवाल,भाजपा डभरा मंडल के अध्यक्ष घासीराम अग्रवाल सहित बंसल परिवार के सभी ज्येष्ठ-श्रेष्ठ सदस्यों द्वारा नवरात्रि पर्व पर माता देवसर भवानी की विशेष पूजा अर्चना का कार्यक्रम किया जा रहा है। साथ ही इस मंदिर परिसर में जहां माता रानी के भजनों की धुन के साथ ही दूर-दूर से लोग यहां दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं, तो वहीं देवसर भवानी मंदिर की यह मान्यता है कि इस मंदिर में माता रानी के दर्शन मात्र से ही लोगों की सारी मन्नते पूरी होती है तो वहीं डभरा शहर के नागरिक एवं धर्म प्रेमी भी इस देवसर भवानी के मंदिर में पूजा अर्चना कर माता रानी की आराधना कर रहे हैं,तथा 10 अक्टूबर को शारदीय नवरात्रि की अष्टमी के पावन पर्व पर जहां सुबह से ही पूजा अर्चना एवं हवन तथा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ तो वहीं इस अवसर पर बंसल परिवार डभरा के भी सभी सदस्य मौजूद रहे तथा परिवार की महिलाएं, बच्चों ने भी इस अवसर पर उपस्थित होकर माता रानी की आराधना की तथा माँ देवसर भवानी से पूरे क्षेत्र की खुशहाली एवं समृद्धि की भी कामना की गई। मां देवसर भवानी की प्रसिद्धि दूर-दूर तक फैली हुई है, तथा डभरा के इस माता रानी के मंदिर से जहां लोग अपने सभी शुभ कार्यों की शुरुआत करते हैं,तो वहीं बड़े-बड़े राजनैतिक दलों के कार्यक्रमों की भी डभरा मुख्यालय के इस माता रानी के मंदिर से ही पूजा- अर्चना कर शुभारंभ होता है,तथा इस संबंध में डभरा के बंसल परिवार के सदस्य एवं भाजपा डभरा मंडल के अध्यक्ष घासीराम अग्रवाल ने कहा कि माता रानी की कृपा से सदैव इस पूरे क्षेत्र में खुशहाली है, एवं इस मंदिर में आने वाले श्रद्धालु भक्तजन माता रानी के दर्शन से ही प्रसन्न हो जाते हैं, एवं पूरे मंदिर परिसर में उद्यान विकसित कर पेड़- पौधे भी लगाए गए हैं, तथा लोगों को यहां आकर सुकून भी मिलता है, एवं मानो ऐसा लगता है कि वे एक पवित्र स्थल पर शांति एवं सुकून के साथ पहुंचे हैं, तथा यह मंदिर डभरा शहर के हृदय स्थल थाना चौक में ही स्थित है।

# जिला आबकारी अधिकारी जेपी एन दीक्षित के मार्गदर्शन में अवैध शराब की बिक्री पर कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर राहुल देव के द्वारा जिले में अवैध शराब की बिक्री पर कार्रवाई करने के निर्देश लगातार दिए जाते रहे हैं। इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी जे.पी. एन दीक्षित के मार्गदर्शन में अवैध शराब की बिक्री पर कार्रवाई करते हुए ग्राम खपरी खुर्द थाना चिल्फी से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त की गई है। डी.ई.ओ. दीक्षित ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली थी कि ग्राम खपरी खुर्द थाना चिल्फी के टेकराम चतुर्वेदी के मकान में अवैध शराब की बिक्री की जा रही है। लोरमी आबकारी उप निरीक्षक संजय सिंह मरकाम के नेतृत्व में आबकारी विभाग की टीम को मौके पर जांच के लिए भेजा गया और मौके से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त की गई। डी.ई.ओ. दीक्षित ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क) , 34(2) एवं 59(क) गैर जमानतीय अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# 100 रूपए के पंजीयन शुल्क पर साल भर मिलेगी ओपीडी सेवाएं




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

अगर आप हर बार डॉक्टर के पास चेकअप कराने पर उन्हें फीस देते है, तो ये खबर आपके काम की है। क्योंकि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मोवा स्थित श्री बालाजी सुपर स्पेशिलालिटी हॉस्पिटल में 100 रूपए के पंजीयन शुल्क पर उन्हें पुरे 1 साल तक ओपीडी सेवाएं मिलेगी। यानी एक बार पंजीयन कराने के बाद उन्हें 1 साल तक किसी भी डॉक्टर को चेकअप कराने पर उन्हें कोई शुल्क नहीं देना होगा। श्री बालाजी हॉस्पिटल 1500 बिस्तरों का एडवांस सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल एवं 150 सीटों का अंडर ग्रेजुएट (एमबीबीएस) एवं 65 सीटों का पोस्ट ग्रेजुएट (एमडी/ एमएस) का मेडिकल कॉलेज है। यह हॉस्पिटल मध्य भारत मे सबसे बड़ा निजी क्षेत्र का हॉस्पिटल है। अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक यहां सभी प्रकार के टेस्ट मार्केट दर से आधी कीमत (50%)पर किये जा रहे है। वहीं गंभीर से गंभीर बीमारियों का पूरा इलाज भी आयुष्मान कार्ड से संभव है साथ मे ही गवर्नमेंट रिज़र्व पैकेज के अतिरित सारे ऑपरेशन भी आयुष्मान से किये जाते है। राष्ट्रीय अन्धत्वा निवारण कार्यक्रम के तहत मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा भी उपलब्ध है। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओ के लिए निःशुल्क नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी की जाती है।

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासकीय चिकित्सा शिक्षा महाविद्यालयों का बड़ा निर्णय

### आमजनों के लिए वेबसाइट पर सार्वजनिक हुई नॉन प्रैक्टिसिंग एलाउंस लेने वाले चिकित्सकों की सूची

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में चिकित्सा के क्षेत्र में जनहित का विशेष रूप से ध्यान रखते हुए स्वास्थ्य विभाग में जनहित में निर्णय लेते हुए जनसुविधाओं के विस्तार के लिए नित नए कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री साय की पहल और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर शासकीय चिकित्सा शिक्षा महाविद्यालयों के लिए एक बड़ा निर्णय लिया गया है। इसके अन्तर्गत आमजनों के लिए चिकित्सा शिक्षा की वेबसाइट www.cgdme.in पर नॉन प्रैक्टिसिंग एलाउंस (एन पी ए) लेने वाले चिकित्सकों एवं चिकित्सा शिक्षकों की सूची सार्वजनिक कर दी गई है। सूची में इस बात की जानकारी दी गई है की उक्त चिकित्सकों द्वारा निजी प्रैक्टिस की जा रही है या नहीं। उल्लेखनीय है कि ऐसे चिकित्सक एवं चिकित्सा शिक्षक जो निजी प्रैक्टिस नही करते हैं उन्हें शासन द्वारा वेतन के अतिरिक्त नॉन प्रैक्टिसिंग एलाउंस (एन पी ए) भी दिया जाता है। एन पी ए लेने के बाद भी निजी प्रैक्टिस करना प्रतिबंधित है और ये नियम विरुद्ध है। आमजनों को ये जानकारी रहे की कौन सा चिकित्सक निजी प्रैक्टिस करने के लिए पात्र है और कौन नही, इसके लिए राज्य के सभी शासकीय मेडिकल कॉलेज और डेंटल मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों एवं चिकित्सा शिक्षकों के द्वारा एनपीए लेने अथवा न लेने की जानकारी चिकित्सा शिक्षा की वेबसाइट पर सार्वजनिक कर दी गई है।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कर्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मैट्स विश्वविद्यालय, पंडरी के मनोविज्ञान विभाग द्वारा समय-कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। ये कार्यक्रम 1 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक संचालित किया गया जिसकी शुरुआत पोस्टर प्रतियोगिता कार्यक्रम से की गई, जिसमे कई प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया इसमें प्रथम स्थान मनोविज्ञान विभाग की अंतर्राष्ट्रीय छात्रा मेरी ग्रेस मोमो, द्वितीय स्थान दूर्वा दवे तथा, तृतीय स्थान अनमता ने प्राप्त किया। मैग्नेटो मॉल में फ्लैश मॉब कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसी कार्यक्रम के तहत अमेठी गाँव एवं मरीन ड्राइव में मानसिक स्वास्थ में जागरूकता हेतु स्किट कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा आत्महत्या रोकथाम पर अतिथि व्याख्यान का भी आयोजन किया गया, इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए 10 अक्टूबर को मुख्य अतिथि भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के महा निदेशक लेफ्टिनेट जनरल अशोक जिंदल ने अपने भाषण में कहा कि जीवन में अत्यधिक दबाव और जरूरत से ज्यादा मांग आज तनाव का प्रमुख कारण है। समय और कार्य का उचित प्रबंधन परिवार और नौकरी दोनों के लिए बेहतर होता है। कार्यस्थल में आ रहे समस्याओं को समय प्रबंधन और बेहतर निष्कर्ष से ही निपटाया जा सकता है, उन्होंने अपने सैनिक जीवन के कई उदाहरण देते हुए कहा कि अकादमिक अक्षमता, प्रमोशन के अपात्र होना या ना होना जीवन की हार नहीं होती बल्कि बेहतर प्रदर्शन और कार्य से समय के साथ इसका लाभ लिया जा सकता है, समस्या को पहचान कर अवसाद और चिंता को दूर किया जा सकता है।

## लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के निर्देश

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सार्थक प्रयास से जशपुर जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर की जा रही है। और लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाया जा रहा है। विगत दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनोरा में विकासखंड चिकित्सा अधिकारी ने समस्त चिकित्सा अधिकारी, सेक्टर प्रभारी, सीएचओ एवं आरएचओ समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम का समीक्षा बैठक लिया गया। बैठक में लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। स्क्रीनिंग, डायग्नोसिस, ट्रीटमेंट्स, फॉलोअप के डाटा पर समीक्षा किया गया। धीमी प्रगति वाले सीएचओ को प्रोग्रेस लाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही हेल्थ वेलनेस ऐक्टिविटी, टेली कंसल्टेशन में प्रगति लाने के लिए कहा गया। पहला त्रैमासिक में कम गर्भवती पंजीयन करने वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र के सीएचओ एवं आरएचओ को नोटिस जारी किया गया। क्षय नियंत्रण कार्यक्रम के तहत् कम उपलब्धि वाले स्वास्थ्य केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया एवं उपलब्धि बढ़ाने के निर्देश दिए गए। बैठक में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोशन बरियार, बीपीएम, बीईटीओ बीडीएम सेक्टर सुपरवाइजर सभी उपस्थित रहे।

## अरुणोदय कैरियर इंस्टीट्यूट विषय प्रशिक्षकों हेतु 15 अक्टूबर तक दावा आपत्ति

**सूरजपुर।** जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) वित्तपोषित, जिला प्रशासन द्वारा संचालित अरुणोदय कैरियर इंस्टीट्यूट विषय प्रशिक्षकों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन 13 अगस्त तक आमंत्रित किया गया था। जिसमें प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण उपरांत पात्र-अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दिया गया है। जिसका अवलोकन कार्यालयीन सूचना पटल एवं पर किया जा सकता है। पात्र अपात्र के संबंध में दावा आपत्ति 15 अक्टूबर तक तथा लिखित परीक्षा का आयोजन 10 अक्टूबर समय प्रातः 11 बजे से को परीक्षा केंद्र शा.कन्या उ.मा.वि. सूरजपुर में आयोजित किया गया है।

# कक्षा मे सकारात्मक माहौल बनाएं शिक्षक : मुकेश शाह

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



क्लास रूम में शिक्षक प्रवेश करें तो विद्यार्थियों से कम्यूनिकेशन के पहले उन्हें कनेक्ट करें और पहले उन्हें अध्ययन हेतु सहज कराएं। कक्षा में अध्यापन के साथ-साथ सकारात्मक माहौल बनाएं रखें। छात्रों की अच्छी आदतों व कार्यों के लिए तारीफ हेतु भी समय निकालें। कक्षा में लगातार चिल्लाने, डांटने, नकारात्मक बात करने, छात्रों की कमियां बताने, गुस्सा करते रहने से माहौल बोझिल हो जाता है जिससे विद्यार्थी अध्ययन हेतु सहज नहीं हो पाते और उनकी रूचि कम होने लगती है। उक्ताशय के विचार डॉ. राधाकृष्णन स्कूल, गुढ़ियारी में नोडल अंतर्गत स्कूलों के शिक्षकों के लिए आयोजित ''ट्रेन द टीचर्स'' प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मुकेश शाह ने व्यक्त किए। उक्त कार्यक्रम में साई कान्वेंट, गोंदवारा, लक्ष्य किड्स स्कूल शिवानंद नगर, डॉ.राधाकृष्णन स्कूल और नवयुग हायर सेकेण्डरी स्कूल, हीरापुर के टीचर्स शामिल हुए। प्रारंभ में शाह समेत कृष्णकांत साहू, सुषमा दुबे व पिंकी देवांगन ने मां सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया। बतौर प्रशिक्षक व वक्ता मुकेश शाह ने कहा कि स्कूल में कार्य का सकारात्मक माहौल बनाए रखने की जिम्मेदारी टीचर्स की होती है। किसी से अपनी तुलना करने की बजाय अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करें। मैनेजमेन्ट, अभिभावक व अन्य टीचर्स आदि की अच्छाइयों की चर्चा कर अपनी कमियों को पहचान कर उसे दुर करने का प्रयास करें। जिस संस्थान में आप शिक्षक हैं तथा जहां से आपको वेतन मिलता है, उस संस्थान की कभी भी निंदा या आलोचना ना करें बल्कि वहां की सकारात्मक बातों की चर्चा सबके सामने करें। जिस संस्थान ने आपको एक पहचान दी है उस संस्थान की गरिमा आप अपनी बातों व आचरण से बनाएं रखें। टीचर्स को हमेशा आशावादी दृष्टिकोण के साथ विद्यार्थियों के लिए मेहनत करना चाहिए। इससे परिणाम हमेशा बेहतर ही प्राप्त होते हैं। खुशी के लिए काम करने की बजाय खुश होकर काम करने से खुशी और बेहतर परिणाम दोनों प्राप्त होते हैं।नवीनता के साथ कार्य करने को अपनी आदत बनाएं। एक सामान्य शिक्षक की बजाय अपनी असाधारण क्षमता का उपयोग कर और अपनी रचनात्मकता से विद्यार्थियों के लिए एक आदर्श शिक्षक बनें। यदि आप कार्य करेंगे तो आपसे गलतियां भी होंगी तो उसको पहचान कर व आत्म चिंतन कर उसको सुधारने का प्रयास करें। याद रहे कि गलती का मतलब अयोग्यता नहीं है। क्लास रूम मैनेजमेन्ट पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी पढ़ाई में होशियार नहीं हो सकता किन्तु प्रत्येक विद्यार्थी में कोई ना कोई विशिष्ट गुण अथवा आदत अवश्य होती है। उसके इन गुणों को पहचान कर समय-समय पर टीचर्स उसकी सबके सामने तारीफ करें।

# एंटी स्नेक वेनम से बची मरीज की जान सन्ना सीएचसी में तुरंत किया गया इलाज

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में भी किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने जिले में संचालित सभी स्वास्थ्य केंद्रों में समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया हैं। इसके साथ ही सांप के काटने पर झाड़-फूंक जैसे अंधविश्वासों से दूर रहने और तुरंत स्वास्थ्य केंद्रों में आकर इलाज करने संबंधी जनजागरुकता फैलाने के निर्देश दिए हैं। सन्ना के रसेल राम को सुबह रसेल बंबू पिट वाइपर सांप ने काट लिया। वे अपने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सन्ना पहुंचे। यहां पर उन्हें एंटी स्नेक वेनम का इंजेक्शन लगाया गया। इलाज करने वाले डॉक्टर ने बताया की फिलहाल मरिज की हालत सामान्य है। रसेल राम सन्ना सीएचसी आने से पहले झाड़फूंक करने वाले के पास गए थे। जब हालत बिगड़ने लगी तब वे सीएचसी सन्ना इलाज के लिए आए। डॉक्टर ने उन्हें समझाइश देने के साथ अंधविश्वासों से दूर रहने की सलाह दी। डॉक्टर ने बताया की गावों में शासन के निर्देशानुसार सांप काटने पर झाड़-फूंक जैसे अंधविश्वासों से दूर रहने और तत्काल स्वास्थ्य केंद्रों में इलाज करने संबंधी जागरूकता फैलाई जाती है। इसका सकारात्मक परिणाम भी मिल रहे हैं और लोग स्वास्थ्य केंद्रों में आकर अपना इलाज करा रहे हैं।

# सीटेट एग्जाम की नई परीक्षा तिथि जारी

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

सीटेट एग्जाम की नई परीक्षा तिथि जारी और इसका ऑनलाइन आवेदन फॉर्म 17 सितंबर 2024 से शुरू हैं और इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 16 अक्टूबर 2024 तक निर्धारित किया था और सीटीईटी दिसंबर 2024 की नई परीक्षा तिथि जारी कर दी है आपको बता दे की सीटेट एग्जाम का आयोजन 14 दिसंबर 2024 को किया जाएगा। सीटेट दिसंबर 2024 अधिसूचना जारी की है और इसके लिए विभाग ने ऑनलाइन मोड में आवेदन फार्म आमंत्रित किए हैं सीटेट दिसंबर 2024 विभाग की ओर से ऑनलाइन आवेदन फार्म 17 सितंबर 2024 से शुरू हैं। और आवेदन के अंतिम तिथि 16 अक्टूबर 2024 तक निर्धारित की थी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने आधिकारिक नोटिस जारी किया है। सीटेट दिसंबर 2024 के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता पेपर सेकंड के लिए अभ्यर्थी ग्रेजुएट और संबंधित विषय में बी.एड. होना चाहिए और जबकि पेपर प्रथम के लिए 12वीं पास और बीएसटीसी होना चाहिए।

# जगदलपुर धमतरी राजनांदगांव सहित अन्य संग्रहण से धान का उठाव लेकिन प्रदेश के सबसे अधिक धान आवक वाली केंद्र से उठाव नही

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com


कुंडेलभांटा संग्रहण केन्द्र पर 5 लाख क्विंटल धान बीते 8 माह से खुले में सुखने से सरकार को करोड़ों का नुकसान

हर सप्ताह लेटरबाजी

पालथिन के सहारे है धान

सरकार को धान की सूखती और आर्थिक नुकसान से बचाने के लिए जगदलपुर के संग्रहण केंद्र में आधा धान का उठाव करने के साथ धमतरी राजनांदगांव के संग्रहण केन्द्र से अच्छी खासी धान का उठाव किया जा चुका है। इसके अलावा बचे कुछ संग्रहण केन्द्र में कम मात्रा में धान बचा हुआ है। लेकिन गरियाबंद जिला के कुंडेलभांटा संग्रहण केंद्र से किस कारण किन मकसदो के साथ लाखो किवंटल धान को संग्रहण केंद्र से उठाव नही किया जा रहा है यह आम जनमानस के समझ से परे है जबकि प्रदेश के संग्रहण केंद्रों में से सबसे ज्यादा धान गरियाबंद जिला के कुंडेलभांटा संग्रहण केन्द्र में बचा हुआ है फिर भी संग्रहण केन्द्र से धान का उठाव मे जिम्मेदारों द्वारा किसी प्रकार रुचि नही लेते सरकार को आर्थिक नुकसान की ओर धकलने के बराबर माना जा रहा है जिससे लगभग विभगीय प्रमुख के साथ प्रशासन भी भली भांति अवगत हैं। फिर भी धान उठाव के लिए कोई पहल नही हो रहा है संग्रहण केन्द्र कर्मचारियों के अनुसार प्रदेश के अन्य संग्रहण केन्द्र की तुलना सबसे अधिक धान गरियाबंद जिला के कुंडेलभांटा संग्रहण केन्द्र में है 5 लाख किवंटल धान अभी खुले में रखा गया है जबकि इतनी मात्रा में कही भी धान नही है वावजूद इसके उठाव मे उदासीन रवैया अपनाया जा रहा है जो सरकार के लिए बिल्कुल भी ठीक नहीं है क्योंकि जितना लेट से धान का उठाव होगा उतना ज्यादा सूखती का खतरा बढ़ेगा वर्तमान में ही करोड़ों की नुकसान होने का संकेत मिल रहा है तो आने वाले दिनों में और अधिक आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ेगी जिससे अधिकारी भी कोई वास्ता नहीं रखते तभी खुले आसमान के नीचे करोड़ों की धान को रखा गया है हालांकि कथित तौर पर धान को सुरक्षित रखने का दावा करते हैं लेकिन मौसम को देख जानकर अच्छी खासी सुखती आने की बात कह रहे हैं क्योंकि कभी बारिश तो कभी धूप के बीच धान पड़ा हुआ है इस बीच जिला भर आगमी धान खरीदी को मद्देनज़र रखते किसान मोर्चा के पदधिकारी मारकेड एमडी से शिकायत कर धान का उठाव करने की मांग करेंगे क्योंकि जिला अधिकारि सब प्रकार की नुकसान से परिचित होने के बावजूद भी धान उठाव करने में असमर्थ नजर आ रहे हैं ऐसे में आगामी धान खरीदी के दौरान काफी परेशानी भी हो सकती है इसलिए एमडी से मुलाकात कर धान का उठाव जल्द से जल्द कराने की बात रखेंगे ताकि सरकार को होने वाले आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके।

# सी.जी. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, रायपुर में किया गया जसगीत व गरबा प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्था सी.जी. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, रायपुर में नवरात्रि के शुभ अवसर पर जसगीत व गरबा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर किया गया। डॉ भारवि वैष्णव ने इस कार्यक्रम का उदेश्य बताया की कही न कही आज की युवा पीढी अपनी संस्कृति व धर्म को केवल मनोरंजन का रुप देने लगे है ऐसे मे अपनी भारतीय संस्कृति आस्था व धर्म का सही अर्थ समझ निर्वहन कर अपनी मूल संस्कृति से बन्धे रहे। आज की पीढ़ी अपनी संकृति के स्वरुप को बदल केवल आनन्द का दिन न समझे। बल्कि पूरे मन से सम्मान कर सेवा करें। इस कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में डॉ. वर्णिका शर्मा, अजिता गनौद वाले एवं ताबिर हुसैन उपस्थित रहें। निर्णायक डॉ. वर्णिका शर्मा के द्वारा मां शक्ति के नव रूपों का विद्यार्थियों को उनका अर्थ बहुत ही सुन्दर, सरल व मनभावन तरीके से समझाया गया व अपने जीवन मे मां दुर्गा के नव रुपो को आत्मसातकर जीवन जीये। इस कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं के द्वारा जसगीत, डांडिया नृत्य की मनोरम प्रस्तुति की गई। जिससे पूरा कॉलेज मां दुर्गा की भक्ति मे सरोबोर हो झूम उठा। बी.एस.सी नर्सिंग पंचम सेमेस्टर के द्वारा माँ दुर्गा के नव रूपो को प्रदर्शित किया गया। बी.एस.सी नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के द्वारा जस गीत प्रस्तुत किये गये।

# रायपुर में फ्लाईरोब का नया स्टोर : अब स्टाइलिश कपड़े और एक्सेसरीज रेंट पर उपलब्ध

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



अग्रणी फैशन रेंटल प्लेटफॉर्म फ्लाईरोब ने भारतीय बाजार में अपनी उपस्थिति का और विस्तार करते हुए रायपुर में अपना नया स्टोर खोला है। यह स्टोर देवेन्द्र नगर, पुलिस स्टेशन के पास, सेक्टर 4, जागृति नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492004 में स्थित है। इस स्टोर का उद्देश्य ग्राहकों को हर मौके के लिए डिजाइनर कपड़े और एक्सेसरीज किराए पर उपलब्ध कराना है, ताकि फैशन को और ज्यादा सुलभ और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा सके। नया स्टोर पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए एथनिक वियर, इंडो-वेस्टर्न आउटफिट और एक्सेसरीज़ की अच्छी खासी रेंज उपलब्ध कराता है। इस स्टोर पर ग्राहक खास मौकों के लिए प्रीमियम कपड़े रेंट पर ले सकते हैं या फिर हमेशा चलने वाले स्टाइलिश कपड़े खरीद सकते हैं। फ्लाईरोब का मकसद ग्राहकों को ऐसा फैशन प्रदान करना है जो न सिर्फ सुलभ हो बल्कि पर्यावरण के लिए भी बेहतर हो। इस अवसर पर, फ्लाईरोब की सीईओ आंचल सैनी ने कहा, रायपुर का तेजी से बदलता शहरी विकास और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत इसे फ्लाईरोब के लिए एक बेहतरीन जगह बनाती है।

# लोगो को दुर्घटना से बचाने और मवेशियो को सुरक्षित रखने कलेक्टर अग्रवाल ने संभाला

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com



देवभोग से गरियाबंद मार्ग के बीच कई जगह मवेशियों का जमावड़ा से अधिकतर राहगीर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं कई बार जिम्मेदारों को कोसा भी जाता है सड़क के बीचों बीच रहें मवेशियों को हटाने के लिए कोई पहल नही होता लेकिन शायद अब लोगो को ऐसी शिकायत का मौका नही होगा क्योंकि जिला प्रमुख दीपक अग्रवाल ने मोर्चा संभालते सख्त कदम उठाए हैं बकायदा इसके मद्दे नजर दीपक अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सड़कों में घुमंतु पशुओं के कारण होने वाले सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए महत्वपूर्ण बैठक ली बैठक में आवारा पशुओं के नियंत्रण के लिए बनाये गये संयुक्त दल के सदस्यगण शामिल हुए। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि पशुओं के कारण होने वाले सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए पशुओं को सड़कों को हटाने विशेष अभियान चलाया जाए जानबुझकर अपने मवेशियों को सड़कों में आवारा घुमने के लिए छोड़ने वाले पशु मालिकों पर भी कार्यवाही किया जाए। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत में जाकर आमजनों तथा पशुपालकों की बैठक लेकर उन्हें आवारा एवं पालतु पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं के संबंध में जानकारी देकर अवगत कराएं पशुओं को सड़क पर नहीं छोड़ने के संबंध में जागरूक करें। साथ ही किसी पशु मालिक द्वारा उक्त आदेश का पालन नहीं किये जाने पर वैधानिक कार्यवाही के संबंध में भी अवगत कराएं कलेक्टर ने निर्देशित करते हुए पशु नियंत्रण दल के सदस्यों को कहा कि पंचायतवार पशु पालकों को सूचीबद्ध करें साथ ही आवारा पशुओं को चिन्हांकित कर सूचीबद्ध करें। उन्होंने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पशुओं के सींगों में रेडियम कलर लगाये ताकि आवारा एवं पालतू पशुओं का चिन्हांकन किया जा सके। साथ ही पालतु पशुओं के सींग में पीला रंग एवं आवारा पशुओं में लाल रंग का टैग लगाये इस दौरान बैठक में पशुपालन विभाग, परिवहन विभाग, पीडब्ल्यूडी, एनएच के अधिकारियों सहित पशु नियंत्रण हेतु गठित संयुक्त दल के सदस्यगण मौजूद रहे कलेक्टर अग्रवाल ने बैठक में कहा कि सड़क किनारे या आसपास किसी शासकीय सूखा स्थल का चिन्हांकन करें, जहां पर पशुओं को रखने की आवश्यक व्यवस्था की जा सकें। इस कार्य हेतु संबंधित नगरीय निकाय, ग्राम पंचायतों में कार्यरत सामाजिक संगठन, स्वयंसेवी संगठन, एनजीओ आदि का सहयोग भी लिया जायें। आवारा पशुओं को गौशाला में स्थानांतरित किये जाने हेतु गौशाला प्रमुखों से बातचीत कर आवश्यक कार्यवाही किया जायें प्रत्येक नगरीय निकाय व ग्राम पंचायत में एसओपी तैयार करें, जो सड़कों में पशुओ के दिखने, मिलने की सूचना पर तत्काल कार्यवाही कर सकें।

## साँई टीवीएस में फेस्टिव धमाका ऑफर योजना को भारी प्रतिसाद



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

नवरात्रि, दशहरा एवं दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए उपभोक्ताओं को टीवीएस टू व्हीलर की शानदार ऑफर योजना प्रदान की जा रही है साँई टीवीएस के तीनों शोरूम फाफाडीह, लालपुर एवं आरंग में यह उपहार योजना प्रदान की जा रही है साँई टीवीएस के किसी भी शोरूम में फेस्टिव धमाका ऑफर योजना के अंतर्गत उपभोक्ता मात्र 1100 के डाउन पेमेंट पर टीवीएस का कोई भी मॉडल घर ले जा सकते हैं वही 5000 का एक्सचेंज बोनस, 0% ब्याज दर एवं 10000 तक फाइनेंस में बचत प्राप्त कर सकते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार साँई टीवीएस के किसी भी शोरूम में टीवीएस के किसी भी मॉडल की खरीदी पर आकर्षक गिफ्ट जैसे आयरन, कुकर, इंडक्शन एवं मिक्सर प्रदान किया जा रहा है इस उपहार योजना को उपभोक्ताओं ने भरपूर पसंद किया है यह फेस्टिव धमाका ऑफर योजना ओम कॉम्पेलक्स के सामने, फाफाडीह, लालपुर में भाटिया पेट्रोल पंप के बाजू एवं मेंन रोड आरंग में साँई टीवीएस शो रूम में उपलब्ध है।

## अमेजन.इन ने की एनसीईआरटी के साथ साझेदारी



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

अमेजन इंडिया ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी की मदद से किंडरगार्टन से लेकर कक्षा 12 तक के छात्रों के अलावा यूपीएससी उम्मीदवारों को अमेजन.इन के माध्यम से टेक्स्टबुक उपलब्ध हो सकेंगी। लेटर ऑफ एंगेजमेंट के माध्यम से इस साझेदारी को औपचारिक स्वरूप प्रदान किया गया है। यह साझेदारी इस बात की गारंटी देती है कि भारत के सभी सेवा योग्य पिन कोड पर एनसीईआरटी की किताबें अधिकतम खुदरा मूल्य पर उपलब्ध होंगी। इस पहल से यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि छात्र वास्तविक शिक्षण सामग्री और संसाधन प्राप्त कर सकें। इस सहयोग की मदद से, अमेजन और एनसीईआरटी छात्रों की पढ़ाई से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

## सैमसंग गैलेक्सी एस24 एफई शानदार शुरुआती ऑफर के साथ भारत में बिक्री के लिए उपलब्ध

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने गैलेक्सी एस24 एफई की बिक्री शुरू होने की घोषणा की है जो गैलेक्सी एआई इकोसिस्टम का सबसे नया प्रोडक्ट है। ये उपभेक्ताओं को प्रीमियम मोबाइल अनुभव प्रदान करता है। आज से, गैलेक्सी एस24 एफई सैमसंग.कॉम और सभी बड़े रिटेल स्टोर पर उपलब्ध होगा। एआई-आधारित प्रोविजुअल इंजन और गैलेक्सी एआई के फोटो असिस्ट फीचर पर चलने वाला गैलेक्सी एस24 एफई, बेहतर कैमरा सेटअप के साथ आता है जो यूजर को अधिक क्रिएटिव बनाता है। 6.7 इंच के डायनैमिक एमोलेड 2एक्स डिस्प्ले, लंबे समय तक चलने वाली 4700 एमएचजेड की बैटरी और शक्तिशाली एक्सीनॉस 2400 सीरीज़ चिपसेट के साथ यह चलते-फिरते गेमिंग करने के लिए एकदम सही डिवाइस है। गैलेक्सी एस24 एफई कम्युनिकेशन, प्रोडक्टिविटी और क्रिएटिविटी को बढ़ाने के लिए प्रीमियम गैलेक्सी एआई टूल और इकोसिस्टम कनेक्टिविटी प्रदान करता है।

## किया ने ईवी9 और कार्निवल लेमोजिन के लॉन्च के साथ पेश किया केआईएन 2.0 ट्रांसफॉर्मेशन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मशहूर प्रीमियम कार निर्माता कंपनी किया ने एक बार फिर अपनी 2.0 ट्रांसफॉर्मेशन रणनीति के साथ भारत के ऑटोमोबाइल सेक्टर को नए अंदाज में पेश करने के लिए दूरदर्शी नजरिया अपनाया है। किया 2.0 कंपनी के वाहनों में डिज़ाइन और टेक्नोलॉजी को अपग्रेड करने पर फोकस किया गया है, जो भारत की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में एक नये बदलाव की शुरुआत करता है। कंपनी ने एकदम नई तकनीकों के साथ इस बदलाव को शुरू करने के लिए भारत में ईवी9 और कार्निवल लेमोज़िन को लॉन्च किया है। इस तरह, कंपनी ने इंडस्ट्री में बदलाव लाने वाली अपनी छवि को और निखारा है। किया 2.0 में महत्वपूर्ण इनोवेशन किए गए हैं, जिसमें किया कनेक्ट 2.0 और एडवांस्ड व्हीकल टू एव्रीथिंग तकनीक शामिल है। किया कनेक्ट 2.0 का मतलब है कि किया का अपडेटेड कनेक्टेड कार प्लैटफॉर्म कई नए इनोवेशन के दरवाज़े खोलता है। नया प्लैटफॉर्म न केवल मैप के लिए बल्कि वाहन डायग्नोस्टिक के लिए भी कंट्रोलर (ओवर द एयर) अपडेट सुविधा देता है।

# शिकारी जानवर को पकड़ने लगाए फंदे में फंसा तेंदुआ, वन विभाग ने किया रेस्क्यू





■ पूरी रात तेंदुए की निगरानी करते रहे ग्रामीण, सुबह रायपुर ले जाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मानपुर के करीब ग्राम ढब्बा-मेढ़ा के बीच में मौजूद जंगल में तेंदुआ पकड़ा गया है। डीएफओ दिनेश पटेल ने बताया कि गुरुवार की सुबह तेंदुए को ट्रेंकुलाईज कर रेस्क्यू किया गया। वह चल-फिर नहीं पा रहा था। आशंका है कि उसे अंदरुनी चोटें आई हैं। एहतियातन उसे देखरेख के लिए रायपुर के जंगल सफारी भेजा गया है। अगर 30 दिनों के भीतर वह ठीक हो जाता है तो उसे वापस जंगल में छोड़ा जाएगा। ग्राम मेढ़ा में लगातार मवेशियों और पशुओं का शिकार हो रहा था। इसे देखते हुए सुरक्षा के लिहाज से ग्रामीणों ने जंगल में अज्ञात जानवर के लिए फंदा लगाया था। फेंसिंग में लगाए गए इस फंदे में बुधवार की शाम तेंदुआ फंसा मिला। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी तत्काल वन विभाग को दी। डीएफओ दिनेश पटेल खुद टीम लेकर मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि, फंदे में उलझा तेंदुआ का पिछला हिस्सा पूरी तरह जाम हो गया था। वह ज्यादा हिल डुल नहीं पा रहा था। ग्रामीणों को जरा भी अंदाजा नहीं था कि इस इलाके में तेंदुआ मौजूद है। उन्हें किसी और जानवर के यहां होने की आशंका थी। ग्रामीणों ने रतजगा कर पूरी रात तेंदुए की निगरानी की। बहरहाल, तेंदुए को सुरक्षित रायपुर स्थित जंगल सफरी पहुंचा दिया गया है जहां चिकित्सकों की निगरानी में उसकी देखरेख की जा रही है।

### देर रात रायपुर से पहुंचे ट्रेंकुलाईजर विशेषज्ञ

डीएफओ दिनेश पटेल ने बताया कि, तेंदुआ आक्रामक था। अंधेरा हो चलते उसे रेस्क्यू करने में दिक्कतें आ रही थीं। इसलिए हमने रायपुर से ट्रेंकुलाईज कर उसे बेहोश किए जाने की परमिशन ली। देर रात को ही रायपुर जंगल सफारी से डॉ. राकेश वर्मा ट्रेंकुलाईजर लेकर मानपुर पहुंचे। सुबह 6 बजे टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए को बेहोश किया गया। इसके बाद उसे पिंजरे में डाला गया।

### पहले नहीं देखा गया था

पकड़े गए तेंदुए की उम्र लगभग 3 साल बताई जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि, दो-तीन घंटे तेंदुए को आब्जर्वर किया गया। जब उसकी स्थिति बेहतर नहीं दिखी तब उसे रायपुर के लिए रवाना कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि, इससे पहले तेंदुआ इलाके में नहीं देखा गया था। आए दिन बकरी, मुर्गी और सुअर का शिकार होने पर वे किस और जानवर के यहां आने का अनुमान लगा रहे थे। इसलिए ही उन्होंने फंद्दा लगाया था।

# अधूरी कार्रवाई...शासकीय जमीन बेचने वालों पर एफआईआर तक नहीं, रजिस्ट्री भी रदद नहीं की

## सोमनी में फर्जी दस्तावेजों पर सरकारी जमीन बेचने का मामला

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत सोमनी के शासकीय भूमि की खरीदी-बिक्री की शिकायत में अनुविभागीय अधिकारी राजनांदगांव द्वारा 11 माह बाद निर्णय में आबादी एवं 20 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत जारी खाली पड़ी भूमि के पट्टों को निरस्त कर पंचायत के उपयोग के लिए आदेश जारी किया गया है। जबकि फर्जीवाड़े के आरोप में निलंबित पटवारी को पुनः बहाल कर दिया गया है। सवाल यह रहे हैं कि शासकीय भूमि की खरीदी-बिक्री में क्या बड़ा रैकेट काम कर रहा है, क्योंकि आज निलंबित पटवारी पुनः बहाल कर दिया गया। रजिस्ट्रार पर कोई जांच या कार्रवाई नहीं की गई। खरीदी-बिक्री करने वाले साफ निकल गए। सामने आए दलालों के नामों पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिन जमीनों की रजिस्ट्री की शिकायत की गई, उनको निरस्त करने को लेकर भी आदेश में कोई उल्लेख नहीं है। ये सभी प्रश्न जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता है। सोमनी पंचायत द्वारा छत्तीसगढ़ पिछड़ा क्षेत्र विकास प्राधिकरण मद से सामुदायिक भवन का निर्माण आरंभ करते ही झारखंड निवासी संजय तापडिया द्वारा निर्माणाधीन भवन स्थित भूमि को अपने हक का दावा किए जाने पर यह जानकारी सामने आई कि शासकीय भूमि की रजिस्ट्री हो गई है। आनन-फानन में पंचायत और ग्रामीणों ने मिलकर तत्कालीन कलेक्टर से इसकी लिखित शिकायत की। तहसीलदार मनीष वर्मा ने राजस्व निरीक्षक और पटवारी की टीम बनाकर जांच की। जांच में पाया गया कि वास्तव में शासकीय भूमि की रजिस्ट्री की गई है। इसका उल्लेख तहसीलदार के प्रतिवेदन में है। तहसीलदार राजनांदगांव के प्रतिवेदन के आधार पर ही अनुविभागीय अधिकारी राजनांदगांव अतुल श्रीवास्तव द्वारा 1 एकड़ 20 डिसमिल भूमि को पंचायत के उपयोग के लिए स्वतंत्र कर दिया गया है। पूर्व में जारी समस्त पट्टों को जो 25 से 30 वर्ष पर पूर्व जारी किए गए थे, उन्हें भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 243 सहपठित धारा 244 के अंतर्गत निर्मित नियमों के पालन नहीं किए जाने के कारण निरस्त कर दिया गया है। भूखंड को मुक्त किया जाने का आदेश आने के बाद सवाल उठ रहे हैं कि आखिर क्यूं इस फर्जीवाड़े को अंजाम देने वालों के खिलाफ एफआईआर नहीं की जा रही है। पूरे प्रकरण में सिर्फ पटवारी को निलंबित कर दिया गया। रजिस्ट्री को निरस्त करने हेतु निर्देश या आदेश भी जारी नहीं किए गए हैं। पूरे मामले में दलालों के नाम सामने आए हैं, जिन्होंने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर इस पूरे मामले को अंजाम दिया, उन पर भी किसी प्रकार की कारवाई अधिकारियों द्वारा नहीं की गई।

# रेड कार्रवाई में 260 नग देशी प्लेन शराब जब्त खुज्जी में रेड कार्रवाई में आरोपी युवक गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



ब्लॉक के ग्राम राजा खुज्जी में पुलिस ने एक शराब कोचिये पर कार्रवाई की है। जिला पुलिस के मार्गदर्शन में अवैध कृत्यों के खिलाफ जारी अभियान अंतर्गत मुखबिर सूचना पर डोंगरगांव पुलिस ने रेड कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को 260 नग अवैध देशी प्लेन शराब के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस की आधिकारिक जानकारी मुताबिक टीआई उपेन्द्र कुमार के अगुवाई में पुलिस ने खुज्जी में रेड कार्रवाई की। रेड कार्रवाई में आरोपी विनय देवांगन पिता कुंदन देवांगन, 29 वर्ष, बसस्टैण्ड वार्ड नं 08, साकिन ग्राम खुज्जी को 260 नग अवैध देशी प्लेन शराब जुमला कीमती 23400/- के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के गिरफ्तारी की सूचना परिजनों को दी गई। आरोपी के विरूद्ध थाना डोंगरगांव मे अप क्र 245/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अप पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है।

## कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम अंतर्गत किया गया पौधरोपण

**राजनांदगांव।** कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव प्रक्षेत्र सुरगी परिसर में एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू, कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव के अध्यक्ष सचिन बघेल, कोमल सिंह राजपूत, सांसद प्रतिनिधि बिसेसर साहू, सरपंच आनंद साहू, चंद्रकृत साहू परिसर में पौधरोपण किया। कायक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को पेड़ लगाकर अपनी मां और धरती मां के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग से निजात पाना एवं धरती के भविष्य को सुरक्षित रखना है। अतिथियों द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में एक पेड़ मां के नाम कार्य म के तहत फलदार व फूलदार उद्यानिकी पौधों का रोपण किया गया। कार्य म में कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा, श्रीमती अंजली घृतलहरे, मनीष सिंह, आशीष शुक्ला, जितेन्द्र मेश्राम, मंजूलता मेरावी, किसान संगवारी, कृषक, एवं स्वसहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थी।

# डायरिया से दो मौतें, संबलपुर में फैला संक्रमण कैंप लगाया गया, मेडिकल टीम कर रही निगरानी



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहर से सटे सिंघोला के नजदीक संबलपुर गांव में पिछले सप्ताहभर से डायरिया के चपेटे में आने से दो ग्रामीणों की मौत हो गई। लगभग पूरा गांव उल्टी-दस्त से पीड़ित है। ग्रामीणों की मौत की घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग ने कैम्प लगाया है। जिसमें अब भी बड़ी संख्या में उल्टी-दस्त से पीड़ित ग्रामीण उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। मिली जानकारी के मुताबिक संबलपुर गांव डायरियाग्रस्त है। बीते 4 और 8 अक्टूबर को दो ग्रामीण डायरिया से गंभीर रूप से बीमार हो गए। बाद में दोनों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मौसम में आए बदलाव के चलते गांव में डायरिया एकाएक फैल गया। आसपास के निजी चिकित्सकों ने स्थिति को सम्हालने की कोशिश की, लेकिन हालात बेकाबू हो गए। दो ग्रामीणों की मौत की खबर के बाद स्वास्थ्य विभाग का जमीनी अमला गांव में तैनात है। स्वास्थ्य कर्मचारी लगातार ग्रामीणों की सेहत की जांच कर रहे हैं। हालांकि पीड़ितों की संख्या में कमी आई है। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग अगले सप्ताहभर कैम्प में तैनात रहेगा।

# नवागांव-पुराना ढाबा में सैकड़ों ने ली भाजपा की सदस्यता : परवेज अहमद

■ लगातार जारी रहेगा अभियान, जन-जन तक पहुंचने की कवायद

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राजनांदगांव विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र में चलाए जा रहे भाजपा के सदस्यता अभियान से लोग बड़ी संख्या में जुड़ रहे हैं। गांव ङ्क गांव में कैंप लगाकर ग्रामीणों को भाजपा की सदस्यता दिलाई जा रही है। अब तक तकरीबन एक दर्जन गांवों में इस अभियान से डेढ़ हजार से अधिक लोग जुड़े हैं। गुरुवार को इस महाअभियान के तहत निकाय के ग्रामीण वार्ड बजरंगपुर-नवागांव और पुराना ढाबा में भाजपा की विचारधारा से प्रेरित नागरिकों को ऑनलाईन सदस्यता दिलाई गई। भाजपा नेता व प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष परवेज अहमद ने कहा कि, सदस्यता अभियान को व्यापक समर्थन मिल रहा है। नागरिकों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और भाजपा के सुशासन का बड़ा असर देखने को मिल रहा है। गुरुवार को बजरंगपुर-नवागांव और पुराना ढाबा में आयोजित सदस्यता कैंप में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश पटेल व मंडल अध्यक्ष अतुल रायजादा शामिल हुए। अतिथियों ने नए सदस्यों का स्वागत किया और साथ ही भाजपा की विचारधारा और उसका ध्येय साझा किया। परवेज अहमद ने बताया कि, पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व सांसद संतोष पांडेय से कार्यकर्ताओं को लगातार मार्गदर्शन मिल रहा है। स्पीकर डॉ. रमन सिंह की मंशा है कि, राजनांदगांव जिले प्रदेश में सदस्यता अभियान के मामले में अव्वल हो। सभी मिलजुलकर इस लक्ष्य को पूरा करने में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि, गुरुवार को सैकड़ों नागरिकों ने ऑनलाईन सदस्यता ग्रहण की है। सभी को तिलक कर उनका भाजपा में स्वागत किया गया। यह समर्थक पार्टी की नींव हैं।

# सोमनी में 13 को मनाया जाएगा दशहरा, भव्य आतिशबाजी की तैयारियां

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



सोमनी में दशहरा उत्सव समिति द्वारा इस बार विजयादशमी का पर्व 13 अक्टूबर को मनाया जाएगा। कायक्रम में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे। समिति के संरक्षक आलोक तिवारी व अध्यक्ष अंगेश्वर देशमुख ने बताया कि विजयादशमी पर्व पर कटक की शानदार आतिशबाजी केसाथ 41 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 7 बजे से शुरू होगा। भव्य आकाशीय आतिशबाजी के साथ कटक के कलाकर जमीनी आतिशबाजी भी दिखाएंगे। बताया गया कि रावण दहन से पहले रामलीला का आयोजन भी होगा। आयोजन को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। समिति केसांस्कृतिक प्रभारी ललित जैन व अभिनव तिवारी ने बताया कि दशहरा पर्व पर छत्तीसगढ़ी फिल्मों के गायक सुनील सोनी का सांस्कृतिक संगीतमय कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम रात आठ बजे से शुरू होगा। जिसमें सुनील सोनी और उनकी टीम के कलाकार छत्तीसगढ़ी फिल्मी गीतों पर धूम मचाएंगे। समिति के संयोजक चंद्रकांत ठाकुर व अध्यक्ष अंगेश्वर देशमुख ने बताया कि कोरोनाकाल के बाद इस साल विजयादशमी का पर्व भव्य रूप से मनाया जा रहा है। आसपास के ग्रामीणों को इस बार दशहरा में आकर्षक आतिशबाजी के साथ सुनील सोनी स्टार नाइट सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेने को मिलेगा। आयोजन को सल बनाने समिति के सभी सदस्य कैलाश विश्वकर्मा, संतोष यादव, जितेंद्र देशमुख, कमल वैष्णव, प्रकाश वर्मा, दिनेश देशलहरे, सुखदेव साहू, नोहर साहू, विवेक साहू, नितेश अग्रवाल व सचिन यादव सहित सभी सदस्य तैयारी में जुटे हुए हैं।

# हरियाणा में कांग्रेस की छत्तीसगढ़ जैसी विफलता : शिव वर्मा

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष शिव वर्मा ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की छत्तीसगढ़ जैसी विफलता हाथ लगी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे छत्तीसगढ़ के चुनाव परिणामों से कुछ मिलते जुलते रहे। छत्तीसगढ़ में चुनाव अभियान के दौरान से लेकर मतदान के बाद एग्जिट पोल में यह दवा किया गया कि कांग्रेस फिर से सरकार बनाएगी। हालांकि 2018 के मुकाबले कांग्रेस की सीटें घटना का अनुमान था और भाजपा को कुछ मजबूत बताया गया था लेकिन किसी भी सर्वे एजेंसी ने यह नहीं कहा था कि भाजपा की वापसी होगी। परिणामो के बाद जब ईवीएम मशीन खुली तो सबके अनुमान ध्वस्त हो गए। भाजपा ने राज्य के चुनाव इतिहास में सबसे ज्यादा सीटें जीती, जबकि कांग्रेस का प्रदर्शन सबसे कमजोर रहा। हरियाणा के चुनाव को लेकर भी कुछ ऐसा ही हुआ। कोई भी एग्जिट पोल भाजपा की जीत का दवा नहीं कर रहा था, भाजपा को केवल 25 से 27 सीटों पर सीमित बता रहे थे। वहीं कई सर्वेक्षण कांग्रेस को 60 अधिक सीट दे रहे थे। वर्मा ने आगे कहा कि सोशल मीडिया और चुनाव विश्लेषकों ने भी बड़े दावे किए थे। कह रहे थे कि कांग्रेस की सुनामी चल रही है। भाजपा ने इन अनुमानों को नकारते हुए अपनी रणनीति जारी रखी। शिव वर्मा ने कहा कि कांग्रेस मध्य प्रदेश की तरह मुगालते में है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने छत्तीसगढ़ की तरह बाजी पलटने के बात कही है। हरियाणा में परिणाम आने के बाद जो लोग भाजपा की हर की भविष्यवाणी कर रहे थे वह कांग्रेस की की गलतियों पर चर्चा करने लगे हैं। भले ही हरियाणा और छत्तीसगढ़ के चुनाव अलग समय में हुए जो मुद्दे भी अलग थे लेकिन कांग्रेस की एक रणनीति ने उन्हें नुकसान पहुंचा। कांग्रेस हमेशा से ही जात-पात की राजनीति तथा गरीबों के लिए सिर्फ चुनावी घोषणा पत्र के कारण आज वह सत्ता से कोसो दूर है।

## हॉकी खिलाडियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण, ट्रायल 15 को

**राजनांदगांव।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राजनांदगांव जिले में संचालित खेलो इंडिया लघु केन्द्र में खिलाडिय़ों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण हेतु खिलाडिय़ों के लिए स्थान रिक्त है, जिसकी भर्ती हेतु राजनांदगांव जिले के खिलाडिय़ों के लिए 15 अक्टूबर 2024 को दोपहर 2 बजे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम गौरवपथ में एक दिवसीय हॉकी का ट्रायल लिया जाएगा। हॉकी के ट्रायल में शामिल होने के लिए वर्ष 2009 से 2015 के मध्य जन्म लेने वाले इच्छुक एवं पात्र बालक-बालिका खिलाड़ी जन्म प्रमाण पत्र, मार्कशीट, आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते है।

# दुर्गा विसर्जन के लिये विसर्जन कुंड की सफाई, विद्युत व्यवस्था दुरूस्त

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



नगर निगम द्वारा नवरात्रि पर्व में दुर्गा विसर्जन के लिये अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। विसर्जन हेतु मोहारा नदी के पास स्थित विसर्जन कुण्ड का आज उपायुक्त मोबिन अली एवं कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके ने निरीक्षण कर ड्यूटी में लगे अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। दुर्गा विसर्जन के लिये कल से दो दिन अधिकारियों व कर्मचारियों को दायित्व सौपा गया है। विर्सजन कुण्ड की सफाई कर पानी भरने का कार्य किया जा रहा है, साथ ही सूचारू विसर्जन के लिये पण्डाल लगाया जा रहा है, इसके अलावा मूर्तियों के लिये क्रेन की व्यवस्था की जा रही है तथा विसर्जन कुण्ड के आस पास एवं शहर के सडकों की विद्युत व्यवस्था दुरूस्त की गयी है। सडको के गड्ढो में पेचवर्क किया जा रहा है। उपायुक्त अली एवं कार्यपालन अभियंता रामटेके ने निरीक्षण के दौरान शहर में समुचित साफ सफाई के निर्देश दिये है, उन्होंने कहा है कि शहर के प्रमुख तालाबों जहॉ जंवारा विसर्जन किया जायेगा वहा साफ सफाई करने के निर्देश दिये है, साथ ही शासन के निर्देशानुसार तालाबों में मूर्ति विसर्जन प्रतिबंधित किया गया है, मूर्ति का विसर्जन सिर्फ मोहारा स्थित विसर्जन कुण्ड में ही किया जायेगा। उन्होंने मंदिरों के आस पास साफ सफाई तथा शहर में विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने कहा है। विसर्जन में लगे सभी अधिकारी कर्मचारी निर्धरित अवधि में अपने दायित्वों का निर्वाहन करेंगे। किसी भी प्रकार की शिकायतो का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करेंगे।

## राजनीतिक दलों की बैठक 14 अक्टूबर को

**राजनांदगांव।** नगर पालिक आम निर्वाचन 2024-25 के लिए निर्वाचन हेतु निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्य हेतु प्राप्त समय अनुसूची के संबंध में राजनीतिक दलों की बैठक 14 अक्टूबर 2024 को शाम 5 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

केंद्रीय मंत्री ने भाजपा कार्यालय में ली समीक्षा बैठक

# भाजपा राष्ट्रहित के विचारधारा वाली पार्टी, जो शून्य से शिखर पर पहुंच गई : तोखन साहू

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने खैरागढ़ का दौरा किया, जहां उन्होंने भाजपा के चल रहे सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक ली और पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उन्होंने सदस्यता अभियान को तेजी से आगे बढ़ाने पर जोर दिया। ज्ञात हो कि केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कहा कि माता बम्लेश्वरी देवी के दर्शन के पश्चात व खैरागढ़ पहुंचा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रहित के विचारधारा वाली पार्टी है, जो शून्य से शिखर पर पहुंच गई है। वहीं दूसरी ओर जिस पार्टी की कोई विचारधारा नहीं वो शिखर से शून्य की ओर जा रही है। कभी दो सीटों पर रहने वाली भारतीय जनता पार्टी के पास आज सबसे ज्यादा सांसद है। उन्होंने पार्टी के सदस्यता अभियान को लेकर कहा कि जो लक्ष्य कार्यकर्ताओं को दिया गया है, उसे पूरा करने के लिए केवल 15 अक्टूबर तक का समय है। जिसके लिए आप सभी जुट जाइए। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान के माध्यम से हम अपनी बात को घर घर तक पहुंचा सकते हैं। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि सभी पदाधिकारियों को ये जिम्मेदारी लेनी है और सदस्यता अभियान के लक्ष्य को पूरा करने में जुट जाना है। उन्होंने कहा कि हमें जो लक्ष्य दिया गया है, शेष बचे हुए समय में उसे पूरा करना है। जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देश पर सदस्यता अभियान की समीक्षा के लिए केन्द्रीय मंत्री का दौरा हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारा जिला नया बना है, जहां कार्यकर्ताओं ने पार्टी के हर कार्य में अच्छा काम किया है। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान को लेकर हमें और अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है। जिससे हमारे जिले में सदस्यता अभियान का लक्ष्य पूरा हो सके। समीक्षा बैठक में जिला संयोजक तिरथ चंदेल, जिला महामंत्री रामाधार रजक, पूरन जंघेल, गिरिजा चंद्राकर, नीलिमा गोस्वामी, कीर्ति वर्मा, विकेश गुप्ता, सदस्यता अभियान के संयोजक शशांक ताम्रकार, अनिल अग्रवाल, प्रकाश सिंह, आलोक श्रीवास, विनय देवांगन, हरप्रसाद वर्मा, राजेश मेहता, नरोत्तम सिन्हा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नशे में धुत आरोपियों ने कर्मचारी से पैसे छीने, गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ पुलिस ने करवारी के फारेस्ट हाउस में कर्मचारी से गाली गलौज व जेब से 500 रुपए निकालने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों खुद को पत्रकार बताकर रेस्ट हाउस में घुसे थे। जिन्हें पहले कर्मचारी से खाना मांगा, लेकिन जब खाना देने में देरी हुई तो गाली गलौज शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि मामले में राहुल ओझा और विमल अग्रवाल को गिरफ्तार किया गया है। दोनों मंगलवार-बुधवार की रात कलवारी रेस्ट हाउस पहुंचे। दोनों ने खुद को पत्रकार बताकर कर्मचारी से खाना मांगा। लेकिन जब कर्मचारी ने भोजन अधिकारियों के लिए बनाए जाने की बात कही तो उससे बदसलूकी करते हुए उसकी जेब में रखे 500 रुपए को छिन लिया। कर्मचारी ने इसकी शिकायत थाने में की। जिसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।



## दावा आपत्ति 23 अक्टूबर तक आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना राजनांदगांव (शहरी) अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 रेवाडीह वार्ड 21 में आंगनबाड़ी सहायिका के एक रिक्त पदों की पूर्ति के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों के निरीक्षण परीक्षण पश्चात वरीयता क्रम अनुसार प्राविधिक मूल्यांकन पत्रक तैयार कर जारी किया गया है। प्रकाशित प्राविधिक मूल्यांकन पत्रक सूची के संबंध में दावा आपत्ति 23 अक्टूकर 2024 तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना राजनांदगांव (शहरी) में प्रस्तुत कर सकते है। प्रकाशित प्राविधिक मूल्यांकन पत्रक सूची का अवलोकन नगर पालिक निगम राजनांदगांव के नोटिस बोर्ड पर किया जा सकता है।

## 15 को आएंगे कवि कुमार विश्वास

**राजनांदगाँव।** विधायक और विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन के अवसर पर म्युनिसिपल मैदान में कवियों की महफिल सजेगी. युवा वेलफेयर फेडरेशन के द्वारा यह आयोजन 15 अक्टूबर को होने जा रहा रहा है. इस कार्यक्रम में युवा कवि कुमार विश्वास के साथ चार अन्य कवि भी मंच पर होंगे. इनमे दुर्ग के डॉ सुरेंद्र दुबे भी शामिल है। कार्यक्रम की तैयारियां जोरो से चल रही है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना सपनों को साकार करने वाली योजना: अरुण साव

## उप मुख्यमंत्री ने आवास मेले में 36 हजार से ज्यादा परिवारों को दी आवास की सौगात

- हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र और घर की चाबी सौंपी, त्यौहारों पर खुशियां हुई दोगुनी
- 33,019 परिवारों को पहली किस्त की 132 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जारी

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



उप मुख्यमंत्री अरुण साव आज बिलासपुर के स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम में आवास मेला में शामिल हुए। उन्होंने जिले के 36 हजार 663 आवासहीन ग्रामीण परिवारों को आवास का स्वीकृति पत्र देकर खुशियों की गारंटी दी। उन्होंने ऐसे हितग्राही जिनके आवास पूर्ण हो चुके हैं, उन्हें प्रतीकात्मक रूप से घर की चाबी भी भेंट की। आज बिलासपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के चेहरों की चमक देखते ही बन रही थी। त्यौहारों के मौसम में उनकी खुशियां दोगुनी हो गईं। विधायक धर्मजीत सिंह भी आवास मेला में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मुख्य अतिथि के रूप में आवास मेला को संबोधित करते हुए कहा कि हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसका स्वयं का मकान हो। प्रधानमंत्री आवास योजना लोगों के सपनों को साकार करने वाली योजना है। हर गरीब के सपने को सरकार ने अपना सपना बना लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय गरीबों के आवास का सपना पूरा करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आवास योजना के तहत इस वर्ष बिलासपुर जिले में 33 हजार 019 हितग्राहियों के लिए 132 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि स्वीकृत की गई है। राज्य सरकार द्वारा 18 लाख आवासहीन परिवारों को आवास की सौगात दी जा रही है। उप मुख्यमंत्री साव ने कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार लोगों की बेहतरी के लिए काम कर रहे हैं। गांव, गरीब और किसान सरकार की प्राथमिकता में है। छत्तीसगढ़ सरकार ने 13 दिसम्बर को शपथ ली और 14 दिसम्बर को 18 लाख प्रधानमंत्री आवास के कार्यों की स्वीकृति दी। हमारी सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिन 25 दिसम्बर को 12 लाख किसानों के खातों में 3716 करोड़ रुपए की बोनस की बकाया राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार गांवों, गरीबों और किसानों की तरक्की के लिए प्रतिबद्ध है। साव ने आवास योजना में बेहतर काम करने वाले कर्मचारियों को कार्यक्रम में सम्मानित भी किया। विधायक धर्मजीत सिंह ने आवास मेला में अपने संबोधन में कहा कि दस साल पहले नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने और उन्होंने लोगों के सपनों को पूरा करने की दिशा में काम किया। अपना घर अपना होता है, और जब किसी को पक्का घर मिलता है तो उसकी जिंदगी का एक मकसद पूरा होता है। पूरे देश में लोगों के इस मकसद को पूरा करने का काम प्रधानमंत्री कर रहे हैं। बिलासपुर जिला पंचायत के सीईओ आर.पी. चौहान ने कार्यक्रम में बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले में 50 हजार 619 आवासों की स्वीकृति का लक्ष्य है। इनमें से अब तक 36 हजार 643 आवास स्वीकृत कर 33 हजार 019 आवासों के लिए प्रथम किस्त की राशि जारी की जा चुकी है। पूर्व में स्वीकृत आवासों में 93 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। कलेक्टर अवनीश शरण और नगर निगम के कमिश्नर अमित कुमार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और आवास योजना के हितग्राही बड़ी संख्या में आवास मेला में मौजूद थे।

### हितग्राहियों ने बांटी अपनी खुशियां

आवास मेला में आवास स्वीकृति पत्र और नए घर की चाबी मिलने से हितग्राहियों के चेहरे खिल उठे। कुछ हितग्राहियों ने अपनी खुशियां मंच से साझा भी कीं। महमंद के वेदलाल बघेल ने बताया कि वे पहले मिट्टी के घर में रहते थे। बारिश के दिनों में बहुत दिक्क त होती थी। अब कच्चे घर की परेशानियों से छुटकारा मिल गया है। कोटा विकासखंड के करका निवासी मती प्रमिला बैगा ने बताया कि पक्का घर मिलने से बहुत सी समस्याओं से निजात मिल गई है। पक्के घर में रहने से समय और श्रम बचता है। साथ ही वह ज्यादा सुरक्षित भी महसूस करती है। उसने बताया कि वह 'बिहान' योजना से भी जुड़ी हुई है। सरकार की योजनाओं से उसकी जिंदगी बदल गई है। उसने संवेदनशील पहल के लिए सरकार का आभार जताया।

# दुलदुला विकासखंड में स्व-सहायता समूह की महिलाओं को मछली पालन के लिए दिया गया प्रशिक्षण




पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रदेश की महिलाओं को विभिन्न गतिविधियां में शामिल कर उनके लिए स्व-रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। महिलाओं को अतिरिक्त आय अर्जित करने के लिए मुर्गी पालन, मछली पालन, एवं अन्य आजीविका मूलक गतिविधियों से जोड़ने के लिए कहा गया है।

जशपुर जिले में कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के दिशा-निर्देश में लखपति पहल अंतर्गत समूह की महिला सदस्यों को निरंतर रूप से अभिसरण के साथ मछली पालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में विगत दिवस दुलदुला विकासखंड के सामुदायिक भवन में मत्स्य निरीक्षक कुमारी शीला मिंज और डीपीएमएन आरएलएम द्वारा मछली पालन करने वाले समूह को प्रशिक्षण प्रदान दिया गया। प्रशिक्षण में मछली पालन के लिए 03 लेयर में पालन करने की विधि बताई गई। तालाब में मछली का संचयन करने से पहले की तैयारी, उर्वरीकरण, संचय पश्चात रख रखाव एवं अन्य बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। मत्स्य विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की भी जानकारी दी गई। और लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। मछली पालन आय का उत्तम साधन है। कम लागत से अच्छा लाभ कमाया जा सकता है।

# पथर्रा में किसानों के आंदोलन में शामिल हुए योगेश तिवारी, ग्रामीणों को हर मदद कर दिया आश्वासन



पायनियर संवाददाता बेमेतर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय हिंदू सर्व सनातन संगठन के अध्यक्ष योगेश तिवारी पथर्रा में बीते 14 दिनों से चल रहे आंदोलन को समर्थन देने पहुचे. इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी व्यथा से अवगत कराया। उन्होंने ग्रामीणों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि एथेनॉल प्लांट का मैं पुरजोर विरोध करता हूं. पारिवारिक कारणों से नहीं आ पा रहा था। उन्होंने कहा कि जब तक सब संगठित नहीं होंगे। तब तक प्लांट स्थापना का विरोध सफल नहीं हो पाएगा। पथर्रा के आसपास के किसान, महिला संगठित है। क्षेत्र के किसान त्यौहार को छोड़कर प्रदर्शन में शामिल हो रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर पाटन में प्लांट लगना था लेकिन बेमेतरा क्षेत्र को बर्बाद करने की तैयारी की गई है। जिला प्रशासन के अधिकारी एथेनॉल प्लांट के प्रदूषण को नाकार रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम भैंसा में स्थापित एथेनॉल प्लांट से आसपास के गांव में प्रदूषण फैल रहा है. एथेनॉल की गंध 5 किलोमीटर तक पहुंच रही है। इस दौरान अजिताभ मिश्रा, जितेंद्र यदु बसनी, घनाराम निषाद, सिद्धिक खान, खेमू साहू, भरत साहू, घासी साहू, केवल यदु, जितेंद्र साहू, रामलाल साहू, पारस निषाद राका, नरेश साहू आदि मौजूद रहे।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जिला अस्पताल में किया गया शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता बेमेतर
www.dailypioneer.com



राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेशानुसार एवं अध्यक्ष प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन पर विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जिला अस्पताल बेमेतरा व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र देवकर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित लोगो को मानसिक स्वास्थ का ध्यान रखना कितना जरूरी है इस बारे में जागरूकता बढ़ाने साथ ही लोगों को जानकार बनाने व प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक वर्ष 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है साथ ही लोगों को बताया गया मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए कुछ समय स्वयं के लिए निकाले और अपने पसंदीदा गतिविधियों में सामिल हो एवं परिवार के साथ समय बिताये और नियमित योग अभ्यास कर, हेल्दी भोजन करे, अच्छी नींद लेने के लिए कहा गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों के साथ तमान व्यवहार की आवश्यकता के बारे में समझाया गया। और उनके अधिकारों की जानकारी, निःशुल्क विधिक सहायाता/सलाह, निः शुल्क इलाज की सुविधा उपलब्धता के बारे में जानकारी प्रदान किया गया। उक्त शिविर में जिला अस्पताल से डॉ0 नरेन्द्र कुमार वर्मा (साइकोलॉजिस्ट), डॉ. प्रीति जंघेल (पी.एस.डब्लू.) एवं पैरालीगल वालेंटियर्स सोनिया सिंह राजपुत, टुवेन्द्र वर्मा, चेतन सिंह, पंकज घृतलहरे, धरमू बारले, संजीव शर्मा, देवन्द्र यादव, तरूण कुमार आनंद, स्वाति कुंजाम, नागेश सिन्हा उपस्थित रहें।

# सैगोना मनमोहक पंडाल श्रद्धालुओं के आकर्षक का केंद्र बना



पायनियर संवाददाता बेमेतर
www.dailypioneer.com

ग्राम सैगोना में माँ दुर्गा का मनमोहक भव्य पंडाल लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, प्रातः और संध्या आरती के समय श्रद्धालुओ का भीड़ लग जाता है, रात्रि में माता की जस गीत से चारो तरफ भक्तिमय हो जाता है, शारदीय नवरात्र पर्व के अवसर पर गरबा का आयोजन किया जिसमे ग्राम के बालिकाओं द्वारा प्रस्तुति दिए समस्त ग्रामवासी उपस्थित होकर बच्चों का उत्साह वर्धन किए, नव युवक दुर्गोत्सव के सभी सदस्य एवम। कार्यक्रम प्रभारी कुलदीप सिन्हा राम चंद्राकर सयोजक संदीप सिन्हा अमित सिन्हा अध्यक्ष यशवंत साहू शिव सिन्हा टिकेंद्र, योगेश प्यारे लाल उपस्थित रहे।

# जिले में पांच महतारी सदन निर्माण हेतु राज्य शासन ने दी स्वीकृति

पायनियर संवाददाता रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



जिले के बलरामपुर विकासखंड के ग्राम महराजगंज,रनहत,पस्ता-पाढ़ी और डौरा तथा विकासखण्ड रामचन्द्रपुर के ग्राम त्रिकुण्डा में महतारी सदन निर्माण हेतु सुकृति प्रदान की गई है जिसकी लागत 1.23 करोड़ रूपए बताई जा रही हैं। व्ही प्रत्येक महतारी सदन निर्माण की लागत 24 लाख 70 हजार रूपए है। इस सदन के निर्माण हेतु विधायक राम विचार नेताम के द्वारा राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा गया था जिसकी स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

# कठिया में जिला प्रभारी ने जन्मदिन पर किया पौधारोपण



**बेमेतरा।** पर्यावरण प्रेमी संगठन जिला बेमेतरा के जिला प्रभारी लक्ष्मीनारायण साहू के जन्मदिन के अवसर पर कठिया के मुक्तिधाम में बरगद, पीपल, कनेर का पौधा लगाया गया। हमें पर्यावरण को सुरक्षित करना भरपुर प्रयास करना चाहिए ताकि आने वाले को देखते हुए जिसमें अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, सचिव गणेश कुमार साहू, किशन साहू, विजय निषाद, रामकृष्ण सेन उपस्थित थे।

# सुनील निहोरे का भजन जगराता में विजय सिन्हा पहुंचे



पायनियर संवाददाता बेमेतर
www.dailypioneer.com

जय श्री राम दुर्गोशोत्सव समिति के द्वारा आयोजित सुनील शिहोरे द्वारा भजन जगराता आयोजन में शामिल होकर माता जी का जगराता सुनने का अवसर मिला जय श्री राम दुर्गाउत्सव समिति के सदस्यओ का दुर्गा माँ की दिव्य तस्वीर भेंट कर सम्मान किया। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा आचार्य पंडित शास्त्री त्रिलोकी महराज विजय सिन्हा ने समिति के सदस्यो की जमकर तारीफकी कहा गणेश उत्तस्व के बाद माता जी का भव्य दरबार सजाना और रंगा रग बड़े बड़े आयोजन करना आयोजन को सफल करना बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस आयोजन के लिए समिति के मुखिया नीलू प्रवीण राजपूत जी गिरीश गबेल जी विकाश तिवारी अजय शुक्ला गोलू कोशले रानू वर्मा प्रांजल गौतम दिलीप पटेल मुकेश ठाकुर संतोष साहू चदन सोनी शेखर राजपूत रामेश्वर साहू छोटा देवागन सुनील सवाल धरेन्द्र पाल शुभम देवागन वतन राजपूत तेजेश्वर राजपूत राहुल राजपूत हेमंत वर्मा कृपाल शेन घनश्याम यदु ओम निर्मलकर वैभव तम्बोली अजय सोनी पुष्प राज भुवाल जीवेन्द्र तिवारी अतीत मिश्रा अमन राजपूत दादू पटेल रवि वर्मा दीपक साहू प्रदीप मानिकपुरी जितेंद्र पटेल कान्हा बिरेन्द्र पटेल भानु प्रताप गुप्ता विकाश शुक्ला भाजपा नेता विकाश तम्बोली नेता पूर्व एल्डरमेन गौरव साहू डॉ नरेश साहू जी सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

# 20 से अधिक गांवों में नवरात्रि में मुख्य अतिथि बनें योगेश तिवारी

पायनियर संवाददाता बेमेतर
www.dailypioneer.com



नवरात्रि का पावन पर्व पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश समेत बेमेतरा जिले में भी धूमधाम से मनाया जा रहा है। जगह-जगह भव्य झांकियों और जगराता कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। इस वर्ष इन कार्यक्रमों की विशेषता यह है कि सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और भाजपा के किसान नेता योगेश तिवारी को प्रमुख अतिथि के रूप में आमंत्रित हुये। योगेश तिवारी अब तक बेमेतरा जिले के 20 से अधिक गांवों का रोज दौरा कर रहे हैं, जहां उन्होंने माँ दुर्गा के पंडालों में और माँ मावली माता और माँ शीतला माताओं का दर्शन कर ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की। योगेश तिवारी बेमेतरा विधानसभा के नगर पंचायत बेरला, ग्राम पंचायत दारगांव, ग्राम लाटा, ग्राम हरदी (भिंभौरी), ग्राम हरदी (माटरा), ग्राम छोटे भिलौरी, ग्राम बड़े भिलौरी, ग्राम गोडगिड़ी, ग्राम पेंड्रीतराई, ग्राम कुरूद सहित कई अन्य गांवों में आयोजित जगराता और झांकी कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इन कार्यक्रमों में शामिल होकर उन्होंने स्थानीय लोगों से संवाद किया और क्षेत्र की समृद्धि एवं विकास के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। तिवारी के इस सक्रिय दौरे से क्षेत्र में उनकी लोकप्रियता और जुड़ाव को और मजबूती मिली है। बेमेतरा जिले में योगेश तिवारी का ग्रामीणों के बीच काफी लोकप्रियता है। वे लगातार ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करते रहते हैं और लोगों की समस्याओं को सुनते हैं। इन कार्यक्रमों में मंशीज शर्मा, रितेश सिन्हा, संजीव साहू, आयुष जैन, गीतेश ताम्रकार, तेजस सुराना, हर्षद सुराना, छगनलाल सिन्हा, महेश साहू, ललित कोचर, महेंद्र भट्टर, वेदप्रकाश चौहान, अजय जैन ब्रिजेश शर्मा, बच्चन साहू, दाऊराम यादव, जयकिशोर वैष्णव, टिकुराम साहू, नागेश्वर धीवर, युवराज साहू, नीलकंठ साहू, विकाश यादव, रामरतन साहू, प्रहलाद यादव, विक्रम यादव, टेकराम सिन्हा, अशोक पटेल, मनहरण पटेल, अवध पटेल, माखन पटेल, रामप्रकाश पटेल, मनोहर यादव, महावीर पटेल, भक्तु साहू, चेतन साहू, गौकरण साहू, अशोक साहू, भोलाराम साहू, उत्तम साहू, टोमन साहू, प्रकाश साहू, बेनीराम साहू, भुनेश्वर साहू, बंकट निषाद, अंशु साहू, रामचरण साहू, दुकालू साहू, प्रकाश साहू, कुमार यादव मालिक निषाद, नेहरू साहू, धनेश्वर साहू, ईशुराम साहू, डागेश्वर वर्मा, विश्राम साहू, दीनदयाल साहू, राजेश पाल, भूलूराम वर्मा, गायत्री वर्मा, भूपेंद्र साहू, कौशल वर्मा, गैंदू निर्मलकर, संतकुमार जांगड़े, नारायण वर्मा, सुरेंद्र यादव, भागवत वर्मा, संतराम निर्मलकर, सुनील देशलहरा, तुकाराम साहू, विश्राम पाल, उभय पाल, दयाराम निषाद, चंद्रावली निषाद, रामसती यादव, धनंजय निषाद, थानशिंग निषाद, दीपक निषाद, विष्णु, मोतीराम निषाद, भुनेश्वर, गुमानु पाल, भुनेश्वर निषाद, मनीदास मानिकपुरी, धनीराम निषाद तथा मोती निषाद उपस्थित रहे।

## आयोजित चैतन्य देवियों की झांकी आकर्षण का केन्द्र बनी

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने किया चैतन्य देवियों की झांकी का उद्घाटन

पायनियर संवाददाता बेमेतर
www.dailypioneer.com



नवरात्रि पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बेमेतरा द्वारा चैतन्य देवियों की झांकी में चतुर्थी तिथि को डायरेक्टर समाधान कॉलेज भ्राता अवधेश पटेल, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू के पिताजी भरत साहू, पंचमी तिथि को सभी प्रसिद्ध अधिवक्तागण अनंतराम गोवर्धन, विवेक पोल, ब्रजमोहन शर्मा, प्रभात शर्मा, रमेश त्रिपाठी, भूतपूर्व विधायक आशीष छाबड़ा की पत्नि अमृत छाबड़ा एवं षष्ठी तिथि को डॉ. चेतना मिश्रा, डॉ. मनु मिश्रा, डॉ. सादिक कुरैशी, डॉ. हिरेन्द्र चंद्रवंशी के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन किया गया। बेमेतरा में चैत्र नवरात्रि पर ब्रह्मा कुमारीज द्वारा श्रद्धालुओं को चैतन्य देवी झांकी के दर्शन कराए गए। श्रद्धालुओं को नवरात्रि और इसका अर्थ बोध बताते हुए बेमेतरा सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी शशि बहन जी ने कहा कि इस त्योहार में अखंड ज्योति का अत्यंत महत्व है और भारतवासी लगातार नौ दिनों तक (नवरात्रि में) विभिन्न शक्तियों की पूजा करते हैं। इन शक्तियों के 108 नामों का गायन है जिनमें से कुछ प्रसिद्ध नाम श्री सरस्वती, ब्राह्मी (ब्रह्मा की ज्ञान पुत्री) आदि देवी, जगदंबा, शीतला, दुर्गा आदि हैं। नवरात्रि उत्सव के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारीज बेमेतरा द्वारा आयोजित चैतन्य देवियों की झांकी आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। जिसमें हर दिन की झांकी में कुछ न कुछ नवीनता होती है। नवरात्रि में शाम 6 से रात 9.30 बजे तक देवी माँ लक्ष्मी, माँ सरस्वती, माँ दुर्गा, माँ कलिका, माँ सरस्वती आदि चैतन्य देवियों का दर्शन भक्त कर रहे हैं। इसमें विशेष नवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य भी बताया जा रहा है। झांकियों में विशेष आकर्षण का केंद्र माहिषासुर वध दिखाया गया है। 400 मूर्तियों से सुसज्जित चित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई है, जिसमें मनुष्य आत्माओं के चरित्र उत्थान से श्रेष्ठ समाज की पुनर्स्थापना कैसे हो, राजयोग एवं आध्यात्मिक ज्ञान द्वारा कैसे जीवन को खुशियों से भरे और तनाव मुक्त जीवन जिये इस पर प्रकाश डाला गया है। प्रदर्शनी में प्रवेश निःशुल्क है। बेमेतरा सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्मकुमारी शशि बहन जी ने चैतन्य नवदुर्गा झांकी एवं राजयोग चित्र प्रदर्शनी का लाभ लेने का आह्वान किया है, साथ ही साथ इस भव्य झांकी का मुख्य उद्देश्य राजयोग से जीवन में एकाग्रता, कर्म इन्द्रियों पर अनुशासन व मानसिक सुख - शान्ति प्राप्त करने के सहज साधन को बताना है। चैतन्य देवियों की झांकी की इन्हीं नवीनता, आकर्षक दृश्य हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। जो कि प्रतिदिन श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भारी भीड़ उमड़ रही है। सभी अतिथियों ने झांकी का अवलोकन कर सभी शहरवासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। झांकी उद्घाटन में नगरवासियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। विशेष : इस अवसर पर दिनांक 13 अक्टूबर से 7 दिवसीय निःशुल्क अलविदा तनाव जिसका समय प्रातः 7:30 से 8:30 अथवा प्रातः 8:30 से 9:30 बजे तक एवं शाम 6 से 7 अथवा रात्रि 8 से 9 बजे तक ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र बेमेतरा में राजयोग शिविर का आयोजन किया जायेगा।

# आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए दावा-आपत्ति 16 अक्टूर तक

**जशपुरनगर।** एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना दुलदुला के द्वारा 43 आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। मूल्यांकन समिति द्वारा आंगनबाड़ी सहायिका का प्रावधिक मूल्यांकन कर अनंतिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन 09 अक्टूबर 2024 को कर दिया गया है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)**

क्रमांक/लो.क.वि./2024/1196 रिसाली दिनाँक 10/10/24

**// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //**

नगर पालिक निगम रिसाली कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2024-25 प्लेसमेंट श्रमिक प्रदाय कार्य हेतु लागत राशि रू. 301.04 लाख की प्लेसमेंट एजेंसी / एन.जी.ओ./ स्व. सहायता समूह से प्रपत्र 'अ' में प्रतिशत दर पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका ई-निविदा क्रं. 159605 तथा निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 29.10.2024 है।

उपरोक्त ई-निविदा की नियम शर्तें, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम,
रिसाली

**न्यायालय तहसीलदार पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.202410100900009 अ/6
वर्ष 2023-24

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम पाहंदा प.ह.नं. 02 तहसील पाटन, जिला-दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ किया जाता है कि आवेदक रामानंद पिता छबिलाल निवासी ग्राम रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम पाहंदा प.ह.न. 02 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 110/1, 42/1, 61/1 रकबा 0.18, 0.29, 0.11 हे. में दर्ज भूमिस्वामी चम्पाबाई पति छबिलाल का दिनांक 27.12.2017 को मृत्यु होने से उसके नाम विलोपित कर उनके वैध वारिसानों के नाम फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक रामानंद पिता छबिलाल निवासी ग्राम रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा दर्शित भूमि आवेदक के नाम फौती नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 24.10.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01.10.2024 को जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
पाटन

# कलेक्टर की अनूठी पहल, दीपावली में रौशन होंगे पीएम आवास, जलाए जाएंगे मिटटी के 5 दिये

## हितग्राहियों के परिवार के सदस्य की भूमिका में नजर आएगा प्रशासन
## छत्तीसगढ़ में बालोद जिले से हो रही इस सराहनीय पहल की शुरुआत

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



गरीबों को अब पक्का मकान मिलने लगा है। उनके सपने सच होने लगे है। ग्रामीण गृह प्रवेश के माध्यम से अपने आशियाने को खुशियों की चाबी से खोल सपने को हकीकत बनता देख रहे है। जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न तरह के कार्यक्रमों को आयोजित कर आवासों की चाबी हितग्राहियों को भेंटकर गृह प्रवेश करवाया जा रहा है। इतना ही नही निर्मित आवास के सामने प्रवेश के दौरान रंगोली भी बनाई जा रही है। साथ ही नए स्वीकृत आवासों पर दीप प्रज्वलन कर भूमिपूजन का कार्य किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे इस तरह के सराहनीय कार्यों से हितग्राही मोटिवेट हो रहे है। जिला प्रशासन हितग्राहियों को हर संभव मदद करने का भरोसा दिला रहा है। अब इसी कड़ी में जिला प्रशासन अनूठी पहल की शुरुआत करने जा रहा है। प्रशासन हितग्राहियों के परिवार के सदस्य की भूमिका में नजर आने वाला है। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशन और जिला पंचायत सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे के मार्गदर्शन में इस दीपावली हितग्राहियों के घरो को दिए से जलाकर रौशन करेगा। नवनिर्मित आवासों और निर्माणाधीन आवासों में जिला प्रशासन मिट्टी के 5 दिए जलाएगी। हितग्राहियों को जिला प्रशासन एक परिवार के सदस्य की तरह महसूस कराएगा। आपको बता दे कि यह अनूठी पहल की शुरुआत प्रदेश में बालोद जिले से की जा रही है।

### गाँव गाँव किया जा रहा आवास मेला का आयोजन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी में शामिल एक प्रमुख वादा प्रधानमंत्री आवास योजना का भी है। जिसको साकार करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार तेजी से इस अहम योजना का क्रियान्वयन कर रही है। और इस अहम योजना के बेहतर क्रियान्वयन की जिम्मेदारी जिला प्रशासन बखूबी तौर पर निभा रहा है। गांव गांव और ब्लॉक स्तर पर आवास मेला का आयोजन कर प्रशासन इसे एक त्यौहार के रूप में मना रहा है। आयोजनों में हितग्राहियों को नवनिर्मित आवासों की चाबी और पूर्णता प्रमाण सौपा जा रहा है। नए स्वीकृत हुए आवासों के हितग्राहियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र भेंट किया जा रहा है। पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया जा रहा है और डेमो चेक प्रदान किया जा रहा है, तथा प्रथम किश्त की राशि एफटीओ के माध्यम से सीधे राशि खाते में अंतरित की जा रही है।

### 770 आवास निर्माणाधीन

गौरतलब हो कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत जिले को वर्ष 2016-23 तक कुल 32 हजार 394 आवासो का लक्ष्य आबंटित है, जिसके विरूद्ध में 30 हजार 737 यानि कि 95 प्रतिशत आवास शत-प्रतिशत पूर्ण है तथा शेष 1 हजार 657 आवासो में से 888 आवास विभिन्न कारणो से निरस्त किया जाना है, तदुपरांत शेष 770 आवास निर्माणाधीन है जिन्हे 15 अक्टूबर 2024 तक शत-प्रतिशत पूर्ण करने की बात विभाग के द्वारा कही जा रही है। बता दे कि योजनान्तर्गत वितीय वर्ष 2024-25 में जिले को 13 हजार 779 (स्थाई प्रतिक्षा सूची में शेष 11179+2600 आवास प्लस) का लक्ष्य आबंटित है, जिसके विरूद्ध में बुधवार तक कुल 8 हजार 679 आवासो को स्वीकृत किया जाकर 7 हजार 854 हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि संबंधितो के खाते में अंतरित किया जा चुका है तथा शेष हितग्राहियों को स्वीकृति एवं प्रथम किश्त की राशि प्रदान किया जा रहा है।

'जिला प्रशासन के द्वारा आवास हितग्राहियों को त्योहार मेला का आयोजन कर उनके घरों की चाबी सौंपी जा रही है, जिससे उन आवास हितग्राहियों के चेहरों पर खुशी नजर आ रही है, दीपावली भी अभी कुछ दिनों के बाद है, अब ऐसे में जिला प्रशासन नवनिर्माण आवास के हितग्राहियों तथा निर्माणाधीन आवासों के सामने मिट्टी के 5 दिए जलाएगा और दीपावली में हितग्राहियों के साथ शामिल होगा।

**डॉ. संजय कन्नौजे,**
**सीईओ, जिला पंचायत**

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार 421 अभियंताओं को मिला वर्षों बाद समयमान वेतनमान

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने आज 421 अभियंताओं को उनके दीर्घकालीन सेवा योगदान का सम्मान करते हुए समयमान वेतन का लाभ प्रदान करने का आदेश जारी किया है। इस आदेश के अंतर्गत 25 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले 32 अभियंता, 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले 388 अभियंता, और 08 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले 01 अभियंता शामिल हैं। इन अभियंताओं में उप अभियंता, सहायक अभियंता, कार्यपालन अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि यह प्रकरण पिछले 4-5 वर्षों से लंबित था और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशों के परिणामस्वरूप अब जाकर इन अभियंताओं को समयमान वेतन का लाभ मिल रहा है। ज्ञात हो कि अभियंताओं द्वारा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया था उपमुख्यमंत्री ने अभियंताओं को आस्वाशन दिया था कि उनकी समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री शर्मा के निर्देशानुसार अभियंताओं को समयमान वेतन का लाभ दिया है जो पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में वर्षों से सेवा करते आ रहे हैं और प्रदेश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

## महाराष्ट्र–झारखण्ड चुनाव में लगी छत्तीसगढ़ के 21 आईएएस अधिकारियों की ड्यूटी

**रायपुर।** चुनाव आयोग अगले सप्ताह महाराष्ट्र और झारखंड के लिए चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा कर सकता है। इस बीच चुनाव आयोग ने छत्तीगसढ़ के 21 आईएएस अफसरों को चुनाव ड्यूटी के लिए बुलावा भेजा है। इनमें 6 महिला आईएएस भी शामिल हैं। चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनाव ड्यूटी के लिए छत्तीसगढ़ के 21 आईएएस अफसरों का नाम फाइनल किया है। आयोग ने इन अफसरों की सूची राज्य सरकार को भेज दी है और चुनाव ड्यूटी वाले सभी अफसरों को 16 अक्टूबर को विज्ञान भवन में रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है। 16 अक्टूबर को विज्ञान भवन में अफसरों की ट्रेनिंग होगी।

## उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सुप्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने आज यहां जारी अपने शोक संदेश में कहा है कि भारत ने रतन टाटा के रूप में एक महान सपूत खो दिया। उनके निधन का दुःखद समाचार मन को झकझोर देने वाला है। देश ने अपना एक अनमोल रत्न खो दिया है। उप मुख्यमंत्री साव ने रतन टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भारत की औद्योगिक प्रगति और सामाजिक विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। अपने परोपकारी और नवाचारी नजरिए से उन्होंने उद्योग जगत में खास मुकाम हासिल किया था। उन्होंने टाटा ट्रस्ट के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा और ग्रामीण विकास के अपने कार्यों से औद्योगिक क्षेत्र से इतर समाज के सभी वर्गों के बीच प्रतिष्ठा अर्जित की थी।

## नेशनल गोल्फ आयोजन से छत्तीसगढ़ के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा : मुख्य सचिव अमिताभ जैन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com






मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने नवा रायपुर के मेफेयर स्थित गोल्फ कोर्ट में गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजित नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप प्री-लांच का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव जैन ने कहा कि नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ की टीम का भी चयन किया जाएगा। इससे अन्य खेलों के साथ गोल्फ खेल के लिए लोगों में रूचि बढ़ेगी। नेशनल गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा नवा रायपुर में 24 से 26 अक्टूबर के बीच नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप 2024 का आयोजन किया रहा है। इस आयोजन में देश के 20 राज्यों की टीमें हिस्सा लेंगी। प्रत्येक टीम में 6 खिलाड़ी होंगे। आयोजन में छत्तीसगढ़ सरकार की भी सहभागिता होगी। मुख्य सचिव ने कहा कि एक स्वस्थ मन के लिए स्वस्थ शरीर का होना आवश्यक है। इसके लिए सभी को किसी न किसी खेल में हिस्सा लेना जरूरी है। नवा रायपुर पर्यटन के रूप में भी विकसित हो रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के पर्यटन को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही यहां की हरियाली को भी प्रमोट किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने बादाम के पौधे का वृक्षारोपण भी किया। नेशनल गोल्फ फेडरेशन के संस्थापक एवं महासचिव आर्यवीर आर्या ने इस आयोजन के संबंध में कहा कि गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया (जीएफआई) खेल, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और विजन भारत 2047 के लिए काम करने प्रतिबद्ध है। स्टार्टअप और राज्य पर्यटन विभाग छत्तीसगढ़ राज्य को बढ़ावा देने के लिए स्थल पर अपने स्टॉल लगा सकते हैं। नवा रायपुर में चैंपियनशिप का आयोजन होने से नवा रायपुर के गोल्फकोर्स को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमोट करने का प्लेटफार्म तैयार होगा। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ को लेकर बना परसेप्शन भी बदलेगा।

### विजेताओं को मिलेंगे पुरस्कार

चैंपियनशिप के लिए पहला पुरस्कार 10 लाख रुपए और वाउचर एवं ट्रॉफी तथा रनरअप पुरस्कार 6 लाख रुपए और वाउचर एवं ट्रॉफी दिया जाएगा। इस आयोजन की शुरुआत कैडी टूर्नामिंट से होगी। इसमें पहला पुरस्कार 1 लाख, दूसरा 60 हजार रुपए, तीसरे के लिए लिए 40 हजार, चौथे के लिए 30 हजार और पांचवे नंबर पर आने वाले को 20 हजार रुपए का पुरस्कार मिलेगा। अन्य पुरस्कारों में विजेता ग्रास को आईफोन 16 प्रो मैक्स, विजेता नेट को आईफोन 16 प्रो दिया जाएगा। आयोजन के पहले दिन 24 अक्टूबर को कैडी टुर्नामिंट, 25 अक्टूबर को प्लांटेशन ड्राइव, 26 अक्टूबर को सुबह 6 बजे सभी टीमों के खिलाड़ी जुटेंगे और 27 अक्टूबर 2024 को समापन समारोह होगा।









सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403